सुप्रभात

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

बजट 2024

रांची, बुधवार
24.07.2024
नगर संस्करण । पेज : 12

khabarmantra.net सावन, कृष्ण पक्ष, तृतीया, संवत् 2081 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 15

# विकसित भारत का बजट

➲ झारखंड, बिहार, बंगाल,ओड़िशा और आंध्र के विकास का विशेष प्रस्ताव

➲ गरीबों, महिलाओं, युवाओं और अन्नदाताओं पर फोकस

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** लोकसभा में मंगलवार को 2024-25 का बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि यह विकसित भारत बजट 2024 है, जिसमें 2047 तक विकसित भारत की परिकल्पना की गयी है। उम्मीद है कि बजट में इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए नीतियों और पहलों की रूपरेखा प्रस्तुत की जायेगी। केंद्रीय बजट 2024 एक महत्त्वपूर्ण घटना है, जो भारत के आर्थिक भविष्य को आकार देगी। बजट में अनुसंधान, टिकाऊ खेती को बढ़ावा देने, तिलहन और दलहन उत्पादन को बढ़ाने और कृषि परिदृश्य में प्रौद्योगिकी को एकीकृत करने के लिए एक व्यापक योजना की रूपरेखा तैयार की गयी है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में नौ सूत्रीय योजना का ऐलान किया है। किसान, युवा, महिला और गरीबों के विकास के लिए अलग-अलग योजनाओं के जरिए बेनिफिट स्कीम लाने का प्रस्ताव है। 6 करोड़ किसानों की जानकारी लैंड रजिस्ट्री पर लायी जायेगी। 5 राज्यों में नये किसान क्रेडिट कार्ड जारी किये जायेंगे। बिहार, झारखंड, बंगाल,ओडिशा और आंध्र के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए विशेष स्कीम का प्रस्ताव है। बजट में शिक्षा, रोजगार और कौशल के लिए 1.48 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान है। बजट में गरीब, किसान और टैक्सपेयर्स सभी के लिए खास ऐलान हैं। नौकरीपेशा वर्ग को इनकम टैक्स में राहत मिली, तो कस्टम ड्यूटी कम होने से सोना-चांदी के सामान सस्ते हुए।



## 9 सूत्री योजनाओं पर फोकस

मोदी सरकार 3.0 का पहला पूर्ण बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि इस बजट में 9 सूत्रीय योजना पर फोकस किया गया है। वित्त मंत्री ने बजट भाषण की शुरूआत में ही गरीबों, महिलाओं और अन्नदाताओं का जिक्र किया। वित्त मंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को पांच साल के लिए बढ़ाया गया, जिससे 80 करोड़ लोगों को लाभ मिलेगा।

नौ सूत्री प्राथमिकताओं में कृषि में उत्पादकता और लचीलापन। रोजगार और कौशल। मानव विकास और रामाजिक न्याय का समावेश। विनिर्माण और सेवा। शहरी विकास। ऊर्जा सुरक्षा। अवसंरचना, नवाचार, अनुसंधान और विकास। अगली पीढ़ी के सुधार।

**मुद्रा योजना के तहत दोगुनी होगी ऋण सीमा**

वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार अगले पांच वर्षों में शीर्ष 500 कंपनियों में एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप के अवसर देने के लिए योजना शुरू करेगी। केंद्र सरकार 100 शहरों में निवेश के लिए तैयार औद्योगिक पार्कों को भी बढ़ावा देगा। सरकार सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) के जरिये औद्योगिक श्रमिकों के लिए छात्रावास की सुविधा भी देगी। सरकार पहले अपतटीय खनन ब्लॉकों की नीलामी शुरू करेगी और विदेशों में संपत्ति हासिल करने के लिए महत्वपूर्ण खनिज मिशन स्थापित करेगी।

### महिलाओं व किसानों पर विशेष ध्यान

वित्त मंत्री ने कहा कि लोगों ने हमारी सरकार को भारत को मजबूत विकास, सर्वांगीण समृद्धि के पथ पर ले जाने का अनूठा अवसर दिया है। जैसा कि अंतरिम बजट में कहा गया है, हमें गरीबों, महिलाओं, युवाओं और किसानों पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है।



## 3 लाख तक की सैलरी पर कोई टैक्स नहीं

**नयी दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को पेश केंद्रीय बजट 2024 में टैक्सपेयर्स को बड़ा तोहफा दिया है। इनकम टैक्स को लेकर बड़ा ऐलान किया है। अब 3 लाख तक की सैलरी पर कोई टैक्स नहीं देना होगा। ओल्ड इनकम टैक्स रिजीम के तहत मौजूदा समय में टैक्सपेयर्स को 2 .5 लाख रुपये तक की इनकम पर कोई टैक्स नहीं देना पड़ता है। न्यू टैक्स रिजीम में स्टैंडर्ड टैक्स डिडक्शन को 50000 रुपये से बढ़ाकर 75000 रुपये कर दिया है। स्टैंडर्ड डिडक्शन की लिमिट 25000 रुपये बढायी गयी है। वित्त मंत्री ने कहा, मैं आयकर अधिनियम 1961 की व्यापक समीक्षा की घोषणा करती हूं। इससे विवाद और मुकदमेबाजी कम होगी। इसे 6 महीने में पूरा करने का प्रस्ताव है। वित्त मंत्री ने ने नयी कर व्यवस्था के तहत मानक कटौती को बढ़ाकर 75,000 रुपये करने की घोषणा की।

## एजुकेशन लोन के ब्याज पर छूट

केंद्रीय बजट 2024-25 में हर साल 25,000 छात्रों की मदद के लिए मॉडल कौशल ऋण योजना में संशोधन का प्रस्ताव है। घरेलू संस्थानों में उच्च शिक्षा के लिए 10 लाख रुपये तक के लोन के लिए ई-वाउचर हर साल 1 लाख छात्रों को सीधे लोन राशि के 3 प्रतिशत की वार्षिक ब्याज छूट के लिये दिये जायेंगे।



### बजट हाई लाइट्स

- 48 लाख करोड़ के इस बजट में लोगों को राहत
- 3 लाख तक की सैलरी पर कोई कर नहीं
- पारिवारिक पेंशन पर कटौती अब 25,000 रुपये
- सोना-चांदी पर सीमा शुल्क घटाकर 6% किया।
- कैंसर मरीजों की 3 और दवाओं से सीमा शुल्क खत्म।
- 'रोजगार प्रोत्साहन' से संबंधित योजनाओं की घोषणा।
- उच्च शिक्षा के लिए 10 लाख तक के ऋण पर ब्याज में मदद।
- राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद का 4.9% आंका गया।
- राजकोषीय घाटे को 4.5% से नीचे पहुंचाने का लक्ष्य।
- युवाओं को 500 टॉप कंपनियों में इंटर्नशिप
- एक करोड़ गरीबों का बनेगा घर ।
- टैक्स कानून में आएगी थोड़ी नरमी।
- टीडीएस के भुगतान में देरी अपराध की श्रेणी से मुक्त
- स्टैंडर्ड डिडक्शन बढ़ाकर 75,000 किया।

**महंगा** लेबोरेट्री कैमिकल्स, सोलर ग्लास, सुपारी, प्लास्टिक प्रोडक्ट, टेलीकॉम इक्विपमेंट

**सस्ता** मोबाइल फोन, कैंसर की दवा, मोबाइल चार्जर, सोना-चांदी, सोलर पैनल, सोलर सेल, एक्सरे मशीन, इलेक्ट्रॉनिक गाड़ी, चमड़े के जूते, पर्स, चप्पल, अमोनियम नाइट्रेट, पीवीसी फ्लेक्स बैनर, प्लास्टिक का सामान, लैदर का सामान, प्लेटिनम।

## विपक्ष बोला- यह कुर्सी बचाओ और कॉपी-पेस्ट बजट

# मिडिल क्लास को ताकत : पीएम मोदी



**नयी दिल्ली।** मंगलवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण लगातार सातवां बजट पेश किया। बजट के साथ ही देश भर में इसे लेकर रिएक्शन भी आने लगे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि यह यह समृद्धि की राह पर ले जाने वाला बजट है। इससे मध्यम वर्ग को ताकत मिलेगी। 10 सालों में 25 करोड़ लोग गरीबी से निकले हैं। नौजवानों को अनगिनत नए अवसर देने वाला बजट है। वहीं विपक्ष और इंडिया ब्लॉक से जुड़े नेताओं ने इसे प्रधानमंत्री सरकार बचाओ योजना का नाम दिया है। राहुल गांधी ने इसे कुर्सी बचाओ और कांग्रेस के मैनिफेस्टो और पिछले सालों के बजट का कॉपी पेस्ट कहा है। वहीं पूर्व वित्त मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेसी नेता पी चिदंबरम ने बजट की सराहना की।

### गरीबों, दलितों, जनजातियों का बजट

पीएम मोदी ने कहा, इस बजट से शिक्षा को नयी स्केल मिलेगी। यह मिडिल क्लास को नई ताकत देने वाला बजट है। यह जनजातीय समाज, दलित को मजबूत करने की योजना से आया है। इससे महिलाओं की आर्थिक साझेदारी सुनिश्चित होगी। बजट में मैन्यूफैक्चरिंग पर भी बल है, इंफ्रास्ट्रक्चर पर भी बल है। रोजगार और स्वरोजगार के अभूतपूर्व अवसर बने हैं। यह हमारी सरकार की पहचान रही है। दुनिया ने पीएलआई स्कीम की सफलता देखी है। इसमें सरकार ने इंटेंसिव स्कीम की घोषणा की है, इससे देश में करोड़ों रोजगार बनेंगे। इसमें पहली नौकरी पाने वाले युवा को पहली तन्ख्वाह हमारी सरकार देगी। इससे गांव के गरीब के मेरे नौजवान बेटे-बेटी देश की टॉप कंपनी में काम करेगी। आज डिफेंस एक्सपोर्ट रिकॉर्ड स्तर पर है। इस बजट में डिफेंस सेक्टर को आत्मनिर्भर बनाने के कई प्रयास किए गए हैं। कृषि क्षेत्र में भारत का आत्म निर्भर बनना समय की मांग है। इसलिए दलहन-तिलहन की मांग बढ़ाने के लिए किसानों की मदद के लिए इंसेंटिव की घोषणा की गयी है। गरीबी खत्म हो। गरीब का सशक्तिकरण हो। इस दिशा में भी आज के बजट में घोषणाएं की गयी। 3 करोड़ नये घर बनाना तय हुआ है।भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बनाने में कैटलिस्ट का काम करेगा।

### चिदंबरम ने कई प्रस्तावों की तारीफ की



कांग्रेस नेता और पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने कांग्रेस के लोकसभा घोषणापत्र 2024 से आइडिया चुराने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, मोदी सरकार ने बजट प्रस्ताव में कई विचार चुराये हैं। इनमें एम्प्लॉयमेंट-लिंक्ड इंसेंटिव (पेज 30), अप्रेंटिसशिप योजना (पेज 11) और एंजेल टैक्स को समाप्त करना (पेज 31) शामिल हैं। चिदंबरम ने बजट 2024 के कई प्रस्तावों की तारीफ की है। उन्होंने एंजेल टैक्स खत्म करने की सराहना की। उन्होंने कहा, 'मुझे यह सुनकर खुशी हुई कि वित्त मंत्री एंजेल टैक्स को समाप्त करेंगी। रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन -एलआई योजना, प्रशिक्षु के लिए भत्ते के साथ प्रशिक्षुता योजना और एंजेल टैक्स के उन्मूलन पर हमारे प्रस्तावों में अंतर्निहित विचारों को वस्तुतः बजट में अपनाया गया है।

### कुर्सी बचाने का बजटः झामुमो

**रांची।** केंद्रीय बजट पर सीएम हेमंत सोरेन ने पत्रकारों के सवाल कहा कि इस संबंध में बताऊंगा थोड़ी और जानकारी और आने दें। श्री सोरेन ने कहा कि राज्यों को 40000 करोड़ रुपये किस हिसाब से दिये जा रहे हैं और उसके बदले में कितना ले रहे हैं यह उन्होंने नहीं बताया है। वहीं उनकी पार्टी झामुमो ने कहा है कि यह आम बजट नहीं बल्कि खास बजट है। इसमें प्रधानमंत्री की कुर्सी बचाने वाली बजट की झलक दिखती है। यह देश का बजट कतई नहीं है। केंद्र की सत्ता अपने स्थिरता के लिए इतनी डरी और सहमी हुई है कि आंध्र और बिहार को विशेष लाभ पहुंचाया है।

### कृषि क्षेत्र में बड़ा ऐलान

दालों और बीजों के उत्पादन को मजबूत करने के लिए एक मिशन शुरू करना। औपचारिक क्षेत्र में नये प्रवेश करने वाले सभी व्यक्तियों को 1 महीने का वेतन प्रदान करना। कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के लिए 1.52 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है साथ ही बजट प्रस्ताव में प्राकृतिक खेती पर जोर है। अगले दो वर्षों में एक करोड़ किसान प्राकृतिक खेती का रुख करेंगे। उत्पादन बढ़ाने के लिए बड़े पैमाने पर सब्जी उत्पादन संकुल को बढ़ावा दिया जायेगा। सरकार 32 कृषि एवं बागवानी फसलों के लिए 109 नए उच्च उपज वाले, जलवायु अनुकूल बीज जारी करेगी। सीतारमण ने कहा कि फरवरी में अंतरिम बजट में घोषित विभिन्न योजनाओं का कार्यान्वयन अब भी जारी है।




## सीएम ने 183 चयनित के बीच बांटा नियुक्ति पत्र, कहा

# नियुक्तियों का सिलसिला जारी रहेगा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि झारखंड में नियुक्तयों का सिलसिला जारी रहेगा। वह मंगलवार को झारखंड मंत्रालय स्थित सभागार में विभिन्न विभागों में चयनित 183 अभ्यर्थियों का नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में में बोल रहे थे। उन्होंने असिस्टेंट टाउन प्लानर, जूनियर इंजीनियर, मोटर वेकिल इंस्पेक्टर, माइनिंग इंस्पेक्टर, जूनियर इंजीनियर, स्ट्रीट लाइट इंस्पेक्टर, पाइपलाइन इंस्पेक्टर पद के अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा। इस अवसर पर सीएम ने कहा कि आज फिर वही सकारात्मक ऊर्जा एवं उत्साह के साथ राज्य के विकास को गति देने के उद्देश्य से विभिन्न विभागों में चयनित 183 नवनियुक्त अभ्यर्थियों को राज्य सरकार की ओर से नियुक्ति पत्र प्रदान किया जा रहा है। साथ ही कहा कि कुछ नियुक्तियां झारखंड लोक सेवा आयोग एवं कुछ नियुक्तियां झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के द्वारा की गयी हैं। उन्होंने कहा, मुझे पूरा विश्वास है कि नवनियुक्त अभ्यर्थी राज्य के सर्वांगीण विकास में एक महत्वपूर्ण कड़ी बनेंगे।

### शहर के विकास पर ध्यान दें

सीएम ने टाउन प्लानर से कहा कि उनका प्रयास होना चाहिए कि शहर का सर्वांगीण विकास कैसे हो। आपकी सूझबूझ और आपके अनुभव के आधार पर राज्य के शहरों को एक नयी दिशा मिलेगी। बेहतर कार्य कर अपनी क्षमता का प्रदर्शन करें। सरकार आपको सम्मानित करेगी। सीएम ने हा कि झारखंड में खनन की गतिविधि अन्य राज्यों से अलग है। राज्य में माइनिंग इंस्पेक्टर की भूमिका महत्वपूर्ण साबित होगी। राज्य के 24 जिला में से आधे से अधिक जिलों में खनन की गतिविधियां होती हैं। खनन कार्य अव्यवस्थित नहीं बल्कि सुव्यवस्थित तरीके से हो, यह हम सभी की नैतिक जिम्मेवारी है।

# दोबारा नहीं होगी नीट-यूजी की परीक्षा

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा, गड़बड़ी के पर्याप्त सबूत नही

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने विवादों से घिरी नीट-यूजी 2024 परीक्षा को रद्द करने और दोबारा परीक्षा कराने की मांग वाली याचिकाओं को मंगलवार को खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि प्रश्नपत्र के व्यवस्थित रूप से लीक होने और अन्य गड़बड़ियों को दर्शाने वाली कोई सामग्री रिकॉर्ड में नहीं है। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और जस्टिस जेबी पारदीवाला एवं न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने केंद्र और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता एवं वरिष्ठ अधिवक्ताओं नरेंद्र हुड्डा, संजय हेगड़े और मैथ्यूज नेदुमपरा सहित विभिन्न वकीलों की दलीलें करीब चार दिनों तक सुनीं। पीठ ने 20 लाख से अधिक छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए फैसले के प्रभावी हिस्से को लिखा और कहा कि विस्तृत फैसला बाद में सुनाया जायेगा। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, यह निष्कर्ष निकालने के लिए कोई सामग्री नहीं है कि नीट-यूजी 2024 परीक्षा के नतीजों में गड़बड़ी हुई है या इसमें प्रणालीगत उल्लंघन है। हालांकि, पीठ ने कहा कि प्रश्नपत्र लीक की घटना हजारीबाग और पटना में हुई थी- यह तथ्य विवाद का विषय नहीं है। एनटीए और केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय पांच मई को आयोजित परीक्षा में प्रश्नपत्र लीक सहित बड़े पैमाने पर कथित गड़बड़ी को लेकर निशाने पर है। एनटीए देश भर के सरकारी और निजी संस्थानों में मेडिकल संबंधी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) आयोजित करती है। पांच मई को 571 शहरों के 4,750 केंद्रों पर 23.33 लाख छात्रों ने नीट-यूजी 2024 परीक्षा दी थी। इनमें 14 विदेशी शहर भी शामिल थे।

### मुख्यमंत्री ने राज्य संपोषित मुड़मा कुष्ठाश्रम परियोजना का उदघाटन किया, कहा

# सभी समुदायों को उनका हक अधिकार दे रही राज्य सरकार

## निर्मल आवास के नाम से जाना जायेगा कुष्ठाश्रम परिसर

### मुख्यमंत्री ने 256 विशेष परिवारों को नि:शुल्क आशियाने की दी सौगात

**खबर मन्त्र ब्यूरो**





**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने मंगलवार को शहरी योजना अंतर्गत राज्य संपोषित रांची के साई सिटी के नजदीक स्थित नवनिर्मित मुड़मा कुष्ठाश्रम परियोजना का विधिवत उदघाटन किया। उन्होंने कहा कि शुभारंभ हो रहे इस परियोजना का लाभ विशेष परिवारों को मिल रहा है। ये आशियाना एक विशेष समूह के लिये बनाया गया है। उन्होंने कहा कि मैं चाहूंगा कि इस परिसर को निर्मल आवास के नाम से जाना जाये।

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार का सदैव प्रयास रहा है कि हर जरूरतमंद व्यक्ति चाहे वे किसी भी वर्ग समुदाय के हों, जिस स्थिति या परिस्थिति में रह रहे हों, उन तक सरकार की आवाज पहुंचे। सरकार द्वारा संचालित जनकल्याण की योजनायें पहुंचे। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार लगातार आमजनों की बात सुनती है। उनके विकास के लिए कार्य भी करती है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आगे भी जनहित के कार्य प्रतिबद्धता के साथ करती रहेगी। उन्होंने कहा कि आज ऐतिहासिक दिन है। राज्य सरकार ने एक बेहतर प्रयास किया है। सैकड़ो लोग आज अपने घर के मालिक बन रहे हैं। वे आज से इस नवनिर्मित आवासों के अंदर पूरे परिवार के साथ रहेंगे। उन्होंने कहा कि आप जैसे विशेष समूह के परिवारों के लिये अलग-अलग जिलों में भी इस तरह की कल्याणकारी योजनायें प्रारंभ की जा रहीं हैं। इस आशा के साथ कि आने वाले समय में आप जैसे लोग जो अपने जीवनयापन के लिए संघर्ष कर रहें हैं, उनके दु:खों को हमारी सरकार कम किया जा सके। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार गरीब, जरूरतमंदों के प्रति जवाबदेह और संवेदनशील है। विपरीत चुनौतियों के बावजूद जनकल्याण के कार्य निरंतर हो रहे हैं और आने वाले दिनों में भी होते रहेंगे। उन्होंने कहा कि पर्यावरण जिस तरह से बदलाव का संकेत दे रहा है। उससे प्रतीत होता है कि आने वाला समय और चुनौतीपूर्ण होगा। उन्होंने अपने आशियाने का चाभी प्राप्त करने वाले सभी लोगों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी।

उन्होंने कहा कि आने वाले समय में इस परिसर में और भी आयाम जोड़ने का प्रयास करेंगे। साथ ही, परिसर को शहर का सबसे सुंदर परिसर बनाने का प्रयास हम सब मिल जुलकर करेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य में उनकी सरकार गठन के चंद दिनों बाद ही वैश्विक महामारी कोरोना संक्रमण ने दस्तक दी। कोविड 19 का नकारात्मक प्रभाव पूरे विश्व में रहा। कोरोना संक्रमण के समय हमारी सरकार ने झारखंडवासियों को सुरक्षित रखने के लिये एक बेहतर मैनेजमेंट का उदाहरण देश के सामने रखा। राज्यवासियों के सहयोग से हमारी सरकार ने किसी भी व्यक्ति को भूखा नहीं सोने दिया।

इस अवसर पर नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री हफीजुल हसन, विधायक नवीन जायसवाल, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, नगर विकास सचिव अरवा राजकमल, आईजी अखिलेश झा, नगर प्रशासक अमित कुमार सहित अन्य वरीय पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में लाभुक परिवारों के सदस्य उपस्थित थे।

## मनरेगा कर्मियों की मांगों पर सीएम के साथ आज होगी वार्ता : डॉ इरफान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** मनरेगा कर्मियों का दूसरा गुट मंगलवार को राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री इरफान अंसारी से प्रोजेक्ट भवन सचिवालय में मिला। प्रतिनिमण्डल की अगुवाई कर रहे झारखंड राज्य अनुबंध कर्मचारी महासंघ के राज्यअध्यक्ष विक्रांत ज्योति ने किया। मनरेगा कर्मियों का नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष महेश सोरेन एवं प्रदेश सचिव डॉ राजेश कुमार दास ने किया। मुलकात के दौरान मंत्री के साथ मनरेगा कर्मियों का वर्ता सफल रहा। द्विपक्षीय वार्ता के क्रम में ग्रामीण विकास मंत्री ने मनरेगा कर्मियों की मांग पत्र पर बिंदुवार समीक्षा करते हुए कहा कि आपसभी कि मांगों को लेकर मैं दिनांक 24 जुलाई को मुख्यमंत्री से बैठक कर आप सभी की सभी मांगो पर समीक्षा करूंगा और जल्द ही जितना बेहतर हो सके उसे अतिशीघ्र पूरा करूंगा। महेश सोरेन ने बताया कि ग्रामीण विकास मंत्री ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि सूचना मिल रही है मेरे द्वारा बोलने के बाद भी कुछ कर्मी मनरेगा के कार्य को आंदोलन के माध्यम से प्रभावित कर रहे है, जिसे मैं कतई बर्दाश्त नहीं कर सकता हूं। ऐसे लोग हमसे दूर रहें और आंदोलन ही करें। बता दे मनरेगा कर्मचारी संघ का एक गुट जॉन बागे के नेतृत्व में हड़ताल पर है। मंत्री स्तरीय वार्ता में मुख्य रूप से मोहम्मद शाहिद अंसारी, गणेश महरा, संतोष मिर्धा,सोमनाथ चौधरी, सहायक अभियंता प्रताप मोहंती,राजेश राउत,अभिषेक रंजन,संजीव बेरा, प्रेम रंजन,सहित अन्य सभी मनरेगाकर्मि उपस्थित थे।

### आम बजट न होकर पूंजीपतियों को लाभ दिलाने वाला है बजट : सीपीआई

**रांची।** सीपीआई के राज्य सचिव महेंद्र पाठक एवम जिला सचिव अजय कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से बयान जारी कर कहा है कि वित्त मंत्री के द्वारा पेश किया गया आम बजट देश के नौजवानों, महिलाओं, किसानों, दलितों और आदिवासियों को धोखा देने वाला है। वह केवल ढपोर शंख घोषणाएं हैं। लोकसभा चुनाव में मिली शिकस्त के कारण और कई राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए बजट में ढपोर शंखी घोषणाएं की गई है। पूरे देश में सबसे ज्यादा टैक्स देने वाले झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार किया गया। देश में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ और किसानों के सम्मान से खिलवाड़ किया गया है।

## लोकसभा चुनाव में मिली हार का बदला केंद्र सरकार ने बजट में झारखंड से लिया : राजेश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश बजट को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने झारखंड के लिए निराशाजनक बताया है। उन्होंने कहा कि झारखंड प्रधानमंत्री मोदी के सौतेलेपन का उदाहरण बनकर रह गया है। झारखंड में लोकसभा चुनाव में मिले हार का बदला भाजपा ने केंद्रीय बजट में चुकाया है।

**राजनीतिक सहयोग की कीमत वाला है बजट :** राजेश ठाकुर ने कहा है कि यह आ>र्यजनक है कि कुल बजट का सिर्फ एक से दो प्रतिशत तक की राशि का प्रावधान पूरे देश में शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में किया गया है और बातें उत्पादकता बढ़ाने की कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी को इस बजट में राजनीतिक सहयोग की कीमत चुकाने की विवशता साफ दिखाई पड़ रही है। अर्थव्यवस्था के विकास का इंजन निजी खपत के रिकॉर्ड सुस्ती पर बजट पूरी तरह मौन है। 2016 से 2022 के बीच में 24 लाख उत्पादक कंपनियां बंद हो चुकी हैं, इनके लिए सिर्फ क्रेडिट गारंटी की बात की गई है, ठोस कुछ भी नहीं किया गया है। बजट में जिस फिजिकल कंसोलिडेशन की बात की गई है, उस लक्ष्य 4.5% को यूपीए की सरकार ने 2014 में ही पा लिया था। राजश ठाकुर ने कहा है कि किसानों को राहत पहुंचाने के लिए सीधे तौर पर बजट में प्रावधान नहीं किया गया है।

### हेमंत ने झारखंड को तुष्टिकरण की आग में झोंक दिया : प्रतुल

**रांची।** भाजपा ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हिंदू- मुस्लिम करने के बयान पर कड़ी आपत्ति किया है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि हेमंत 1, 2 और 3 में तुष्टिकरण का नंगा नाच हुआ। सरकार ने पांच वर्ष में जमकर मुस्लिम तुष्टिकरण का नंगा नाच किया। बहुसंख्यकों की भावना को चोट पहुंचाया। उन्होंने कहा कि इसी सरकार ने सर्वप्रथम हिंदू फल दुकान लिखने पर जमशेदपुर में एक व्यक्ति को जेल भेज दिया था। इसी सरकार के कार्यकाल में एक आईएएस अधिकारी ने कांग्रेस के विधायक को नसीहत देते हुये कहा था कि मैं भी मुसलमान हूं और आप भी मुसलमान की वोट से जीतते हैं। इसलिये थोड़ा तमीज में रहें।

## मतदाता अपना नाम ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में जरूर जांच लें : सीईओ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) के रवि कुमार ने कहा कि 25 जुलाई को मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन होगा। वहीं वोटर लिस्ट का फाइनल प्रकाशन19 अगस्त (मंगलवार) को किया जायेगा। यह जानकारी उन्होंने मंगलवार को धुर्वा स्थित निर्वाचन सदन में प्रेस कांफ्रेंस में दी। उन्होंने कहा कि राज्य में चल रहे मतदाता सूची के द्वितीय विशिष्ट संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 25 जुलाई को होने वाला है। मतदाता सूची के 25 जुलाई को प्रारूप प्रकाशन के अवसर पर सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ के द्वारा नए मतदाता सूची के प्रारूप को प्रदर्शित किया जाएगा। इसके साथ-साथ निर्वाचन आयोग के ऑनलाइन माध्यमों पर भी नए मतदाता सूची उपलब्ध रहेगी। सीईओ ने कहा कि मतदाता इस अवसर पर अपने मतदान केंद्र पर जा कर अपने नाम का मिलान अपने मतदाता सूची से अवश्य कर लें।

**1950 पर एसएमएस भेजकर वोटर लिस्ट में नाम जांच सकते हैं :** सीईओ ने कहा कि मतदाता 25 जुलाई को 1950 पर एसएमएस के माध्यम से भी मतदाता सूची में अपना नाम जांच सकते हैं। इसके लिए अपने नंबर से 1950 पर एउक लिखकर स्पेस देकर अपने एपिक नंबर लिखकर मैसेज करने से आपके मतदाता पहचान पत्र से जुडी सभी जानकारी उपलब्ध हो जाएगी। इसके अलावे वोटर हेल्पलाइन ऐप पर भी अपने एपिक नंबर डालकर मतदाता सूची में अपने नाम जांच सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस ओर आम मतदाताओं के बीच जागरुकता फैलाने के लिए विभाग द्वारा 25 जुलाई को दोपहर 12 बजे से 1 बजे के बीच हैश नाम जांचो सोशल मीडिया अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने सभी मतदाताओं से अपील की है कि 25 जुलाई को 12 से 1 बजे के बीच चलाए जा रहे इस सोशल मीडिया कैंपेन का हिस्सा बनें।

**27 जुलाई से विशेष अभियान :** सीईओ ने बताया की मतदाता सूची में दावा और आपत्ति दाखिल करने की तिथि 25 जुलाई से 9 अगस्त तक है। इस दौरान मतदाता सूची में निबंधन के लिए योग्य नागरिकों से आवेदन प्राप्त किये जायेंगे। साथ ही मतदाता सूची में किसी प्रकार के सुधार संबंधित आवेदन भी उक्त अवधि में प्राप्त किया जा सकेगा। साथ ही चार दिनों तक विशेष अभियान चलाया जायेगा।

- दावा और आपत्ति दाखिल करने की तिथि – 25 जुलाई (गुरुवार) से 9 अगस्त (शुक्रवार) तक।
- विशेष अभियान तिथि – 27 एवं 28 जुलाई और 03 एवं 04 अगस्त (शनिवार और रविवार)।
- दावों और आपत्तियों का निपटारा – 19 अगस्त (सोमवार) तक।
- मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन – 19 अगस्त (मंगलवार) को किया जायेगा।

## रिम्स को सुविधाएं दें, नहीं तो इसे बंद करना ही बेहतर होगा : हाईकोर्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** सरकारी और निजी अस्पतालों में इलाज में लापरवाही से जुड़े एक मामले की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने मंगलवार को फिर मौखिक कहा कि रिम्स में चिकित्सा उपकरण, चिकित्सा सुविधा और आधारभूत संरचना उपलब्ध करायी जाए, अन्यथा इसे बंद कर देना ही बेहतर होगा। इसी अदालत ने 25 दिन पहले भी इसी तरह की टिप्पणी की थी।

जस्टिस आर मुखोपाध्याय और जस्टिस पीके श्रीवास्तव की अदालत ने कहा कि रिम्स में मेडिकल सुविधाओं की कमी, मरीज की देखभाल में लापरवाही अक्सर देखने को मिलती है। रिम्स की व्यवस्था सही नहीं रहने पर लोग निजी अस्पतालों की शरण में जा रहे हैं। रांची शहर में ही कई निजी अस्पताल बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहे हैं। बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहे इन निजी अस्पतालों की संख्या झारखंड में दिनों दिन बढ़ती जा रही है। प्राइवेट अस्पतालों और नर्सिंग होम में हेल्थ केयर की जगह वेल्थ केयर पर ध्यान रखा जाता है। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से शपथ पत्र दाखिल करने का आग्रह किए जाने पर कोर्ट ने मौखिक कहा कि शपथ पत्र में राज्य सरकार की ओर से ऐसी बातें कही जाती है, जिससे लगता है कि अस्पताल स्वीटजरलैंड में है।

अदालत ने सरकार से पिछले पांच वर्षों में झारखंड में क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के तहत रजिस्ट्रेशन नहीं लेने वाले नर्सिंग होम एवं अस्पतालों पर कार्रवाई और इस एक्ट का अनुपालन नहीं करने वालों पर लगे जुमार्ना के संबंध में राज्य सरकार से रिपोर्ट मांगी। कोर्ट ने राज्य सरकार को बताने को कहा है कि क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट का अनुपालन नहीं करने वाले अस्पताल एवं नर्सिंग होम पर कितना जुमार्ना लगाया गया है। मामले की अगली सुनवाई 8 अगस्त को होगी। इस दिन न्याय मित्र की ओर से दिए गए सुझावों पर भी सुनवाई की जाएगी। एक अस्पताल में मरीज की मौत के बाद हंगामा की खबर प्रकाशित होने के बाद हाईकोर्ट स्वतः संज्ञान लेकर मामले की सुनवाई कर रहा है।

## एक दर्जन दारोगा रिवर्ट होकर फिर सिपाही बने हाइकोर्ट ने दिखाई सख्ती तो सरकार ने लिया एक्शन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

रांची। आउट ऑफ टर्न प्रमोशन बनाकर दारोगा के पद प्रमोट हुए एक दर्जन अफसरों को फिर से सिपाही बना दिया है। यह कार्रवाई हाईकोर्ट के निर्देश पर की गई है। डीजीपी के आदेश पर डीआईजी कार्मिक ने इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया है। तत्कालीन सिमडेगा जिलाबल के पुलिसकर्मी बांसजोर ओपी में तैनात थे। एसआई से सिपाही में डिमोट पुलिसकर्मी में धनंजय कुमार सिंह, सुखराम नाग, संजय कुमार शर्मा (वर्तमान बोकारो जिलाबल), रामाकान्त राय (वर्तमान पलामू जिलाबल) विशु उरांव, उपेन्द्र कुमार राय (वर्तमान सरायकेला जिलाबल) मारवाड़ी उरांव, योध्या उरांव (वर्तमान देवघर जिलाबल), सलन पॉल केरकेटा (वर्तमान धनबाद जिलाबल) महेश्वर महतो (वर्तमान रामगढ़ जिलाबल), भुतनाथ सिंह मुण्डा (वर्तमान चाईबासा जिलाबल) मो अबरार (वर्तमान हजारीबाग जिलाबल) और इंस्पेक्टर अमरनाथ-2 (मृत) को एसआई में डिमोट किया गया है। बता दे कि सिमडेगा के बांसजोर ओपी पर 1-2 जनवरी 2008 की रात उग्रवादियों ने हमला कर दिया था। इस हमले में पुलिसकर्मियों ने अदम्य साहस का परिचय दिया था। सिमडेगा के तत्कालीन एसपी ने आउट ऑफ टर्न प्रमोशन अनुशंसा किया था। इसके बाद इनलोगों को प्रमोशन से एसआई बनाया गया था।

**हाईकोर्ट के सख्त रुख पर सरकार ने लिया निर्णय :** जानकारी के मुताबिक सिमडेगा जिलाबल के तत्कालीन पुलिसकर्मी अरुण कुमार ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। जिसमें बताया गया था कि प्रमोशन के वक्त इन्हे दरकिनार कर दिया गया। प्रोन्नति समेत अन्य मामले को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर किया था। हाईकोर्ट ने 16 दिसंबर 2022 को पुलिसकर्मी के पक्ष में आदेश दिया। आदेश को लेकर अवमाननावाद (सिविल) (संख्या-471/2023) दायर किया गया। 16 जनवरी 2024 को हाईकोर्ट आदेश जारी किया। इसके बाद गृह विभाग ने कार्रवाई का निर्देश दिया। पुलिस मुख्यालय कार्रवाई करते हुए इनलोगों को रिवर्ट कर आदेश जारी कर दिया।

## खबर एक नजर में

### संभावनाओं के नये द्वार खोलेगा यह बजट : संजय सेठ



**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि आम बजट विकसित भारत की प्रतिबद्धता को पूर्ण करने की दिशा में ऐतिहासिक है। उन्होंने कहा कि इस बजट में मध्यवर्गीय, किसान, महिलायें और युवाओं को सशक्त बनाते हुये संभावनाओं के नये द्वार खोलेगा। बजट में किसान, मध्य वर्ग एऔर युवाओं को बजट में बड़ी सौगात दी गई है। कृषि क्षेत्र में 1.52 लाख करोड रुपये दिये गये हैं। युवाओं के लिये रोजगार व कौशल प्रशिक्षण से जुड़ी पांच योजनाओं के लिए दो लाख करोड आवंटित किये गये हैं। 500 बड़ी कंपनियां में एक करोड़ युवाओं को इंटरशिप के अवसर प्रदान किये जायेंगे। वहीं एक करोड़ छात्रों को 5000 मासिक भत्ता दिया जायेगा। हायर एजुकेशन के लिये 10 लाख तक लोन, कैंसर मरीजों को राहत देते हुये तीन दवाओं पर सीमा शुल्क पूरी तरह हटाने का प्रस्ताव है। देश के चौमुखी विकास को ध्यान में रखते हुये प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत 25000 ग्राम वासियों बस्तियों को मौसम के अनुकूल सड़क उपलब्ध कराना हो, आदिवासी समाज की समृद्धि मोदी की गारंटी है।

### विकासोन्मुख एयुवा केंद्रित सर्व समावेशी बजट : मरांडी



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मोदी सरकार 3.0के पहले बजट की सराहना करते हुये वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को बधाई एवम शुभकामनायें दी है। उन्होंने कहा कि यह बजट सर्व समावेशी, युवा केंद्रित और विकासोन्मुख बजट है। उन्होंने कहा कि यह बजट विकसित भारत के संकल्पों को साकार करने वाला बजट है। यह बजट 140 करोड़ देशवासियों की आशा एवं आकांक्षाओं के अनुरूप समाज के सभी वर्गों के सर्वांगीण विकास को भी गतिशीलता प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि युवाओं केलिये यह बजट सुनहरा अवसर लेकर आया है। स्किल डेवलपमेंट के साथ साथ 5 वर्षों में 4 करोड़ रोजगार की व्यवस्था देश के विकास में युवाओं की भूमिका को सुनि>ित करेगा। साथ ही, पूर्वोत्तर को विकास केंद्रित क्षेत्र जिसमें बिहार, झारखंड, उड़ीसा, प>िम बंगाल, आंध्र प्रदेश, असम प्रदेश शामिल हैं। पूर्वोत्तर के विकास को सुनि>ित कर भारत में नया सवेरा लाने की दिशा में मोदी सरकार कार्य कर रही है।

### विकसित भारत के भविष्य निर्माण का बजट: अर्जुन मुंडा



**रांची।** पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा है कि यह बजट विकसित भारत के चार स्तंभ युवा, गरीब, महिला, किसान सभी के सशक्तिकरण के लिए समर्पित है। यह बजट विकसित भारत के भविष्य निर्माण का बजट है। आदिवासियों की आर्थिक सामाजिक स्थिति में सुधार लाने के लिये जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान की शुरूआत करने की घोषणा की है। 11 लाख करोड़ रुपये से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण की शुरूआत की जायेगी। इसके तहत 25,000 ग्रामीण बस्तियों को सभी मौसमों के अनुकूल सड़कें उपलब्ध कराई जायेगी।

### आम बजट विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करेगा : सुदेश



**रांची।** आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि आम बजट 2024–25 विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कड़ी साबित होगा। बजट इंफ्रास्ट्र^ र को मजबूत करने के साथ ही गांव, गरीब, किसान, युवा, उद्यमियों के आर्थिक व सामाजिक विकास की परिकल्पना को पूरा करेगा। यह बजट राष्ट्र समेत सभी राज्यों के समावेशी विकास को भी बल प्रदान करेगा। इस जनकल्याणकारी और जनहितकारी बजट के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का हार्दिक अभिनंदन है।

### समग्र विकास केलिए परिवर्तनकारी पहल : अमर बाउरी



**रांची।** नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने बजट की सराहना करते हुये कहा कि झारखंड के हिस्से में कई योजनाओं की सौगात मिली है। बिहार, झारखंड, प>िम बंगाल, ओडिशा और आंध्र प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिये पूर्वोदय योजना ला रही है। इसके अंतर्गत इन्फ्रास्ट्र^ र डेवलपमेंट के लिये विशेष स्कीम है। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में सरकार औद्योगिक गलियारे का भरपूर हर तरीके से समर्थन व सहयोग करेगी। उन्होंने कहा कि झारखंड के आदिवासी बहुल गांव होंगे लाभान्वित। आदिवासियों की सामाजिक आर्थिक स्थिति में सुधार के लिये प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान शुरू होगा। योजना आदिवासी बहुल गांवों, आकांक्षी जिलों में आदिवासी परिवारों के लिये संतृप्ति कवरेज को अपनायेगी। इससे 63,000 गांवों को कवर किया जायेगा। इससे 5 करोड़ आदिवासी लोगों को लाभ होगा। बिजली बिल आपका शून्य हो, इस तरफ आगे बढ़ी केंद्र सरकार बढ़ चुकी है। देश के 1 करोड़ घरों के लिये छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने को प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना शुरू की गई। उन्होंने कहा कि झारखंड समेत देश के युवाओं के लिए ऐतिहासिक फैसला मोदी सरकार 5 वर्षों में 500 शीर्ष कंपनियों में 1 करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करेगी। योजना में भाग लेने वालों को 5000 रुपये का मासिक भत्ता मिलेगा।

### बजट में देश के समग्र विकास की सोच :डॉ. लंबोदर महतो



रांची। आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव व गोमिया विधायक डॉ. लंबोदर महतो ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में पेश किए गए आम बजट का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि यह बजट विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने व देश को मजबूत बनाने वाला है। साथ ही देश के सर्वांगीण विकास के मार्ग को भी प्रशस्त करने वाला है। बजट में देश के समग्र विकास की सोच है। यह बजट आधारभूत संरचना जहां मजबूत करेगा वहीं नियोजन में भी वृद्धि करेगी। बजट में आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य की प्राप्ति के साथ-साथ गांव के लोगों को बेहतर सुविधा मिले, इसको लेकर भी कारगर प्रयास किए गए हैं। मध्यम वर्गों के हितों का ध्यान रखा गया है। शिक्षा, रोजगार व स्वरोजगार, किसान, युवा, महिला बजट में सबों का ध्यान रखा गया है।

### सबके विश्वास और हित का है बजट : चंद्रप्रकाश



**रांची।** आजसू पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष व गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में वित्तीय वर्ष 2024– 25 के लिए पेश किए गए आम बजट को सबों के हित में बताया है। उन्होंने कहा कि इस बजट में हर वर्ग ध्यान रखा गया है। शिक्षा व रोजगार पर फोकस किया गया है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने को लेकर जरूरी कदम उठाए गए हैं। डेयरी विकास व कृषि विकास के साथ साथ युवाओं के बेहतर जीवन को लेकर जरूरी कदम उठाए गएहैं। एजुकेशन लोन की भी सीमा बढ़ाई गई है। देश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ व मजबूत करने वाला बजट है। विकास को रफ्तार देने वाला है। बजट देश के हर नागरिक के जीवन शैली व देश की अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करने वाला है।

### कल्याणकारी बजट है : सीपी सिंह



**रांची।** भाजपा मुख्यालय में आर्थिक प्रकोष्ठ द्वारा विभिन्न क्षेत्र के विशेषज्ञों के साथ बजट भाषण को सुना गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सीपी सिंह शामिल हुये। श्री सिंह ने कहा कि यह बजट कल्याणकारी है। इसमे सबका साथ और सबका विकास पर जोर दिया गया है। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर के राज्यों को तेजी के साथ विकास की योजनाओं से जोड़ना मोदी सरकार की प्राथमिकता में है। आर्थिक प्रकोष्ठ के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम को कोषाध्यक्ष दीपक बंका, प्रदेश संयोजक जेपी शर्मा सहित सीए राजकुमार, सरला बिरला विश्व विद्यालय के डॉ संदीप, डॉ गौतम, डॉ यश गर्ग, चिकित्सा प्रकोष्ठ की डॉ तान्या एवं अन्य ने संबोधित किया। सभी विशेषज्ञों ने बजट की सराहना करते हुये इसे लोक कल्याणकारी विकासोन्मुख बताया। इस अवसर पर शिवपूजन पाठक, प्रतुल शाह देव,अविनेश कुमार सिंह, सीएस प्रदीप जालुका आदि उपस्थित थे।

## विकसित भारत बनाने का बजट : किशोर मंत्री



**रांची।** केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा सदन में पेश आम बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए झारखंड चैंबर के अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा है कि आम बजट गरीब, मध्यम वर्गीय, महिला और युवाओं पर केंद्रित वर्ष 2047 तक देश को विकसित भारत बनाने का बजट है। बजट में सरकार ने सबका ख्याल रखने की सफल कोशिश की है। 1 करोड युवाओं को 500 बडी कंपनियों में इंटर्नशीप से जोडने से युवा शक्ति का सदुपयोग होगा। स्टार्टअप, एमएसएमई के प्रोत्साहन के साथ ही मुद्रा लोन की राशि बढाना स्वागतयोग्य है।
किशोर मंत्री ने बजट में झारखण्ड में माईंस, मिनरल्स की प्रचुरता को देखते हुए इससे जुडी इकाइयों का जाल बिछे, इसपर फोकस नहीं किया गया है। स्वास्थ्य और शिक्षा के सेक्टर में विषेष योजनाएं नहीं लाई गई हैं, जो होना चाहिए था। एक साथ तीन राज्य अलग हुए और हम पीछे रह गये। केंद्र सरकार की भी जिम्मेवारी बनती है कि हमें भी आगे ले जाने का प्रयास करे। सोलर एनर्जी पर सकारात्मक निर्णय लिया गया है। इससे बिजली पर निर्भरता कम होगी। झारखण्ड में टूरिज्म डेवलपमेंट की अपार संभावनाएं हैं, कई विख्यात धार्मिक स्थल हैं जिसपर केंद्र सरकार ने फोकस नहीं किया है, जिसकी हमें अपेक्षा थी। पेट्रोलियम पदार्थों को जीएसटी के दायरे में लाना आवश्यक था, इसका भी बजट में उल्लेख नहीं है।

## हताशा भरा बजट : आदिल जहीर

**रांची।** झारखंड राज्य कर्मचारी महासंघ के राज्य अध्यक्ष आदिल जहीर ने केंद्र सरकार के आम बजट को मेहनतकशो, कामगारों, किसानों एवं मजदूर के साथ छलावा बताया और मध्यवर्गीय के लिए हताशा भरा बजट बताया ।

### वीडियो कांफ्रेंसिंग कर हेमंत सोरेन ने कार्यकर्ताओं से कहा

# कार्यकर्ता संगठन को करें मजबूत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झामुमो के कोल्हान प्रमंडल के पूर्वी सिंहभूम, प‌्रिम सिंहभूम एवं सरायकेला-खरसावां जिला के पंचायत स्तरीय कार्यकताओं की बैठक रांची के हरमू स्थित सोहराई भवन के सभागार में मंगलवार को संपन्न हुई। बैठक में वर्तमान राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे लोक कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार तथा सांगठनिक रूप से युद्ध स्तर पर कार्यक्रमों को आयोजित कर योजनाओं का लाभ राज्य के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य सुनि‌्रित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से मुख्यमंत्री और पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन कार्यकर्ताओं को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित किया तथा कार्यकर्ताओं में उत्साह तथा ऊर्जा भर दी। कार्यक्रम में गांडेय विधानसभा की विधायक कल्पना सोरेन सभी कार्यकताओं को योजनाओं की जानकारी के साथ-साथ संगठन को मजबूत करने का आ‌ह्वान किया। बैठक में पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने बैठक में आए कार्यकताओं के मन में राज्य की लोक कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में उठ रहे जिज्ञासा शांत किया तथा संगठन की मजबूती के लिए बूथ स्तर पर कार्यक्रम करने की बात कही।




बैठक में कोल्हान प्रमंडल के पूर्वी सिंहभूम, प‌्रिम सिंहभूम एवं सरायकेला-खरसावां जिला के जिला समिति के सभी पदाधिकारी, वर्ग संगठनों के अध्यक्ष एवं सचिव, नगर/महानगर समिति के पदाधिकारी, प्रखंड समिति के पदाधिकारी तथा पंचायत समिति के अध्यक्ष तथा सचिव शामिल हुए।

## संतुलित और विकासोन्मुख बजट है : दीपक प्रकाश



**रांची।** राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने आम बजट को पूरी तरह से संतुलित एवं विकासोन्मुख बताया। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री ने अपने बजट में समाज के सभी वर्गों को कुछ न कुछ देने का काम की है। इस बार का बजट का फोकस चार चीजों पर है। इनमें गरीब, महिला, युवा और किसान प्रमुख हैं। जबकि बजट का थीम रोजगार, स्किलिंग, मिडल क्लास पर केंद्रित हैं। इस बजट में युवाओं को काफी सौगात मिली हैं। इस बजट में झारखंड़ के पड़ोसी राज्य बिहार को अलग अलग योजनाओं को मिलाकर 41 हजार करोड़ रुपये की सौगात दी गयी है। इन योजनाओं से बिहार में विकास को गति मिलेगी।

## बजट से जरूरतवाले क्षेत्रों में विकास पहुंचाने की कोशिशः हरिश्वर दयाल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** आम बजट पर झारखंड के प्रमुख अर्थशास्त्री हरिश्वर दयाल ने कहा कि जैसा कि बजट पेश करते हुए वित्तमंत्री ने स्पष्ट किया कि बजट किसानों, महिलाओं, युवाओं और गरीबों के लिए हैं, तो बजट की घोषणाएं इन वर्ग के आसपास ही नजर आती है। सरकार ने वर्ष 2024-25 के बजट में उन क्षेत्रों में विकास पहुंचाने की कोशिश की है, जहां इसकी ज्यादा जरूरत है। हरिश्वर दयाल ने कहा कि सरकार ने इस बार रोजगार पर बहुत ध्यान दिया है और रोजगार सृजन के प्रयास के लिए फंड आवंटित भी किया है। युवाओं को रोजगार मिले इसके लिए यह बहुत जरूरी है कि उन्हें बेहतर शिक्षा मिले और नौकरी के लिए उन्हें जिस तरह के स्कील की जरूरत हो, वह भी उनके पास हो। इसके लिए सरकार सार्थक प्रयास कर रही है। सरकार ने अगले पांच वर्षों में 20 लाख युवाओं को कौशल प्रदान करने के लिए एक नई केंद्र प्रायोजित योजना की घोषणा की है, साथ ही रोजगार सृजन से जुड़ी योजनाओं के लिए दो लाख करोड़ रुपये का फंड आवंटित किया गया है। उन्होंने कहा शिक्षा के लिए सरकार ने एजुकेशन लोन पर तीन प्रतिशत की रियायत दी है, जो युवाओं के लिए बहुत ही राहत भरी खबर है। मिडिल क्लास को राहत पहुंचाने के लिए सरकार ने नये टैक्स स्लैब की घोषणा की है। कारपोरेट टैक्स में छूट दी है। कस्टम ड्यूटी में रियायत दी है।

**इनकम टैक्स स्लैब में बदलाव–**
0 - 3 लाख रुपये तक - शून्य।
3 से 7 लाख रुपये तक - 5%।
7 से 10 लाख रुपये तक - 10%।
10 से 12 लाख रुपये तक - 15%।
12 से 15 लाख रुपये तक - 20%
और 15 लाख रुपये से ऊपर - 30%।

## हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड ने मंदिरों, मठों, धर्मशाला को दिया 15 दिनों के भीतर रजिस्ट्रेशन कराने का निर्देश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड राज्य हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड ने राज्य के सभी मंदिर, धर्मशाला, मठ, चैरिटेबल ट्रस्ट को रजिस्ट्रेशन कराने को कहा है। इस संबंध में बोर्ड के अध्यक्ष जय शंकर पाठक की ओर से सूचना भी जारी की गयी है। इसमें कहा गया है कि हिन्दू विधि द्वारा मान्यता प्राप्त धार्मिक, पवित्र या चैरिटेबल के लिए विद्यमान या आन्वयिक न्यास धार्मिक न्यास हैं। इसके अंतर्गत मंदिर, मठ, धर्मशाला एवं चैरिटेबल ट्रस्ट हो सकते हैं। ऐसे सभी धार्मिक न्यासों को झारखंड राज्य हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड, रांची से अधिनियम की धारा-34 (हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम 1950) के अंतर्गत पंजीयन कराना कानूनी अनिवार्यता है। ऐसे में झारखंड में अवस्थित मंदिर, मठ, धर्मशाला एवं चेयरमैन ट्रस्ट के




प्रबंधकों को आगामी 15 दिनों के अंदर इन धाराओं का अनुपालन हर हाल में करना अनिवार्य सोगा। इनमें धारा-34 के तहत धार्मिक न्यास का बोर्ड से पंजीकरण कराना शामिल है। धारा-58 के आदेशों, निदेर्शों का पालन, धारा-59 के तहत न्यास का ब्यौरा-विवरण निर्धारित फॉर्मेट में बोर्ड को भेजना, धारा- 60 के तहत न्यास के आगामी वित्त वर्ष के आय-व्यय का बजट विवरण 15 जनवरी तक बोर्ड में दाखिल करना तथा धारा-70 के तहत न्यास के सकल वार्षिक आय में 20% राशि और न्यास द्वारा देय सरकारी कर राशि को घटा कर शेष शुद्ध आय का 5% पर्षद शुल्क बोर्ड कार्यालय में अविलंब जमा करना शामिल है।

**बोर्ड ले सकता है एक्शन :** बोर्ड के मुताबिक, अगले 15 दिनों के भीतर जारी किए गए निदेर्शों का पालन नहीं किए जाने पर चिन्हित धार्मिक न्यासों के प्रबंधकों, व्यवस्थापकों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। 6 महीने से एक साल तक जेल की सजा के अलावा ऐसे न्यास के प्रबंधन समिति को अवक्रमित कर दिया जाएगा। वहां बोर्ड के स्तर से उन धार्मिक न्यासों के उचित प्रबंधन के लिए नयी समिति का गठन कर दिया जाएगा। ऐसे में वांछित डॉक्यूमेंट्स के साथ रजिस्ट्रेशन और अन्य कार्यों की प्रक्रिया धार्मिक न्यास पूरा कर लें। जो मंदिर, धर्मशाला, मठ, चैरिटेबल ट्रस्ट वर्ष 2001 या उसके बाद के वर्षों में स्थापित किए गये हैं, वे संबंधित निर्माण वर्ष की तिथि से बोर्ड को सूचित करें।

## एक नजर में

### एक बार फिर मीडिल क्लास फॅमिली को टैक्स के बोझ से दबा दिया है : बन्ना गुप्ता



**रांची।** देश के प्रधानमंत्री जी ने एक बार फिर मिडिल क्लास फॅमिली को टैक्स के बोझ से दबा दिया है। चुनाव जीतने के बाद लगा था टैक्स में राहत दिया जायेगा, लेकिन ये उलटा हो गया और मध्यम वर्ग के ऊपर लगता है चुनावी खर्च थोप दिया है। युवाओं को नौकरी के बदले इंटर्नशिप का झूनझुना थमा दिया है। इस बजट में किसानों और महिलाओं की फिर से उपेक्षा की गई है। कामगार और मजदूरों को फिर ठगा गया है। बजट को कांग्रेस के न्याय पत्र से चुराया गया है, जिसमें पहली नौकरी पक्की का वायदा था। झारखंड में केंद्रीय मंत्री चुनावी प्रभारी बने हैं, लेकिन झारखंड की जनता को कुछ नहीं दिला सके।

### ये बजट कॉरपोरेट घरानों का है: अमन अहमद



**रांची।** एनएसयूआइ जिला अध्यक्ष अमन अहमद ने कहा की सांसद भवन से केंद्र सरकार द्वारा इस वित्तीय वर्ष 24 25 का जो बजट पेश किया गया है वो काफी निराशाजनक है। बजट छात्र छात्राओं, युवाओं एवम महिलाओं के लिया छालावा है। ये बजट कॉरपोरेट घरानों का बजट है। मध्यवर्गीय एवं गरीबो के लिए इस बजट में कुछ नही है।

### एक विकसित भारत बनाने वाला बजट : राजेंद्र प्रसाद



**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने बजट की तारीफ की है। राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि आम आदमी रोजगार चाहता है बजट में रोजगार को फोकस किया गया है। इस बजट से युवाओं को रोजगार का अवसर मिलेगा। राजेंद्र प्रसाद ने कहा हर वर्गों का इस बजट पर ध्यान रखा गया है।

### आम बजट संतुलित बजट है : अभिषेक शुक्ला



**रांची।** वर्ष 2024 का आम बजट संतुलित बजट है । बजट में युवा वर्ग के सर्वांगीण विकास के लिये व्यापक प्रावधान किये गये हैं। उच्च शिक्षा लोन योजना, रोजगार लिंक्ड स्कीम एवं बारह महीने के इंटर्नशिप स्कीम द्वारा युवाओं को शिक्षित कर उन्हें रोजगार से जोड़ने की बात की गई है। यह बजट स्वागत योग्य है।

### ओबीसी का 2023 से भी कम राशि का बजट : ओबीसी मोर्चा



रांची। आज केन्द्र सरकारने 2024 –2025 का बजट अनुमान पेश किया बजट के प्रावधानों देखने के बाद ऐसा लगता है कि सरकार ने ओबीसी के आर्थिक व सामाजिक हालात में सुधार लाने के लिए कोई राहत की योजना नही सुझाई है। बल्कि 2023 से भी कम राशि का प्रावधान किया है। उपरोक्त बातें आज राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने बजट के बाद अपने प्रेस बयान में कहा है।

### जनसंख्या जनगणना का उल्लेख ना होना दुखद : राय

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि भूषण राय ने केन्द्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट को बेहद निराशाजनक बताया है। उन्होंने कहा है कि 2021 में दशकीय जनसंख्या जनगणना होनी थी, पर इसके लिए धन राशि जारी करने का कोई उल्लेख ना होना दु:खद है। अंतिम जनसंख्या जनगणना 2011 में कराया गया था पर अब नई जनगणना की आवश्यकता है।



# एमएसीपी और प्रोन्नति की मांग को लेकर प्रदेश के शिक्षकों का 5 से आमरण अनशन

## आंदोलन को सफल बनाने को प्रदेश, जिला और प्रखंड में अभियान तेज

### बिना वित्तिय लाभ के रिटायर होते जा रहे हैं प्रदेश के शिक्षक

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सरकार के वादा खिलाफी अधिकारियों की हिटलरशाही के खिलाफ अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ झारखंड प्रदेश के बैनर तले हजारों की संख्या में प्रदेश के शिक्षक 5 अगस्त से राजभवन के समक्ष आमरण अनशन करेंगे। यह जानकारी मोर्चा के मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद ने दी। उन्होंने बताया कि आये दिन शिक्षकों का शोषण, प्रताड़ना और गैर शैक्षणिक कार्यों से शिक्षक तंग आ गये हैं। यही कारण है कि आगामी 5 अगस्त से अपनी पांच सूत्री मांगों के समर्थन में प्रदेश के प्राथमिक व मध्य विद्यालय के शिक्षक राजभवन स्थित आमरण अनशन करने को विवश है। उन्होंने बताया कि आंदोलन को लेकर सभी जिले और प्रखंड में तैयारी चल रही है। अपनी मांगों के समर्थन में आर पार की लड़ाई लड़ने को शिक्षक तैयार है। उन्होंने कहा कि सरकार राज्य के अन्य राज्यकर्मियों की तरह सभी शिक्षकों के लिए भी सुनिश्चित वृति उन्नयन योजना (एमएसीपी) लागू करें। क्योंकि पूरी सेवाकाल में बिना वित्तीय लाभ शिक्षक सेवानिवृत होने को बाध्य हैं, जबकि यह लाभ बिहार के शिक्षकों को बिहार में मिल रहा है।

वर्षो से लम्बित स्नातक प्रशिक्षित और प्रधानाध्यापक के पदों पर प्रोन्नति देने, छठे वेतनमान के वेतन निर्धारण में विसंगति दूर करना, अंतर जिला स्थानांतरण में गृह जिला में स्थानांतरण का विकल्प देने,स्वास्थ्य बीमा लागू करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के समक्ष पांच अगस्त से राज्य के शिक्षकों ने आमरण अनशन की घोषणा की है। मालूम हो कि बिहार की भांति राज्य के शिक्षकों को एमएसीपी का लाभ देने का आश्वासन 2022 में ही मुख्यमंत्री द्वारा शिक्षकों को दिया गया था। लेकिन सरकार के स्तर पर आज तक इस पर निर्णय नहीं लिया गया। शिक्षकों की प्रोन्नति को कोर्ट के हवाले करके शिक्षा विभाग शिक्षकों को आर्थिक ,शारीरिक और मानसिक रूप से परेशानी में डाले हुए हैं। 2016 से पूर्व के नियुक्त शिक्षकों को उनके वरीयता का लाभ अब तक नहीं मिल पा रहा है और स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक के 40 प्रतिशत पद तथा प्रधानाध्यापकों के 97 प्रतिशत पद रिक्त पड़े हुए हैं।

कैबिनेट से निर्णय होने के बाद भी राज्यकर्मियों को अब तक स्वास्थ बीमा लागू नहीं किया जा सका है। छठे वेतनमान की विसंगति दूर करने में शिक्षकों के साथ भेद भाव रखते हुए सचिवालय सहायकों को इसका निदान कर दिया गया। लेकिन प्रदेश के शिक्षकों का मामला आज तक लंबित है। आमरण अनशन को सफल बनाने की जिम्मेवारी अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के धीरज कुमार सुनील कुमार अनूप केसरी, राममूर्ति ठाकुर, असदुल्लाह,नसीम अहमद, दीपक दत्ता, बाल्मिकी कुमार हरेकृष्ण चौधरी, अजय कुमार सिंह, राकेश कुमार, अजय ज्ञानी राजेश गुप्ता, विभूति कुमार,निरंजन प्रसाद,प्रवीण कुमार, संजय सिंह, मनी उरांव,शंभू शर्मा, मानिक प्रसाद, सुदामा मांझी, संजय कंडुलना, आभा लकड़ा रामचंद्र खेरवार सुरजन ,प्रेम कुमार शर्मा, संजय कुमार, टुडू सगनेने यदुनाथ, मनोरंजन कुमार, आनंद रजक,राधाकांत साह, सुधीर दुबे और अमरेश सिंह को दी गयी है।

## स्पीड न्यूज

### सांसद फंड की लंबित योजनाओं की मांगी गयी रिपोर्ट

**रांची।** ग्रामीण विकास विभाग ने सांसद फंड से किए गये कार्यों की विवरणी मांगी है। अब तक कितनी राशि खर्च की गयी, कितनी पड़ी हुई है इसका भी डिटेल मांगा गया है। इसके अलावा सांसद फंड से ली गयी वैसी योजनाएं जो पूरी नहीं हुई है या लंबित है इसकी सूची भी जिलों से मांगी गयी है। सांसद फंड योजना से संबंधित 17वें लोकसभा के 14वें प्रतिवेदन के द्वारा प्राक्कलन समिति के अवलोकन अनुशंसा के अनुपालन में 14वें, 15वें एवं 16वें लोकसभा के दौरान एमपी लैड्स योजना तथा अनस्पैंट अमाउंट, रद परियोजना, लंबित योजना, रिटर्न फंड से संबंधित कृत कार्रवाई प्रतिवेदन की मांग की गयी है। ग्रामीण विकास विभाग ने सरायकेला-खरसावां सहित अन्य जिलों से इस प्रतिवेदन की मांग की है।

### हाईकोर्ट की पार्किंग में डूब गई कई गाड़ियां

**रांची।** मंगलवार को हुई तेज बारिश ने हाईकोर्ट के ड्रेनेज सिस्टम की पोल खोल कर रख दी। तेज बारिश के कारण हाईकोर्ट की पार्किंग में जलजमाव हो गया। जिससे पार्किंग में खड़ी दर्जनों गाड़ियां डूब गईं। पार्किंग में पानी इतना ज्यादा था कि नगर निगम की कई गाड़ियां बुलाकर पानी सुखाया गया तब जाकर वकीलों की गाड़ियां निकल पाईं।

### हड़ताली मनरेगा कर्मियों पर नो वर्क-नो पे लागू

**रांची।** मनरेगा कर्मियों के हड़ताल के बावजूद मनरेगा का कामकाज चलता रहे इसके लिए राज्य सरकार ने सभी डीसी को दिशा निर्देश दिए हैं और उन्हें हर हाल में मनरेगा का काम प्रभावित नही हो इसके लिए कहा है। ग्रामीण विकास विभाग ने इस संबंध में सभी उपायुक्त और उपविकास आयुक्त को निर्देश दिया है और दैनिक काम के निष्पादन के लिए ब्लॉक एडमिन और डीपीसी एडमिन के माध्यम से मुख्य कार्यक्रम पदाधिकारी के नाम से लॉगिन बनाने का कहा है। ग्रामीण विकास विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि इस दौरान यदि कोई मनरेगा कर्मी के द्वारा अपने लॉगिन से किसी प्रकार की छेड़छाड़ की जाती है तो संबंधित के ऊपर कठोर कार्रवाई की जायेगी। हड़ताल पर जाने वाले कर्मियों पर नो वर्क नो पे का सिद्धांत लागू होगा । उन्हें हड़ताल अवधि का मानदेय का भुगतान नहीं किया जाएगा। विभाग ने इसके अलावा प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी के कार्यों का संपादन प्रखंड स्तर पर पदस्थापित विभाग के अन्यकर्मी पदाधिकारी तथा पीएम आवास योजना ग्रामीण के प्रखंड समन्वयक आदि से कराए जाने को कहा है। मनरेगा योजना के तीनों चरणों के जियो टैगिंग का काम पंचायत सचिव और जनसेवक इत्यादि से करने का भी निर्देश दिया गया है।

### सुनील तिवारी की ओर से दाखिल डिस्चार्ज अर्जी पर सुनवाई 30 को

**रांची।** शारीरिक, मानसिक और आर्थिक शोषण के आरोप में ट्रायल फेस कर रहे पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के राजनीतिक सलाहकार सुनील तिवारी की ओर से दाखिल डिस्चार्ज अर्जी पर 30 जुलाई को सुनवाई होगी। उन्होंने मामले में अपने आप को निर्दोष बताते हुये 18 जून को आरोप मुक्त याचिका दाखिल की है। मामले की सुनवाई एससी-एसटी की विशेष न्यायाधीश मनीष रंजन की अदालत में हो रही है। मामले में सुनील तिवारी के खिलाफ आरोप तय किया जाना है। इससे पूर्व उन्होंने डिस्चार्ज अर्जी दाखिल की है।

### जान मारने की धमकी देने वाले साक्ष्य के अभाव में बरी

**रांची।** एसडीजेएम आरएस टोपनो की अदालत ने जान मारने की धमकी देने से जुड़े 8 साल पुराने मामले में ट्रायल फेस कर रहा 9 आरोपियों को पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। इसमें सिकिदिरी निवासी प्रेमनाथ बेदिया, धनेश्वर बेदिया, हरिनाथ उरांव, कुलदीप बालमुचू, राजेन उरांव, इतवा उरांव, सिलाश उरांव, शिवधर महतो उर्फ नीरज कुमार एवं हजारीबाग निवासी अभय कुमार राय शामिल है। इस लोगों पर अनगड़ा के तत्कालीन श्रम प्रवर्तन अधिकारी नरेंद्र सिंह को ग्रामीणों ने बंधक बनाकर पेड़ से बांध देने और दोबारा गांव में आने पर जान से मार देने का आरोप था।

## अधिकांश स्मार्ट मीटर अगस्त में हो जायेंगे प्रीपेड, बेरोजगार होंगे ऊर्जा मित्र

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची के बिजली उपभोक्ता जल्द ही मीटर रीचार्ज कर बिजली उपभोग करेंगे। जेबीवीएनएल की ओर से स्मार्ट मीटर को प्री पेड मोड पर शुरू करने की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। जेबीवीएनएल की मानें तो 22 जुलाई से मीटर प्री पेड मोड पर काम करना शुरू हो गया है। लेकिन इसके लिये अलग-अलग चरणों में मीटर प्रीपेड मोड पर शुरू किया जायेगा। इसके साथ ही अधिकांश हिस्सों में स्मार्ट मीटर प्रीपेड मोड पर काम करना शुरू कर देगी। शहर में ढाई लाख स्मार्ट मीटर एक अगस्त से प्रीपेड मोड पर काम करना शुरू कर देंगे। शहर में पहले से 18 हजार स्मार्ट मीटर प्रीपेड मोड पर काम कर रहे हैं, अब और ढाई लाख स्मार्ट मीटर भी अगस्त से प्रीपेड मोड पर काम करना शुरू कर देंगे। वहीं, शहर में कुल 3.50 लाख स्मार्ट मीटर लगाने का लक्ष्य लिया गया है। जिसे अगले साल तक पूरा करना है।

**बेरोजगार होंगे ऊर्जा मित्र :** स्मार्ट मीटर प्रीपेड मोड पर काम करने से ऊर्जा मित्रों की नौकरी खत्म हो जायेगी। जेबीवीएनएल की ओर से अगस्त से राजधानी में कार्यरत 470 ऊर्जा मित्रों से काम लेना बंद कर दिया जायेगा। क्योंकि अगस्त से अधिकांश उपभोक्ता खुद ही अपने मीटर को रीचार्ज करेंगे। पहले कंपिटेंड कंपनी के अंदर ऊर्जा मित्र काम कर रहे थे। अब एक्सप्लोरल टेक कंपनी को काम सौंपा गया है।

## सेल सीईटी ने सांस्कृतिक उत्सव के साथ 43वां स्थापना दिवस मनाया, पौधरोपण किया

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के सेंटर फॉर इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी ने अपना 43वां स्थापना दिवस भव्य समारोहों और सामुदायिक कार्यक्रमों के साथ मनाया। सीईटी परिवार के बच्चों और महिलाओं ने अपने कलात्मक कौशल से स्वास्थ्य और पर्यावरण जागरूकता पर बीते पखवाड़े में कई उत्कृष्ट कार्यक्रमों का आयोजन किया।

**सदर अस्पताल के सहयोग रक्तदान शिविर का आयोजन**

कार्यक्रम के दौरान रांची सदर अस्पताल के सहयोग रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

### शास्त्रीय नृत्यों द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का प्रदर्शन किया गया

उत्सव का समापन रांची में सेल के इस्पात भवन सभागार में एक सांस्कृतिक उत्सव के साथ हुआ। इस कार्यक्रम में सीईटी एंथम की लॉन्चिंग, सेलकर्मियों की प्रतिभाओं की कलात्मक कौशल को प्रदर्शित करने वाली प्रस्तुतियां की गयीं। महिला सशक्तिकरण पर मूक नाटिका, शास्त्रीय नृत्यों द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व श्रवण कुमार वर्मा, ईडी (सीईटी) ने किया। उन्होंने वेद प्रकाश, ईडी (एसडीटीडी) और संदीप कुमार कर, ईडी (आरडीसीआईएस) ने सभी प्रतिभागियों के सामूहिक प्रयासों और भागीदारी की सराहना की।

उत्सव के दौरान इस्पात भवन में सीईटी कार्यालय की छत पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया, जिसका नेतृत्व निदेशक (तकनीकी, परियोजना और कच्चे माल)ऐके सिंह ने किया। इसके बाद सीईटी ने इस्पात एक्जीक्यूटिव्स हॉस्टल में वृक्षारोपण अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रमों में सेल की रांची स्थित इकाइयों के कार्यपालक निदेशक और वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

## इंडियन बैंक की ओर से नराकास (बैंक) की 30वीं अर्धवार्षिक बैठक में मिला सम्मान

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** इंडियन बैंक की ओर से होटल ली लैक में मंगलवार को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (बैंक) की 30वीं बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता नराकास (बैंक) के अध्यक्ष एवं इंडियन बैंक के अंचल प्रबंधक राम स्वरूप सरकार ने की। बैठक में भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के निर्मल कुमार दुबे विशेष रूप से आमंत्रित थे।

इसके अलावा भारतीय रिजर्व बैंक के क्षेत्रीय निदेशक, प्रेम रंजन प्रसाद सिंह, यूनियन बैंक के महाप्रबंधक बैजनाथ सिंह, केनरा बैंक के महाप्रबंधक सुजीत कुमार साहू एवं सभी बैंकों / वित्तीय संस्थानों/ बीमा कंपनियों के कार्यालय प्रधान एवं राजभाषा अधिकारी उपस्थित थे। बैठक का संचालन नराकास के सदस्य सचिव एवं इंडियन बैंक के वरिष्ठ प्रबंधक ओम प्रकाश वर्मा ने किया। बैठक के दौरान वर्ष 2023-24 के लिए राजभाषा में उत्कृष्ट कार्यान्वयन के लिए बैंकों / वित्तीय संस्थाओं / बीमा कंपनियों को राजभाषा शील्ड से सम्मानित किया गया एवं नराकास की हिन्दी पत्रिका स्पंदन का विमोचन किया गया। इसके अलावा भारतीय रिजर्व बैंक एवं यूनियन बैंक की पत्रिका का भी विमोचन किया गया। निर्मल कुमार दुबे, सहायक निदेशक द्वारा इस बैठक में नराकास के सभी सदस्यों की राजभाषा की अर्धवार्षिक रिपोर्ट की समीक्षा की गई।

बैठक में राजभाषा हिन्दी के प्रचार -प्रसार पर विशेष रूप से चर्चा की गई एवं हिंदी के विकास के लिए दिशा निर्देश जारी किए गए।

## करोड़ों की ठगी के पांच दोषियों को पांच-पांच साल कैद की सजा

**रांची।** बैंक अधिकारी बनकर करोड़ों रुपये की ठगी में दोषी करार पांच साइबर अभियुक्तों को पीएमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने मंगलवार को मनी लाउंड्रिंग मामले में पांच-पांच साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही, पांचों पर ढाई-ढाई लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। जुर्माने की राशि नहीं देने पर सजायाफ्ताओं को अतिरिक्त छह महीने जेल काटनी होगी। सजा पाने वालों में गणेश मंडल उसका बेटा प्रदीप कुमार मंडल, संतोष मंडल उसका बेटा पिंटू मंडल और अंकुश कुमार मंडल का नाम शामिल है। इससे पूर्व मंगलवार को सजा के बिंदु पर सुनवाई के दौरान ईडी के विशेष लोक अभियोजक अतीश कुमार ने कहा कि भ्रष्टाचार कैंसर की तरह है। लेकिन साइबर क्राइम तो इस भ्रष्टाचार को भी पार कर गया है। यह समाज के लिए नहीं बल्कि देश के लिए कैंसर हो गया है। ऐसे लोगों पर दया नहीं बल्कि अधिकतम सजा दी जाए। वहीं बचाव पक्ष की ओर से कम से कम सजा देने का अनुरोध किया गया। अदालत ने 20 जुलाई को दोषी पाया था। दोषी पाये जाने के बाद चार अभियुक्तों को बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा जेल भेज दिया गया था। जबकि अंकुश मंडल किसी अन्य मामले में देवघर जेल में बंद है। मंगलवार को पांचों अभियुक्तों को वीडिया कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालत में पेश किया गया था। सभी आरोपी जामताड़ा जिले के नारायणपुर थाना क्षेत्र के मिरगा गांव निवासी है। मामले में ईडी की ओर से 24 गवाहों को प्रस्तुत किया है। साथ ही काफी संख्या में दस्तावेज को चिन्हित कराया गया है।

## मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत द्वारिका-सोमनाथ भेजे गये 820 हिन्दू धर्मावलंबी

**रांची।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत हटिया स्टेशन से सोमनाथ के लिए पर्यटक स्पेशल ट्रेन खुली। जेटीडीसी के जीएम आलोक प्रसाद, जीएम राजीव सिंह, एमडी प्रेम रत्न ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस ट्रेन से झारखंड के 820 हिन्दू धर्मावलंबियों को द्वारिका-सोमनाथ धाम की यात्रा पर भेजा गया। इसमें रांची के 72 धर्मावलंबी भी शामिल हुए। इस दौरान पर्यटन, रेलवे और आईआरसीटीसी के पदाधिकारी मौजूद रहे। बता दें झारखंड मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत बीपीएल श्रेणी के लाभुक तीर्थयात्रियों को तीर्थ दर्शन कराया जा रहा है। जेटीडीसी के एमडी प्रेम रंजन ने कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत करीब 820 लोगों को द्वारका और सोमनाथ की तीर्थ यात्रा पर भेजा जा रहा है। यह आज प्रारंभ हुई है और आईआरसीटीसी इसकी नोडल एजेंसी है, सबके खाने-पीने और सुरक्षा का जिम्मा इन्हें मिला है। इसमें बीपीएल और बुजुर्ग लोग हैं। इसमें जो लोग आर्थिक अभाव के कारण तीर्थ यात्रा में नहीं जा पाए, उन्हें भेजा जाता है। आईआरसीटीसी के जॉइंट डायरेक्टर राजेंद्र गोलबन ने कहा कि इस ट्रेन को ऐसा बनाया गया है।

## वाणिज्यकर मंत्री अतिरिक्त ओएसडी बनाये गये सतीश

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के वित्त एवं वाणिज्य कर मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव की अनुशंसा पर सतीश कुमार सिंह को वाणिज्य कर विभाग कोषांग में अतिरिक्त विशेष कार्य पदाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्ति किया गया है। इससे संबंधित अधिसूचना मंगलवार को विभाग की अवर सचिव किरण कुमारी ने जारी कर दी है। इसमें बताया गया है कि मंत्री वाणिज्य कर विभाग से प्राप्त अनुशंसा की आलोक में सतीश कुमार सिंह को कोषागार पदाधिकारी जमशेदपुर से 16 जुलाई को वित्त विभाग झारखंड से सेवा वापस लेते हुए अन्वेषण ब्यूरो रांची प्रमंडल रांची में सहायक राज्य कर सहायक आयुक्त के पद पर पदस्थापित किया गया है। वे अपने कार्यों के साथ मंत्री वाणिज्य कर विभाग कोषांग में अतिरिक्त विशेष कार्य पदाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्ति किये जाते हैं। मालूम हो कि सतीश कुमार सिंह राज्य के तत्कालीन वाणिज्यकर मंत्री स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद सिंह के कार्यकाल में भी उनके करीबी रह चुके हैं। यही कारण है की चुनाव से ठीक पूर्व उन्हें राज्य के वित्त एवं वाणिज्य कर मंत्री ने अपना अतिरिक्त विशेष कार्य पदाधिकारी बनाकर उन्हें कई जिम्मेवारी दी है। अब देखना यह होगा कि सतीश कुमार सिंह उनकी जिम्मेवारियों पर कितना खरा उतरते हैं। वैसे सतीश कुमार सिंह के ओएसडी बनाए जाने से विभागीय अधिकारियों-कर्मचारियों में इस बात की चर्चा जोरों पर चल रही है की सतीश के आने से अब सहकर्मियों की जेबें में ढीली होगी और मंत्री के भरेंगे। मालूम हो कि विभाग में स्थापना की बैठक होने से पूर्व ही 16 जुलाई को ही अकेले सतीश कुमार सिंह की सेवा कोषागार पदाधिकारी जमशेदपुर से वापस लेते हुए विभागीय कार्य क्षेत्र में राज्य कर सहायक आयुक्त अन्वेषण ब्यूरो रांची प्रमंडल रांची में पदस्थापित किया गया था।

## डीएसपीएमयू में 27 से दो दिनी ट्राइबल हेरिटेज कॉन्क्लेव

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** डीएसपीएमयू में आईयूएसी, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय और हेरिटेज सोसाइटी के संयुक्त ततावधान में 27 से दो दिवसीय ट्राइबल हेरिटेज कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में देश के प्रतिष्ठित संस्थाओं और विश्वविद्यालयों के विद्वतजन अपने व्याख्यान द्वारा जनजातीय संस्कृति और विरासत पर प्रकाश डालेंगे। इस दो दिवसीय कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य करेंगे। मंगलवार को इससे संबंधित एक पोस्टर वीसी ने जारी किया। मौके पर उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता इस बात की है कि हम अपनी जनजातीय संस्कृति और उसकी विरासत को सहेजे, संरक्षित करें और नई पीढ़ी को उससे अवगत कराएं। यह दो दिवसीय ट्राइबल हेरिटेज कॉन्क्लेव उसी दिशा में एक प्रयास है, जहां देश के विषय विशेषज्ञ इतिहास, दर्शनशास्त्र, साहित्य, कला, पर्यटन और भारतीय ज्ञान प्रणाली पर आपसी विमर्श और संवाद स्थापित करेंगे, ताकि इस कॉन्क्लेव की समाप्ति के उपरांत कई सार्थक निष्कर्षों पर पहुंचा जा सके। उन्होंने आगे कहा कि कला, विज्ञान आदि के सेमिनारों के लगातार आयोजन के बाद यह भी आवश्यक है कि हम संस्कृति और विरासत को इस प्रकार के आयोजनों से सक्रिय रखें।

इस कॉन्क्लेव में शामिल होने वाले विद्वतजनों में डॉ धम्मरत्न, नव नालंदा महाविहार, डीम्ड विश्वविद्यालय, संस्कृत मंत्रालय के अधीन, डॉ अनंत आशुतोष, अध्यक्ष, हेरिटेज इंडिया, प्रो संजय पासवान, पूर्व कैबिनेट मंत्री, प्रो दीनबंधु पाण्डेय, सदस्य, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ हेरिटेज, डॉ आनंद वर्धन, बीआर अम्बेडकर विश्वविद्यालय, दिल्ली और प्रो विजय शंकर शुक्ल, बीएचयू हैं। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

## खबर एक नजर में

### श्रावणी मेला में प्रतिनियुक्त 206 पदाधिकारियों को मिली मजिस्ट्रेट की शक्ति

**रांची।** राज्य सरकार ने दुमका उपायुक्त की अनुशंसा के आलोक में श्रावणी मेला-2024 के विधि-व्यवस्था संचालन के लिए 206 पदाधिकारियों व पर्यवेक्षकों को कार्यपालक दंडाधिकारी (मजिस्ट्रेट) की शक्ति दी है। इनमें मैट्रिक धारक महिला पर्यवेक्षिका को छोड़ दिया गया है। दुमका डीसी ने एक सूची बनाकर राज्य सरकार को दी थी और श्रावणी मेला बासुकीनाथ के पूरे माह तक अपने अधिनस्थ पदाधिकारियों को कार्यपालक दंडाधिकारी की शक्ति देने की अनुशंसा की थी। इसी आलोक में कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दिया है। देवघर जिला के लिए भी इस तरह का आदेश जारी किया गया है।

### पहली बार चांसलर पोर्ट से मिलेगा संत जेवियर कॉलेज में दाखिला

**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज रांची में रांची विश्वविद्यालय के अंतर्गत चांसलर पोर्टल के माध्यम से सत्र 2024-28 के लिए स्नातक के सभी रेगुलर पाठ्यक्रमों में नामांकन भरने की अंतिम तिथि 28 जुलाई निर्धारित की गयी है। कॉलेज ने पहली बार चांसलर पोर्टल के माध्यम से नामांकन प्रक्रिया शुरू की है। चांसलर पोर्टल से कॉलेज के 15 रेगुलर कोर्स में प्रवेश के लिए आवेदन किया जा सकता है। कॉलेज में नामांकन के इच्छुक विद्यार्थी पोर्टल झारखंडयूनिवर्सिटीडॉटएनआईसीडॉटइन के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि के प›ात विद्यार्थियों के लिए एंट्रेंस टेस्ट संबंधी जानकारी कॉलेज वेबसाइट एसएक्ससीरैनडॉटओआरजी पर उपलब्ध करा दी जाएंगी। पाठ्यक्रम की अहर्ता पोर्टल पर मैप्ड है। **अधिक जानकारी के लिए कॉलेज के हेल्पडेस्क नंबर:** 7542920586/ 8538970586 पर सुबह 9 से शाम 4 बजे तक कॉल या व्हाट्सएप्प कर सकते हैं। एंट्रेंस परीक्षाफल की घोषणा तिथि के एक सप्ताह उपरान्त कॉलेज वेबसाइट पर प्रकाशित कर दी जायेंगी।

### आईएलएस से बीबीए एलएलबी व एलएलएम करना है तो ले लें दाखिले का फार्म

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के मोरहाबादी स्थित इंस्टिट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज (आईएलएस) कैंपस में बीबीए एलएलबी (ऑनर्स) एवं एलएलएम में दाखिले का फार्म मिलना शुरू हो गया है। यह जानकारी संस्थान के फैकल्टी मोहम्मद हुसैन ने दी। उन्होंने बताया कि संस्थान के निदेशक प्रो एसएन मिश्रानामांकन के निर्देश पर फार्म मिलना शुरू हो गया है। आगामी 10 अगस्त तक इच्छुक विद्यार्थी नामांकन के लिए फॉर्म लेकर इंस्टिट्यूट के ऑफिस में जमा कर सकते हैं।

### बीआईटी में यूएवी डिजाइन पर चार दिनी कार्यशाला शुरू

**रांची।** बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान (मेसरा) के आरएंडडी बिल्डिंग के सेमिनार हाल-1 में यूएवी डिजाइन पर आयोजित कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। यह कार्यशाला 4 दिनों तक चलेगी। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि रिसर्च, इनोवेशन एवं एंटरप्रेन्योरशिप के डीन प्रोफेसर सी जगनाथन और विशिष्ट अतिथि स्नातकोत्तर अध्ययन के डीन प्रोफेसर संदीप सिंह सोलंकी थे। कार्यशाला के संयोजक इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ संजय कुमार और कार्यशाला समन्वयक डॉ प्रियांक सक्सेना हैं। कार्यशाला के समन्वयक डॉ प्रियांक सक्सेना ने सभी को संबोधित किया। इसके बाद कार्यशाला के संयोजक डॉ संजय कुमार ने संबोधित किया। उन्होंने विभाग में यूएवी प्रयोगशाला स्थापित करने के प्रस्ताव और इसके परिणामों के बारे में बात की। विशिष्ट अतिथि डॉ संदीप सिंह सोलंकी ने इस बारे में बात की कि सेना में ड्रोन की भूमिका कैसे बढ़ रही है। भविष्य के लिए ऐसी प्रौद्योगिकियों को लैस करने की आवश्यकता पर जोर दिया। मुख्य अतिथि प्रोफेसर सी। जेगनाथन ने कार्यक्रम के संस्थान परिसर मे आयोजित किए जाने पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए अपने संबोधन से सभी को प्रेरित किया। कार्यशाला मे विभिन्न संस्थानों एवं शिक्षा जगत और उद्योगों से कुल 30 प्रतिभागी उपस्थित थे। आयोजन सचिव एल्युमनाई और अंतरराष्ट्रीय संबंध के एसोसिएट डीन विशाल एच शाह ने धन्यवाद दिया।

### क्लींजिंग थेरेपी से इलाज और प्रशिक्षण कैंप 27 से

**रांची।** झारखंड में अक्षत आरोग्यम के द्वारा क्लींजिंग थेरेपी से इलाज और प्रशिक्षण कैंप 27/28 जुलाई को आयोजित किया जा रहा है। क्लींजिंग थेरेपी डॉक्टर पीयूष सक्सेना के द्वारा विकसित शरीर को डिटॉक्स करने की एक प्राकृतिक विधा है, जिससे शरीर पूर्णतया स्वस्थ होने लगता है। अगर आपकी रुचि क्लींजिंग थिरापी या कैंप में हो तो हमें सूचित करें। यह जानकारी अवनिंदर प्रसाद सिंह ने दी।

### जब तक शर्ते नहीं होगी पूरी, तबतक आंदोलन रहेगा जारी

**रांची।** सहायक पुलिसकर्मियों का आंदोलन जारी रहेगा। सहायक पुलिसकर्मियों की सरकार के साथ सोमवार वार्ता हुई। वार्ता में जिन बिंदुओं पर सहमति बनी है, अगर उनकी मांगों को 24 जुलाई को होने वाले कैबिनेट में मान लिया जाता है तभी वे अपना आंदोलन समाप्त करेंगे। जब तक सरकार उनकी मांगों को कैबिनेट में नहीं लाती है, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। झारखंड पुलिस में समायोजन की मांग को लेकर मोरहाबादी मैदान में धरना दे रहे सहायक पुलिसकर्मी 19 जुलाई को सीएम आवास का घेराव करने निकले थे। इस दौरान उनपर झारखंड पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया था। सहायक पुलिसकर्मियों की बहाली दस हजार रुपये के मानदेय पर राज्य के 12 जिले गढ़वा, पलामू, लातेहार, चतरा, लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा, खूंटी, पूर्वी व प›िमी सिंहभूम, दुमका व गिरिडीह में हुआ था।

### 22 सब- इंस्पेक्टर को इंस्पेक्टर रैंक में प्रमोशन

रांची। झारखंड पुलिस मुख्यालय ने 22 सब इंस्पेक्टर (दारोगा) को इंस्पेक्टर रैंक में प्रमोशन दिया गया है। मुख्यालय ने जिन 22 सब इंस्पेक्टर को इंस्पेक्टर रैंक में प्रोन्नति योग्य पाया है, उसमें सुधीर प्रसाद साहू, हजारीबाग शिव बिहारी तिवारी, शंभू प्रसाद सिंह, त्रिलोचन तामसोय, पृथ्वी सेन दास, विजय कुमार, अभिजीत गौतम, मुकेश चौधरी, गुलशन भेंगरा, सोनी प्रताप, अजीत कुमार भारती, प्रशांत कुमार-1, हरदियुस टोप्पो, दयानंद सोरेन, संजय जनक मूर्ति, संजय चंद्र उरांव, राजीव प्रकाश, मोहम्मद कुद्दुस, मानकी सुंडी, बैजनाथ कुमार, एस. खालीद ईमाम और पूनम कुजूर शामिल हैं। गौरतलब है कि डीजीपी अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में चयन पर्षद की बैठक हुई थी। बैठक में राज्य के अलग-अलग जिले में पदस्थापित 49 दारोगा की प्रोन्नति पर विचार किया गया। 49 में से 22 सब इंस्पेक्टर को इंस्पेक्टर के प्रोन्नति के योग्य पाया गया। वहीं 22 अन्य सब इंस्पेक्टर को वृहत सजा प्रभावी होने के चलते प्रोन्नति के लिए अयोग्य पाया गया। पांच ऐसे सब इंस्पेक्टर हैं, जिनकी प्रोन्नति लंबित है। उनमें से चार पर विभागीय कार्यवाही से संबंधित एक मामला लंबित है।

### रांची पहुंचे लोहरदगा के कांवरियों का हुआ स्वागत



**रांची।** लोहरदगा जिला से महाकाल क्लब के अध्यक्ष नि›य वर्मा के नेतृत्व में हजारों श्रद्धालुओं शिव भक्त कांवर लेकर पद यात्रा करते हुए रांची पहुंचे और पहाड़ी मंदिर में जलाभिषेक कर भगवान भोले बाबा की पूजा-अर्चना किये। कमड़े में महिला मोर्चा झारखंड प्रदेश मंत्री रेणु तिर्की और सुनील कच्छप, मुन्डा जी ने शिव भक्तों का स्वागत किया और सुबह में पिस्का मोड़ शिव मंदिर के पास हजारों श्रद्धालुओं ने शिव भक्तों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस कर्यिक्रम की मुख्य अतिथि भाजपा महिला मोर्चा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष आरती सिंह उपस्थित होकर सभी भक्तों को सावन और प्रथम सोमवारी की शुभकामनाएं और बधाई दी। मुख्य रूप से उपस्थित रहे नीलम चौधरी, राधा राणा, मंजु चौरसिया, आशा शर्मा, रोमा उरांव, बैजु सोनी, संजीव चौधरी, परशुराम प्रसाद, राजेश गुप्ता, मोहन पाण्डे, सौरभ कुमार, संजय कुमार, विष्णु तिर्की, अखिलेश सैकड़ों भक्त उपस्थित रहे।

स्पीड न्यूज

## बेड़ो से कांवरियों का दल बाबाधाम रवाना



बेड़ो। महादानी कांवरिया संघ बेड़ो के बैनर तले मंगलवार को कांवरियों का दल बाबाधाम देवघर के लिए रवाना हो गया। इसके पूर्व कांवरियों ने महादानी बाबा की पूजा अर्चना की। जत्थे का नेतृत्व कर रहे गंदुर गोप ने बताया कि उनका दल सुल्तान गंज से जल लेकर पहले देवघर स्थित बाबाधाम के शिवलिंग पर जलाभिषेक करेंगे। इसके बाद बासुकीनाथ का जलाभिषेक के बाद तारा पीठ मंदिर के लिए रवाना हो जाएगा। दल में सजंय पाठक, शोभा देवी, बालो देवी, सुनीता देवी, बासुदेव महतो, भुनेश्वर गोप, मनोज गोप, महावीर गोप आदि शामिल हैं।

## पूर्व विधायक ने की बिजली के तार और पोल बदलने की मांग

सिकिदिरी। खिजरी के पूर्व विधायक राम कुमार पाहन के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने झारखंड विद्युत उर्जा निगम के महाप्रबंधक पीके श्रीवास्तव से मिलकर एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि बरसात का मौसम शुरू होते ही जर्जर बिजली के तार और खम्भे खतरनाक साबित हो रहे है। जर्जर तार के गिरने से जान माल का नुकसान हो रहा है। महाप्रबंधक पीके श्रीवास्तव ने सभी जर्जर तार और पल्ले खम्भे को दुरुस्त करने का आश्वासन दिया है। प्रतिनिधि मंडल में प्रमोद सिंह,नरेंद्र सिंह आदि शामिल थे।

## खलारी पुलिस ने चोर को पकड़ा, भेजा जेल

खलारी। थाना क्षेत्र के महावीर नगर में कपड़ा व्यवसायी के किराए के मकान में रखे कपड़ा का बंडल चोरी करने के आरोप में आरोपी को पुलिस ने पकड़ कर भेजा जेल। जानकारी के अनुसार वादी रोहित कुमार केशरी के किराए के मकान में रखे कपड़ा का बंडल 20 जुलाई की रात्रि चोरी कर लिया गया था। मामला थाना में दर्ज होते हुए अभियुक्त सागर लोहरा उम्र करीब 22 वर्ष पिता स्व छेदी लोहरा, पता महावीर नगर (महुआधौडा) थाना खलारी के घर से चोरी गई कपडा का बंडल के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

## एसएसबी ने जनजातीय आभूषण निर्माण का दिया प्रशिक्षण



तमाड़। सशस्त्र सीमा बल 26वीं वाहिनी के कमांडेंट एसडी शेरखाने के नेतृत्व में जी समवाय तमाड़ में नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत 7 दिवसीय जनजातीय आभूषण निर्माण प्रशिक्षण का समापन मंगलवार को किया गया। कार्यक्रम का समापन एसएसबी द्वितीय कमान अधिकारी एसएस चौहान द्वारा किया गया। मौके पर निरीक्षक सामान्य सामू सरदार, संजीवनी शक्ति सेवा समिति रजनी सत्यकाम, प्रशिक्षक सुरभि देवी, रीता महतो सहित कुल 24 प्रशिक्षु एवं बलकर्मी उपस्थित थे।

## जंगली हाथियों ने फसलों को रौंद डाला

सोनाहातू। प्रखंड के जामुदाग पंचायत अंतर्गत हेसाहातू गांव में हाथियों के झुंड ने सोमवार की रात को जम कर उत्पात मचाया है। गांव के किसान सुखदेव यादव के खेत में लगी लौकी और मकई के फसल को मन भर खाया और रौंद दिया है। किसानों ने वन विभाग को फसल नुकसान की सूचना देकर मुआवजा की मांग की है। इधर हाथियों का उत्पात लगातार होने से किसान काफी आक्रोशित हैं।

# रातू के लहना में 80 हजार नगद और जेवरात की चोरी

- पत्नी के साथ गये थे बाजार, अज्ञात पर मामला दर्ज

## रातू में अपराधियों के आतंक से भयभीत हैं ग्रामीण

### पुलिस पर निष्क्रियता का आरोप

भुक्तभोगी श्री साहू ने साढ़े सात बजे थाने आकर ऑडी ऑफिसर एएसआई मनोज कुमार को घटना की लिखित जानकारी दी और रिसीविंग भी ले लिया। श्री कुमार ने उन्हें गश्ती दल को घर भेज इसकी जांच कराने का भरोसा दिलाया, किंतु 24 घंटे बाद भी किसी ने घटनास्थल का दौरा नहीं किया। इसे लेकर पीड़ित परिवार ने पुलिस पर निष्क्रिय होने का आरोप लगाया है।

खबर मन्त्र संवाददाता

रातू। राजधानी से सटे रातू थाना क्षेत्र में हत्या, लूट, अपहरण, चोरी और छिनतई की घटनाएं थम नहीं रही है। गिरोह के आतंक से लोग भयभीत हैं। यहां प्रतिदिन दो से चार ग्रामीण इसके शिकार हो रहे हैं। सवाल यह है कि अपराध पर अंकुश लगाने के बजाय पुलिस संवेदनहीन हो जाये, तो फरियाद किससे की जायेगी। आखिर गुनाहगार बेखौफ क्यों हैं। ऐसे में आम आदमी की तकलीफ कौन सुनेगा। सोमवार को दिन के उजाले में अपराधियों ने लहना निवासी राजनंदन साहू उर्फ छोटका के बंद घर को निशाना बनाया और 80 हजार नकद समेत करीब 4 लाख के जेवरात और कीमती सामान की चोरी कर ली। वह पत्नी के साथ समीप के मखमंदरो चौक स्थित अपनी कपड़े की दुकान में थे। शाम 6.40 बजे दोनों लौटे, तो देखा कि दरवाजा खुला और अलमारी में रखे रुपये व जेवरात गायब तथा सामान बिखरे पड़े थे।

### कैसे घटी घटना

राजनंदन साहू पेशे से कृषक हैं। वह मखमंदरो चौक में कपड़े का व्यवसाय करते हैं। सोमवार और गुरुवार को बाजार के दिन दुकान में भीड़ रहती है। सुबह 9 बजे वह पत्नी गायत्री देवी के साथ दुकान आये। बेटा कुणाल कुमार चट्टी ट्यूशन गया था। दरवाजे में ताले लगे थे। दोनों शाम पौने सात बजे घर आये, तो देखा कि अज्ञात अपराधियों ने नकद और जेवरात की चोरी कर ली है।

## झामुमो की महिला और किसान मोर्चा गठित : अनिता टोप्पो और बीरेंद्र साहू बने प्रखंड अध्यक्ष




खबर मन्त्र संवाददाता

रातू। झामुमो प्रखंड समिति की बैठक बी अंसारी की अध्यक्षता में हुयी। मुख्यालय में आयोजित बैठक के दौरान संगठन को विस चुनाव से पूर्व मजबूत और धारदार बनाने पर जोर दिया गया। वहीं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अगुआई में चल रही राज्य सरकार के कामकाज की तारीफ की गयी। इसके बाद सर्वसम्मति से महिला और किसान मोर्चा का गठन किया गया। इसमें अनिता टोप्पो अध्यक्ष, रतन देवी, सरिता देवी, रजिया खातून, बबीता उरांव, अनीता खलखो उपाध्यक्ष, शीतल कच्छप सचिव, जयंती देवी संयुक्त सचिव, बतिया देवी संगठन सचिव तथा शिल्पा उरांव, प्रतिभा खलखो, प्रतिमा कुमारी व सचिता लिंडा कार्यसमिति सदस्य चुने गये। जबकि, बीरेंद्र साहू को किसान मोर्चा का अध्यक्ष और रशीद अंसारी को सचिव बनाया गया।

### बैठक में लिया हिस्सा

जिला महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष नयनतारा उरांव, सचिव उषा उरांव, उपाध्यक्ष अंशु लकड़ा, कोषाध्यक्ष शांति उरांव, संगठन सचिव मुसर्रत परवीन, किसान मोर्चा के जिला सचिव सज्जाद अंसारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बच्चन उरांव व दानियाल एक्का, जिला अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष शमीम मंसूरी आदि शामिल थे।

## प्राइवेट ऋण दाताओं ने ग्रामीण महिलाओं का जीना किया मुहाल



खबर मन्त्र संवाददाता

खलारी। ग्रामीण क्षेत्रो में बड़े आसानी से माइक्रो फाइनांस के नाम पर कई कंपनियों के द्वारा दूरदराज क्षेत्रों में जाकर अनपढ़ ग्रामीण भोले भाले लोगो को प्रलोभन देकर प्राइवेट ऋण (लोन) दिया जा रहा है। ऋणदाताओं ने ग्रामीण महिलाओं को बड़े ही आराम से फुसलाकर लोन मुहैया कराते है और लोन का किस्त एक वर्ष तथा दो वर्ष तक जमा करने का प्रवधान बताते है। लोन करदाताओं ने जिस किसी ग्रामीण महिलाओं को एक बार लोन दे दिया जाता है। उसके बाद से लोन रिकवरी एजेंट के द्वारा गरीब ग्रामीण महिलाओं को जीना मुहाल कर देते है। इसी तरह का मामला मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्रों में पर्याप्त रूप से बढ़ा हुआ है। फाइनेशर ग्रामीण महिलाओं को भद्दी गालियां, दुसरो के सामने अमर्यादित करना, जान से मार देंगे, फांसी पर लटका देंगे या फिर फांसी पर लटक कर मर जाओ अथवा घर का बेटी, बहू को दिनदहाड़े घर से उठा ले जाएंगे सहित अन्य कई तरह की धमकी देकर जलील किया जाता है। क्षेत्र में लोन रिकवरी एजेंट के चलते ग्रामीण महिलाएं भयभीत है। एक मामला ऐसा था कि थाना क्षेत्र के लपरा पंचायत राजीव नगर कॉलोनी का महिला फांसी तक लगा ली थी। घरवालों अथवा ग्रामीणों के सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया। मैक्लुस्कीगंज के ग्रामीण क्षेत्र में अनपूर्णा माइक्रो फाइनांस, सेटिंग माइक्रो फाइनान्स, सोनाटा माइक्रो फाइनांस, आरबीएल माइक्रो फाइनांस पूरे क्षेत्र में फैले हुए हैं।

# सड़क नहीं बनी तो करेंगे आत्मदाह

- जिप सदस्य ने की आंदोलन की शुरूआत

## चोरेया मोड़ पर वर्षों से टूटी है सड़क



खबर मन्त्र संवाददाता

चान्हो। दर्जनों गांव को मुख्य सड़क से जोड़ने वाली व एनएच-75 की सहायक सड़क मानी जाने वाली एसएच खलारी मुख्य पथ स्थित चोरेया मोड़ से बुढ़मू प्रखंड तक की सड़क कई वर्षों से गड्ढों में तब्दील है। इस सड़क का निर्माण नहीं हुआ तो जिप सदस्य आशुतोष तिवारी सैकड़ों ग्रामीणों के साथ भूख हड़ताल करेंगे। उन्होंने सरकार को चेताया कि अगर इसके बाद भी सड़क निर्माण का कार्य शुरू नहीं हुआ तो खुले मंच पर आत्मदाह करेंगे। इसके लिए मंगलवार को चोरेया स्थित तैलिक धर्मशाला में आसपास के तरंगा, लेपसर, सोपारम, हर्रा, नवाटोली, नेवारटोली, चलिओ, सहनाई टोली, गुटुवा, खखसी टोला, टेम्पोटोली, खिजूर टोली सहित अन्य गांव के लोग के साथ बैठक हुई। बताते चलें की सड़क की हालत इतनी जर्जर, हो गई है कि लोग जान जोखिम में डाल कर आवागमन कर रहे हैं। यहां पहली बरसात में आवागमन बंद होने जैसी स्थिति हो जाती है। सड़क से गाड़ियों के साथ ही पैदल भी गुजरना मुश्किल हो जाता है। जानकारी के अनुसार 10 किलोमीटर लंबी सड़क चान्हो, बुढ़मू व मांडर प्रखंड को जोड़ती है। लोकसभा चुनाव के पूर्व जब ग्रामीणों ने सड़क नहीं तो वोट नहीं को लेकर बहिष्कार का मन बनाया तो विभाग के लोग सक्रिय हुए और स्थानीय सांसद व विधायक की उपस्थिति में आनन फानन में शिलान्यास करा दिया। शिलान्यास के भी चार माह बीत चुके हैं, लेकिन निर्माण शुरू नहीं हो पाया। अब तो शिलापट्ट भी मुंह चिढ़ा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि अब पानी सर से ऊपर हो गया है यदि सड़क नहीं बनी तो वे आंदोलन के अंतिम चरण तक पहुंच सकते हैं।

### आंदोलन की रणनीति

सड़क निर्माण जल्द शुरू नहीं हुई तो दर्जनों गाँव के हजारों लोग जीप सदस्य के नेतृत्व मे आंदोलन को तैयार है। सर्व प्रथम धरना प्रदर्शन फिर पुतला दहन, भूख हड़ताल उसके बाद आत्मदाह का निर्णय निर्णय लिया गया। अगर 15 दिनों उक्त पथ को चलने लायक नहीं बनाया गया तो आने वाला विधानसभा चुनाव किसी नेता को क्षेत्र मे प्रवेश नहीं करने दिया जायगा। साथ ही वोट बहिष्कार किया जाएगा। रोड नहीं तो वोट नहीं।

## राम मनोहर लोहिया स्कूल में पौधरोपण



ठाकुरगांव। राम मनोहर लोहिया प्लस टू उच्च विद्यालय उमेडंडा परिसर में मंगलवार को पौधरोपण किया गया। पौधरोपण भाजपा के बैठक व कार्यक्रम विभाग के प्रदेश संयोजक स्वामी देवेंद्र प्रकाश व अन्य अतिथियों के द्वारा किया गया। इस दौरान स्वामी देवेंद्र प्रकाश ने कहा कि समस्त विश्व को प्राकृतिक आपदा, ग्लोबल वार्मिंग व अन्य दुष्प्रभाव से बचाने का एकमात्र विकल्प पौधरोपण है। सभी से आग्रह करते हुए कहा कि सभी अपने घर के आसपास पौधरोपण करें पौधे के बड़े होने तक देखभाल करें। इस मौके पर आम, कटहल और अमरूद का 102 पौधा छात्रों व शिक्षकों के सहयोग से लगाया गया।

## मांडर : पक्की नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास



मांडर। प्रखंड के करगे पंचायत के ग्राम बहेराटोली में मंगलवार को 15 वें वित्त आयोग निधि अंतर्गत बनने वाली 345 फिट पक्की नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास जिला परिषद सदस्य बिनोदित तिग्गा द्वारा किया गया। मौके पर मुखिया शांति उरांव, जिला परिषद प्रतिनिधि रबूल अंसारी, पंचायत समिति सदस्य यूनुस अन्सारी, मुखिया प्रतिनिधि चमरा उरांव,वार्ड सदस्य जावेद अंसारी, सदर बसारत अंसारी, नौसाद अन्सारी, शाहिद अंसारी, हैदर अंसारी सुमित्रा उराईन, सुनील उरांव, चारो उरांव, रफीक अंसारी, इमरान अन्सारी, इरशाद अंसारी, अमीरन खातून, अनीसा खातून लुकमान अन्सारी मौजूद थे।

**कार्यालय, झुमरी तिलैया नगर परिषद्**
**झुमरी तिलैया, जिला कोडरमा**
Email – jhumritelaiyamunicipalcouncil@gmail.com

पत्रांक : ............ दिनांक : ............

**शुद्धि पत्र, (Corrigendum)**

नगर परिषद झुमरी तिलैया अन्तर्गत विभिन्न सैरातों की बन्दोबस्ती हेतु आमंत्रित अल्पकालीन बन्दोबस्ती आम सूचना ज्ञापांक 2019 दिनांक 09.07.2024 (PR 329080 Urban Development (24-25)#D) अन्तर्गत निम्नलिखित तालिका अनुरूप आंशिक संशोधन किया जाता है।

| मूल कंडिका | संशोधित कंडिका को इस प्रकार पढ़ा जाए। |
|---|---|
| आवेदन प्रपत्र प्राप्त करने की तिथि :– 12.07.2024 से 22.07.2024 तक (अपराहन 12.15 बजे तक) | आवेदन प्रपत्र प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक 29.07.2024 तक (कार्यालय अवधि तक) |
| आवेदन प्रपत्र कार्यालय में जमा करने की तिथि :– दिनांक 22.07.2024 (कार्यालय अवधि तक) | आवेदन प्रपत्र कार्यालय में जमा करने की तिथि :– दिनांक 29.07.2024 (कार्यालय अवधि तक) |
| डाक की तिथि एवं समय – 24 जूलाई 2024 को पूर्वाहन 11:00 बजे से | डाक की तिथि एवं समय – 30 जूलाई 2024 को पूर्वाहन 11:00 बजे से |

शेष सभी नियम एवं शर्तें यथावत रहेगें।

ह0/–, प्रशासक
झुमरी तिलैया नगर परिषद

PR 330448 Urban Development(24-25)#D

**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा**
**(जिला योजना)**

**ईच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest)**
**(अति अल्पकालीन निविदा सूचना)**
**(Very Short term Tender Notice)**

Niti Aayog Award Money अन्तर्गत लोहरदगा जिला में ऑयस्टर मशरूम उत्पादन केन्द्र की स्थापना हेतु उपकरण एवं अन्य आवश्यक सामग्रियों के आपूर्ति, अधिष्ठापन, प्रशिक्षण, कच्चे माल की उपलब्धता, प्रसंस्करण एवं एक वर्ष तक विपणन लिंकेज, संचालन और रख–रखाव हेतु Turnkey Basis पर इस क्षेत्र के अनुभवी निबंधित एवं इच्छुक गैर सरकारी संगठनों/अर्द्ध सरकारी संगठनों/कम्पनी/संस्थानों/फर्म/ उत्पादक एवं उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि आदि से दिनांक **31.07.2024** के **11:30** बजे पूर्वाहन तक ईच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) दूसरी बार आमन्त्रित की जाती है।

"ईच्छा की अभिव्यक्ति तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड की अलग–अलग सीलबंद लिफाफे को एक बड़े सीलबंद लिफाफे में समर्पित किया जायेगा। ईच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) समर्पित करने संबंधी विस्तृत शर्त एवं दिशा निर्देश लोहरदगा जिला के वेबसाईट **www.lohardaga.nic.in** पर देखा जा सकता है। सीलबंद Expression of Interest के तकनीकी बीड़ को प्रस्तावकों/प्राधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में दिनांक **31.07.2024** के **12:30** बजे (अपराह्न) जिला क्रय एवं मूल्यांकन समिति द्वारा खोला जायेगा, तत्पश्चात केवल तकनीकी बीड़ के सफल प्रस्तावकों का वितीय बीड़ खोला जायेगा। इसके पश्चात् प्रस्ताव का Power Point Presentation प्रस्तावकों द्वारा क्रय एवं मूल्यांकन समिति के समक्ष प्रदर्शित किया जायेगा। Expression of Interest या परियोजना संबंधी किसी प्रकार के संशय (Confusion) निराकरण हेतु मोबाईल नम्बर 9608135911/9650845021 पर किसी भी कार्यालय दिवस के कार्यालय अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है।

ह0/–
उपायुक्त, लोहरदगा।

PR.NO.330424 Lohardaga(24-25):D

किसान कॉल सेंटर–18001801551
**कृषि प्रौद्योगिकी प्रबन्धन अभिकरण (आत्मा), रामगढ़ ।**
नया समाहरणालय भवन, भूतल, ब्लॉक– सी0, छत्तरमाण्डू, रामगढ़। (825101)
ई0मेल– atmaramgarh@gmail.com वेबसाईट– **atmaramgarh.org.in**

**अति अल्पकालिन सूचना**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उप विकास आयुक्त–सह–सचिव DMFT, रामगढ़ के स्वीकृत्यादेश ज्ञापांक संख्या– 463/वि0 रामगढ़, दिनांक 15.03.2024 के आलोक में गोला प्रखण्ड के ग्राम– नेमरा एवं औराडीह में "उन्नत कृषि तकनीकों द्वारा जलवायु अनुकूल कृषि परियोजना" के क्रियान्वयन हेतु PR. No. 328866 (Agriculture) 24-25*D के द्वारा ***Consultancy services/Agencies*** से सील बन्द Bid के आमंत्रण की अंतिम तिथि 20.07.2024 थी।

दिनांक 22.07.2024 को उप विकास आयुक्त, रामगढ़ की अध्यक्षता में योजना के तहत आमंत्रित सील बन्द Bid को खोलने से संबंधित संपन्न बैठक में निविदा समिति के द्वारा लिए गए निर्णय के आलोक में Bid प्राप्त करने की तिथि को निम्न प्रकार विस्तारित की जाती है। नियम एवं शर्तें तथा अन्य जानकारी कार्यालय के सूचनापट्ट अथवा Website-www.ramgarh.nic.in पर देखा जा सकता है।

1- Bid प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक 29.07.2024 समय 05:00 PM तक।
2- Bid जमा करने का स्थान :– परियोजना निदेशक, आत्मा कार्यालय, रामगढ़।
3- Bid खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 30.07.2024, समय 12:00 PM
4- Bid खोलने का स्थान :– समाहरणालय, ब्लॉक–A सभाकक्ष, रामगढ़।

ह0/–
परियोजना निदेशक,
आत्मा, रामगढ़।

PR 330454 Agriculture(24-25)D

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**MINOR IRRIGATION DIVISION, KODERMA**

**(3rd Call)**
**Very Short Notice Inviting e-quotation.**
**Notice :- WRD/MID, KODERMA-07/2024-25, Date-23.07.2024**

Government of Jharkhand through its Public Work Department (PWD) is engaged in framing/ revision of Schedule of Rates and as part of this endeavor, quotations through e-tender are invited for rate of items/ Materials annexed as Annexure- I for Construction Work from Quarry Owner/Crusher Owners/Reputed Manufacturers/ authorized dealers/Suppliers and other stakeholders authorized for respective items having valid GSTIN of materials. The rates conforming to specifications for inclusion in the schedule of Rates for Government of Jharkhand to be used in different Civil construction/ infrastructure work and repair works shall be submitted online in the website http://jharkhandtenders.gov.in. Details of Materials and its specification are available on the above e-tender Portal. The quotationer may download the documents from the website and quote their rate of Materials online from 27.07.2024 at 10:30 hrs. to 02.08.2024 at 16:00 hrs. The quotation will be opened on 05.08.2024 at 14:00 Hours.

The Quotation is invited to ascertain and assess the rate of Materials at par with lowest market rate for framing of Schedule of Rate.

**Address for Communication: -**
**Executive Engineer**
**Minor Irrigation Division, Koderma**
**Mobile No. :- +91 99391 93214**
**Email - eemidkod-cemr-jhr@nic.in**

**Executive Engineer**
**Minor Irrigation Division, Koderma**

PR 330430 Minor Irrigation(24-25).D

**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

**निविदा सूचना सं.: डीआरएमईएनजीजी आरएनसी-35-2024, दिनांक 22.07.2024;** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजी), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम:** मंडल अभियंता (दक्षिण)/रांची के क्षेत्राधिकार के अधीन नए रोड ओवर ब्रिज/रोड अंडर ब्रिज परियोजना के लिए संभावना का अध्ययन, निरीक्षण, विस्तृत सर्वेक्षण के साथ कुल स्टेशन/डीजीपीएस, अनुमोदन संरेखण का चिन्हितकरण, मृदा निरीक्षण, जीएडी तैयार करना, विस्तृत आकलन इत्यादि करना तथा डीपीआर जमा करना। **निविदा मूल्य:** रु. 44,87,841.77; **ईएमडी मूल्य:** रु. 89,800; **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 16.08.2024 को अपराह्न 3.00 बजे। ऑन लाइन निविदा प्रणाली के लिए निविदादातागण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं। पिन कोड-834003। (PR-408)

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रॉची**
**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**
पत्रांक:–दिनांक–

**ई–निविदा संख्या:–01/2024-25/RWD /EE/RANCHI**

| क्रम सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की तिथि/ अवधि | टेण्डर कॉल न0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/RANCHI/ 01/ 2024-25 | चचगुरा चौक से भण्डरा भाया करमटोली बांधटोली तक पथ निर्माण कार्य। (ल0–2.300 कि0मी0) | 2,65,21,900.00 | दो करोड़ पैंसठ लाख एक्कीस हजार नौ सौ रूपये मात्र। | 12 माह | प्रथम |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:–30.07.2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:–20.08.2024 अपराहन 5.00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:–22.08.2024 अपराहन 3.30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रॉची।
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2360137

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमण्डल, रॉची

PR 330325 REO(24-25)D

**झारखण्ड सरकार श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेन्टर, कोडरमा।**
**"भर्त्ती कैम्प–2024"**
**–: सूचना :–**

एतद् द्वारा सभी शिक्षित बेरोजगार युवक/युवतियों को सूचित किया जाता है कि जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेन्टर, कोडरमा कार्यालय के द्वारा दिनांक : 26 एवं 27 जुलाई, 2024 को जिला नियोजनालय, कोडरमा परिसर में पूर्वाहन 10:00 बजे से अपराह्न 03:00 बजे तक दो दिवसीय "भर्त्ती कैम्प" का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें निम्नलिखित प्रतिष्ठानों ने अपनी उपस्थिति की सहमति जताई है, जिसका विवरण निम्न प्रकार है :–

| S.N | आयोजन तिथि | Name of the Establishment & Address | Name of the Post | No of Post | Qualification | Age | Pay & Allow. | Experience |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 26-07-2024 | ST. Clare's School, Lokai, Koderma | Physical Education Teacher (Female) | 01 | Graduate with BPED. | 40 Max. | 23,000 P.M | 2 Yrs |
| | | | TGT (Maths, English, Geography and Biology Teacher) | 08 | Graduate with B.Ed | 40 Max. | 23,000 P.M | 2 Yrs |
| 02 | | M.S. Memorial Academy, Domchanch, Koderma | TGT (Science, English, IT, Match) | 04 | Graduate with B.Ed | 22-40 Yrs. | 25,000 PM | 3 Yrs. |
| 03 | | Sacred Heart School, J. Telaiya, Koderma | PGT, Mathematics | 01 | M.Sc, B.Ed | 25-35 Yrs. | Negotiable | 5 Yrs. |
| | | | TGT, Sanskrit | 01 | Aacharya/B.A, B.Ed | 25-35 Yrs. | Negotiable | 5 Yrs. |
| | | | Music Teacher | 01 | Graduate in Music | 25-35 Yrs. | Negotiable | 5 Yrs. |
| 04 | | Glorious Public School, Lariadih, Koderma | Computer Teacher | 01 | Graduate with 1 Yrs. In Diploma | 40 Max. | 10000-15000 PM | ----- |
| 05 | 27-07-2024 | Commando Industril Security Force, Koderma | GNM | 02 | Jharkhand Nurse Reg. Council in Reg. Mandatory | 21-45 Yrs | As Per the Jharkhand Govt. Notification Minimum wages. | 1 Yrs. |
| 06 | | Mahendra Skills Training & Development Pvt. Ltd, J. Telaiya, Koderma | Trainer | 06 | Graduate | 30 Yrs. | 19000-23000 PM | ---- |
| 07 | | PG Hospital, Karma, Koderma | ANM,GNM | 05 | Nursing Staff | 20-25 Yrs. | 10,000 PM | 3 Yrs. |

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से किसी भी नियोजनालय में निबंधित नहीं है, वे जिला नियोजनालय, कोडरमा में अथवा www.jharniyojan.jharkhand.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त "भर्त्ती कैम्प" में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छायाप्रति तथा बायोडाटा (02 कॉपी), दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते हैं। झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र में 75% स्थानीय नियोजन नीति का लाभ प्राप्त करने हेतु आवेदक को स्थानीय आवास प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। वैसे उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है, उन्हें पुनः निबंधन करवाने की आवश्यकता नहीं है। चूंकि रिक्ति निजी क्षेत्र से संबंधित है अतएव चयन की प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार से हस्तक्षेप नहीं होगा।

अतः सभी शिक्षित बेरोजगार युवक/युवतियों से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में "भर्त्ती कैम्प" में शामिल होकर इस सुनहरे अवसर का लाभ उठावें।

ह/0
जिला नियोजन पदाधिकारी,कोडरमा।

PR 330469 Labour Employment and Traning(24-25)D

# गर्मी से बढ़ती मौत

एक ब्रितानी मेडिकल जर्नल, दि लैंसेट के 2022 के एक शोध पत्र में यह पाया गया कि ठंडी रातों वाले तापमान की तुलना में गर्म रात वाले दिनों में मृत्यु का जोखिम 50 फीसदी से अधिक हो सकता है। हम यह जानते हैं कि वाष्पीकरण हमारे शरीर को ठंडा करने का एक तरीका है लेकिन यह तब प्रभावी नहीं होता है जब आर्द्रता 75 प्रतिशत से अधिक बढ़ जाती है और इसे वेट बल्ब घटना कहते हैं। इसलिए न केवल तापमान बल्कि अत्यधिक गर्मी और अत्यधिक सर्दी की स्थिति को समझने की सख्त जरूरत है। चिंता की बात यह है कि हम इन सभी तीन जानलेवा कारकों में बढ़ोतरी का रुझान देख रहे हैं खासतौर पर शहरी केंद्रों में। यहां तापमान मानवीय सहनशीलता के स्तर से ऊपर बढ़ रहा है और इसके साथ ही आर्द्रता और रात के वक्त गर्मी भी बढ़ रही है। सेंटर फॉर साइंस ऐंड एनवायरनमेंट में मेरे एक सहयोगी की एक ताजा रिपोर्ट में भारत के प्रमुख शहरों में गर्मी के रुझान पर नजर रखी गई और यह पाया गया कि देश के औसत तापमान के विपरीत शहरों की वायु के तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। हैदराबाद, दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और चेन्नई में अधिक आर्द्रता वाली गर्मी देखी जा रही है और पिछले से पिछले दशक 2001-10 की तुलना में 2014-23 के दशक के मुकाबले 5-10 फीसदी की बढ़ोतरी देखी जा रही है। केवल बेंगलूरु में गर्मी के आर्द्रता के स्तर में कोई बढ़ोतरी नहीं देखी गई और इस पर और जांच की आवश्यकता है। रिपोर्ट में यह पाया गया कि सभी जलवायु क्षेत्रों के शहरों में रात में ठंड नहीं होती है। इसमें यह बताया गया कि 2001-10 के दशक में गर्मी के मौसम में रात का तापमान दिन के शीर्ष स्तर के तापमान से 6.2 डिग्री सेल्सियस -13.2 डिग्री सेल्सियस (विभिन्न शहरों में) तक कम हो गया। यह स्थिति भारत के लिये चिंताजनक है।

# निजी क्षेत्र में आरक्षण


कर्नाटक मंत्रिमंडल ने निजी नौकरियों में स्थानीय आरक्षण को अनिवार्य करके इस विवाद को नया मोड़ दे दिया है। संबंधित विधेयक को वर्तमान विधानसभा सत्र में पेश किया जाना है और इसमें कहा गया है कि स्थानीय कंपनियों के रोजगार में प्रबंधन के पदों पर 50 फीसदी और गैर प्रबंधकीय पदों पर 75 फीसदी नियुक्तियां स्थानीय लोगों की होंगी।

आश्चर्य नहीं कि इस कानून को लेकर आईटी के केंद्र, वैश्विक क्षमता केंद्रों और फार्मा उद्योग के गढ़ बेंगलूरु में कंपनियों ने तीव्र प्रतिक्रिया दी है। ये वे कंपनियां और क्षेत्र हैं जो अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करते हैं।

नैशनल एसोसिएशन ऑफ सॉफ्टवेयर ऐंड सर्विसेज कंपनीज (नैसकॉम) ने पहले ही एक वक्तव्य जारी करके अपनी निराशा जाहिर कर दी है और राज्य के अधिकारियों से मुलाकात की इच्छा व्यक्त की है। स्थानीय रोजगार के कानूनों की प्रक्रिया नई नहीं है। महाराष्ट्र ने 2008 में 80 फीसदी रोजगार स्थानीय लोगों को देने का कानून बनाया था।आंध्र प्रदेश ने 2019 में 75 फीसदी और हरियाणा ने 2020 में 75 फीसदी स्थानीय रोजगार का कानून बनाया। इन सभी कानूनों को औद्योगिक संगठनों ने अदालत में चुनौती दी। नवंबर 2023 में अदालत ने हरियाणा के कानून को निरस्त किया और पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने इसके लिए जो वजह दी वह जानकारी बढ़ाती है।हरियाणा ने यह कानून बनाया था कि निजी क्षेत्र में 30,000 रुपये या इससे कम के मासिक वेतन वाले पदों में से 75 फीसदी स्थानीय स्तर पर भरे जाएंगे। उच्च न्यायालय ने इसे निरस्त करते हुए दो वजह दीं। पहला, खुले बाजार में नियुक्तियां करने का नियोक्ता का अधिकार राज्य सरकार के दायरे से बाहर था। न्यायालयों का मानना है कि यह आजीविका कमाने के उनके अधिकार का उल्लंघन है। वैसे इस नियम पर सभी सरकार शिथिल नजर आती है।

# देश के लिये क्यों जरूरी है बफर स्टॉक





-प्रियंका सौरभ

> दरअसल बफर स्टॉक आवश्यक वस्तुओं के भंडार हैं जो आपूर्ति और मांग में उतार-चढ़ाव को प्रबंधित करने के लिए बनाए रखे जाते हैं। भारत में चौथी पंचवर्षीय योजना ( 1969-74 ) के दौरान शुरू बफर स्टॉक खाद्य सुरक्षा, आर्थिक स्थिरता और मूल्य नियंत्रण सुनिश्चित करते हैं। भारतीय खाद्य निगम द्वारा बनाए गए चावल और गेहूं के बफर स्टॉक प्रतिकूल परिस्थितियों के दौरान उपयोग के लिए होता है।

गेहूं और चने की खुले बाजार में बिक्री से अनाज और दालों की बढ़ती महंगाई को रोकने में मदद मिली है। बढ़ते जलवायु-संचालित आपूर्ति झटकों और मूल्य अस्थिरता के बीच बफर स्टॉक को अन्य प्रमुख खाद्य पदार्थों तक बढ़ाना समझदारी है। मूल्य वृद्धि को कम करने के लिए बफर स्टॉक को चावल, गेहूं और चुनिंदा दालों के अलावा तिलहन, सब्जियों और यहां तक कि दूध पाउडर को भी शामिल किया जाए। भविष्य में बाजार स्थिरीकरण के लिए पर्याप्त बफर स्टॉक बनाने के लिए अधिशेष वर्षों के दौरान खरीद बढ़ाने की वकालत की जाती है। बफर स्टॉकिंग जलवायु परिवर्तन से प्रेरित कृषि अनिश्चितताओं से प्रभावित मूल्य अस्थिरता को कम कर सकता है, जिससे उपभोक्ताओं और उत्पादकों दोनों को लाभ होगा।

दरअसल बफर स्टॉक आवश्यक वस्तुओं के भंडार हैं जो आपूर्ति और मांग में उतार-चढ़ाव को प्रबंधित करने के लिए बनाए रखे जाते हैं। भारत में चौथी पंचवर्षीय योजना ( 1969-74 ) के दौरान शुरू बफर स्टॉक खाद्य सुरक्षा, आर्थिक स्थिरता और मूल्य नियंत्रण सुनिश्चित करते हैं। उदाहरण के लिए, भारतीय खाद्य निगम द्वारा बनाए गए चावल और गेहूं के बफर स्टॉक प्रतिकूल परिस्थितियों के दौरान इन प्रमुख वस्तुओं की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करते हैं, जिससे खाद्य सुरक्षा और मूल्य स्थिरता का समर्थन होता है। बफर स्टॉकिंग खाद्य पदार्थों की कीमतों में अत्यधिक अस्थिरता को रोकने का एक साधन हो सकता है, मुद्रा बाजार के मुकाबले आरबीआई के विदेशी मुद्रा भंडार के समान। जलवायु-संचालित मूल्य अस्थिरता में वृद्धि-जो अंततः न तो उपभोक्ताओं और न ही उत्पादकों की मदद करती है-केवल खाद्य बफर नीति के मामले को मजबूत करती है।

आपूर्ति को बढ़ावा देने और कीमतों को स्थिर करने के लिए कमी की अवधि के दौरान बफर स्टॉक जारी किया जाता है, जिससे उपलब्धता सुनिश्चित होती है। उदाहरण के लिए 2019 में प्याज की कीमत में उछाल के दौरान भारत सरकार ने आपूर्ति बढ़ाने, कीमतों को नियंत्रित करने और मुद्रास्फीति को रोकने के लिए बफर स्टॉक जारी किया, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि प्याज सस्ता बना रहे। बफर स्टॉक बनाए रखने से सरकार आपूर्ति की कमी के दौरान कीमतों में भारी वृद्धि को रोक सकती है, जिससे बाजार की मांग संतुलित रहती है । उदाहरण के लिए 2020 में सरकार ने कीमतों को स्थिर करने के लिए बफर स्टॉक से दालें जारी कीं, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि उत्पादन में कमी के बावजूद दालें उपलब्ध और सस्ती बनी रहें।

बफर स्टॉक बाजार में आपूर्ति और मांग की गतिशीलता को विनियमित करके अत्यधिक मूल्य में उतार-चढ़ाव को सुचारु बनाने में मदद करते हैं। बफर स्टॉक कमी के दौरान बाजार में आपूर्ति बढ़ाकर मुद्रास्फीति को कम करते हैं, जिससे कीमतों में अत्यधिक वृद्धि को रोका जा सकता है। उदाहरण के लिए 2021 में गेहूं और चावल के स्टॉक को जारी करने से भारत में बढ़ती खाद्य मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में मदद मिली, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि मुख्य अनाज उपभोक्ताओं के लिए किफायती रहे। बफर स्टॉक स्थिर बाजार सुनिश्चित करके, अधिक आपूर्ति के कारण कीमतों में गिरावट को रोककर और मूल्य स्थिरता प्रदान करके किसानों की सहायता करते हैं। उदाहरण के लिएः सरकार ने अतिरिक्त दूध खरीदा और किसानों के लिए दूध की कीमतों को स्थिर करने के लिए इसे स्किम्ड मिल्क पाउडर (एसएमपी) में बदल दिया, जिससे अधिक आपूर्ति के कारण वित्तीय नुकसान को रोका जा सके।

बफर स्टॉक आवश्यक खाद्य पदार्थों तक निरंतर पहुंच सुनिश्चित करते हैं , जिससे राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा और स्थिरता को बढ़ावा मिलता है। उदाहरण के लिए महामारी के दौरान , गरीबों के लिए भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित करने, भूख को रोकने और खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक वस्तुओं का वितरण किया गया था। बफर स्टॉक कीमतों को स्थिर करके और बाजार संतुलन बनाए रखकर आर्थिक झटकों को रोकते हैं, जिससे आर्थिक स्थिरता में योगदान मिलता है। उदाहरण के लिए महाराष्ट्र में 2018 के सूखे के दौरान बफर स्टॉक जारी करने से कीमतों को स्थिर करने और आर्थिक स्थिरता का समर्थन करने में मदद मिली, जिससे क्षेत्र में आर्थिक संकट को रोका जा सका।

बफर स्टॉक जलवायु-प्रेरित आपूर्ति झटकों के कारण खाद्य उपलब्धता पर पड़ने वाले प्रभाव को कम करते हैं, जिससे जलवायु लचीलापन बढ़ता है। अधिशेष वर्षों के दौरान अतिरिक्त उपज की खरीद करके बफर स्टॉक किसानों को एक स्थिर बाजार और उचित मूल्य प्रदान करता है, जिससे ग्रामीण आर्थिक स्थिरता में योगदान मिलता है। बफर स्टॉक कल्याणकारी योजनाओं के सुचारु संचालन को सुनिश्चित करते हैं, जो कमजोर आबादी का समर्थन करके और सामाजिक स्थिरता बनाए रखकर आर्थिक स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण हैं। उदाहरण के लिए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेवाइ) ने कोविड-19 महामारी के दौरान गरीबों को भोजन वितरित करने के लिए बफर स्टॉक पर भरोसा किया , जिससे भूख और अभाव को रोककर आर्थिक और सामाजिक स्थिरता सुनिश्चित हुई। चूंकि भारत जलवायु परिवर्तन के कारण बढ़ती अस्थिरता और आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रहा है, इसलिए सरकार द्वारा नियंत्रित बफर स्टॉक कीमतों को स्थिर करने और आर्थिक स्थिरता का समर्थन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित कर मुद्रास्फीति को कम करके और कल्याणकारी योजनाओं का समर्थन करके, ये बफर स्टॉक खाद्य सुरक्षा और आर्थिक लचीलापन बढ़ाएंगे, सतत विकास को बढ़ावा देंगे और भविष्य में एक स्थिर आर्थिक वातावरण को बढ़ावा देंगे। चावल और गेहूं जैसी पारंपरिक वस्तुओं से परे बफर स्टॉक में विविधता लाने की आवश्यकता है ताकि तिलहन, सब्जियां और दूध पाउडर जैसी आवश्यक वस्तुओं की व्यापक रेंज को शामिल किया जा सके।

## खास बात

### खिलौना का बच्चों पर प्रभाव

**सुधांशु कुमार**

**खिलौना** शब्द स्मरण में आते ही, अनेक प्रकार के खिलौने स्मृति में स्वरूप ग्रहण करने लगते हैं। खिलौनों को बच्चों के खेलने की वस्तु भले ही माना जाता हो, लेकिन ये आकर्षित सभी आयु वर्ग के लोगों को करते हैं। बच्चों के शैशव से किशोर होने तक खिलौने उनकी परवरिश के साथ, उनमें रचनात्मक विकास में भी सहायक हैं। खिलौनों का भारत के परिप्रेक्ष्य में कमजोर पहलू यह है कि हम खिलौनों का बड़ी मात्रा में आयात चीन से करते हैं। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खिलौनों के क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया है। इस दिशा में यदि हम आगे बढ़ते हैं तो करोड़ों लोगों का रोजगार तो मिलेगा ही बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा बचेगी। भारत में खिलौना निर्माण का इतिहास अत्यंत प्राचीन है। मोहन-जोदड़ो और हड़प्पा के उत्खनन में अनेक प्रकार के खिलौने मिले हैं। भगवान कृष्ण की बाल लीलाएं तो इतनी अनूठी हैं कि ये बाल मनोविज्ञान का पूरा शास्त्र हैं। भारत में खिलौना निर्माण लाखों लोगों की आजीविका का प्रमुख साधन था और कागज, धातु व लकड़ी से स्थानीय व घरेलू संसाधनों से बनाए जाते थे। जब रबर और प्लास्टिक का आविष्कार हो गया तो इनके खिलौने भी बनने लगे। ऑटो-इंजीनियरिंग अस्तित्व में आई तो चाबी और बैटरी से चलने वाले खिलौने बनने लग गए। नौवें दशक में जब कंप्यूटर व डिजिटल क्रांति हुई तो खिलौनों का रूप परिवर्तन हो गया। खिलौनों का एक खतरनाक पहलू भी है। भारतीय गुणवत्ता परिषद की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में आयात होने वाले 66.90 प्रतिशत खिलौने बच्चों के लिए खतरनाक हैं। एक अध्ययन में क्यूसीआई ने पाया कि अनेक खिलौनों में मौजूद मैकेनिकल और केमिकल जाचों में गुणवत्ता की कसौटी पर खरे नहीं उतरे। सुरक्षा मानकों पर खरे नहीं उतरने के बाद भारत ने चीनी खिलौना कंपनियों के निर्यात पर पाबंदी लगा दी थी। लेकिन सरकार वाकई चीनी उद्योग और उद्योगपतियों को पछाड़ना चाहती है तो नीतियों को उदार बनाने के साथ प्रशासन की जो बाधाएं पैदा करने की मानसिकता है, उस पर भी अंकुश लगाना होगा।

अपने केंद्रीय कार्यालय, रांची में एकल अभियान परिवार और विद्या भारती परिवार से जुड़े वरिष्ठ सदस्यों से मुलाकात हुई। झारखंड में शैक्षणिक व्यवस्था व जनजातीय बहुल क्षेत्रों में उनके उत्थान से जुड़े कई महत्त्वपूर्ण विषयों पर सार्थक बातचीत हुई।

**-संजय सेठ केन्द्रीय मंत्री**


## रोचक ट्वीट

**मनरेगा** में टूटा रिकॉर्ड, चार माह में ही 4.52 करोड़ मानव दिवस का सृजन।

# मनरेगा ने किसानों और प्रवासी मजदूर को आजीविका से जोड़ने में निभाई अहम भूमिका।

**- हेमंत सोरेन, सीएम**





**ताश** के पत्ते जब पुराने हो जाते हैं, तो उन्हें जोकरों से बदल दिया जाता है।

**-सोनू सूद, हीरो**

# मालिक से नाता

## धर्म-प्रवाह

**साध्वी मनीषा**

**कहते** हैं इब्राहिम के जीवन में क्रांति घट गई। उठकर उसने उस गुलाम के पैर छुए और कहा कि तूने मुझे राज बता दिया जिसकी में तलाश में था। अब यही मेरा और मेरे मालिक का नाता। तू मेरा गुरू है। तब से इब्राहिम शांत हो गया। जो बहुत दिनों के ध्यान से न हुआ था, जो बहुत दिन नमाज पढ़ने से न हुआ था, वह इस एक सूत्र से हो गया कि हकिम रजाई चलणा नानक लिखिआ नालि। सोचो, थोड़ा होश करो।

जैसा रखे, रहो। अपनी तरफ से तुमने बहुत कोशिश करके भी देख ली, क्या हुआ? तुम वैसे के वैसे हो जैसा उसने भेजा था, उससे विकृत भले ही हो गए हो, उससे सुकृत नहीं हुए हो। जैसे आए थे बचपन में भोले-भाले, उतना भी नहीं बचा हाथ में। स्लेट गंदी हो गई है, तुमने सब लिख डाला। पाया क्या है? सिवाय दुख, तनाव, संताप के क्या तुम्हारे हाथ लगा है?

थोड़े दिन सच्चे गुरु नानक देव जी की सुन कर देखो। छोड़ दो उस पर। इसलिए गुरु नानक देव जी कहते हैं, न जप, न तप, न ध्यान, न धारणा।

यह सब वही कर रहा है। एक ही साधना है वो है सच्ची श्रद्धा के सच्चे प्रेम का संपूर्ण समर्पण। आगे उस स्वांस देने वाले की मर्जी। जैसे ही तुम्हें खयाल आएगा उसकी मर्जी का, तुम पाओगे भीतर सब हलका हो जाता है। एक गहन शांति, एक वर्षा होने लगती है भीतर, जहां कोई तनाव नहीं, कोई चिंता नहीं। एक ओंकार सतनाम श्री वाहे गुरु जी।

# ईयरफोन के इस्तेमाल में कानों का भी रखें ख्याल

## स्वास्थ्य

ब्ल्यूटुथ डिवाइस ने हमारे काम को आसान बनाया है, लेकिन इससे कनेक्ट होने वाले ईयरफोन, ईयरपोड या हैडफोन के रोजाना देर तक इस्तेमाल करने पर कान के ऑडिटरी हियरिंग मैकेनिज्म पर असर पड़ता हैं और हियरिंग लॉस का कारण बनता है।

हाल ही में देश की एक मशहूर प्लेबैक सिंगर की खबर ने सबको चौंका दिया है। वायरल अटैक की वजह से उन्हें सुनाई देना बंद हो गया है। यानी वो सडन रेयर सेंसरीन्यूरल हियरिंग लॉस बीमारी से जूझ रही हैं। डाक्टरों का मानना है कि इसके पीछे एक बड़ा कारण तेज आवाज वाले वातावरण में रहना या कान में हैडफोन या ईयरफोन पर लाउड म्यूजिक सुनना भी है। वायरलेस ब्ल्यूटुथ डिवाइस के बढ़ते क्रेज ने भले ही हमारे काम को आसान बनाया है, लेकिन यह हमारी सेहत को नुकसान भी पहुंचा रहा है। दरअसल ब्ल्यूटुथ से कनेक्ट होने वाले ईयरफोन, ईयरपोड या हैडफोन से इलेक्ट्रोमैग्नेटिक रेडियो फ्रीक्वेंसी रेडिएशन निकलती हैं। जो डिवाइस के रोजाना लंबे समय तक इस्तेमाल करने पर कान के ऑडिटरी हियरिंग मैकेनिज्म को प्रभावित करती हैं और हियरिंग लॉस का कारण बनती हैं। डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट के हिसाब से दुनिया भर में 10 में से 2 लोग सेंसरीन्यूरल हियरिंग लॉस से पीड़ित हैं।

**ऐसे होता है हियरिंग लॉस**

हाई इंटेंसिटी साउंड एक्सपोजर होने पर कई बार कान के अंदरूनी और अहम हिस्से कॉक्लिया में मौजूद हेयर-सेल या ऑडिटरी नर्व डैमेज हो जाते हैं जिससे व्यक्ति की सुनने की क्षमता पर असर पडता है। यह एक्सपोजर दो स्थितियों में होता है- पहला जब कान को ब्ल्यूटुथ डिवाइस के माध्यम से हाई इंटेंसिटी साउंड एक्सपोजर कई घंटे लगातार मिलता रहता है जैसे म्यूजिक सुनना, मोबाइल देर तक सुनना, म्यूजिक कंपोजिशन, डीजे शो, माइनिंग या कारखानों में काम करने के दौरान। दूसरी स्थिति कान को हाई इंटेंसिटी साउंड एक्सपोजर एकाएक मिलने पर होती जैसे बमबारी, आतिशबाजी। कई मामलों में व्यक्ति को केवल एक कान में यानी यूनिलेटरल हियरिंग लॉस ही होता है। लगातार ईयरपोड के इस्तेमाल से कई बार केवल डोमिनेट-ईयर ज्यादा डैमेज होता है। आमतौर पर यूनिलेटरल हियरिंग लॉस वाले मरीज डॉक्टर को बहुत देर से कंसल्ट करते हैं। तब तक उसका दूसरा कान भी प्रभावित हो सकता है।

**कितनी साउंड इंटेंसिटी है खतरनाक**

व्यक्ति दिन में लगातार 6 घंटे से ज्यादा देर तक लगातार ईयर डिवाइस का उपयोग करता है, तो आगे चलकर उसे भी हियरिंग समस्या हो सकती है। आमतौर पर म्यूजिक का तेज वॉल्यूम 75-80 डेसिबल माना जाता है। लेकिन ब्ल्यूटुथ डिवाइस पर सुनने पर यह वॉल्यूम खुद-ब-खुद बढ़कर करीब 110 डेसिबल हो जाता है। जैसे-जैसे डेसिबल बढ़ते हैं, सेफ लिस्निंग टाइम कम होता जाता है। सीडीसी, अमेरिका के मुताबिक ईयरफोन डिवाइस पर 40-60 डेसिबल तक की साउंड नॉर्मल है। साउंड एक्सपोजर 85 डेसिबल के ऊपर होने पर हियरिंग लॉस का खतरा बढ़ जाता है। रोजाना ईयरफोन पर 90 डेसिबल का साउंड आधे घंटे और 100 डेसिबल से ज्यादा लेवल का साउंड 15 मिनट सुनने से व्यक्ति 5 साल में सुनने की क्षमता खो सकता है। जबकि हाई इंटेंसिटी साउंड यानी 120 डेसिबल से ज्यादा होने पर कुछ सेकंड में ही हियरिंग लॉस हो सकता है।

**क्या है जोखिम हाई इंटेंसिटी साउंड से होने वाला हियरिंग लॉस लाइलाज, स्थायी होता है।** शुरूआत में टेम्परेरी होता है जो दो-चार दिन में ठीक हो सकता है। कुछ मामलों में मरीज को टिनिटस समस्या होती है यानी कान में लगातार सीटी या बीप साउंड, सांय-सांय जैसी आवाजें आती हैं। लेकिन यह धीरे-धीरे बढ़ता रहता है और कॉक्लिया के हेयर-सेल डैमेज करता रहता है व लाइलाज हियरिंग लॉस हो जाता है।

हियरिंग लॉस के शुरूआती लक्षणों से व्यक्ति पहचान सकता है।

## कॉर्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### हिंदी मीडियम पर ध्यान

**देश** में विज्ञान व गणित पाठ्यक्रम हिंदी में उपलब्ध हो। तकनीकी पाठ्यक्रमों की गुणवत्ता वाली हिंदी की किताबें तैयार की जायें, जिससे देश में वैज्ञानिक सोच का विकास मातृभाषा के जरिये हो सके। आज का दिन इस पर मंथन करने का है।देश में अनुवाद के नाम पर हिंदी को जो जटिल बनाने की कोशिश हुई, उसने अन्य भाषाओं के लोगों को हिंदी से दूर ही किया है।

**– नीलेश, गढ़वा**

### भिक्षावृत्ति मुक्त भारत

**भारत** में भिखारियों की बढ़ती संख्या का मुख्य कारण शिक्षा का अभाव, सामाजिक असमानता, गरीबी, बेरोजगारी, अपंगता तथा कुछ गिरोहों द्वारा छोटे बच्चों का अपहरण करके उनसे भीख मंगवाना है। केंद्र और राज्य सरकारों को भिखारियों की स्थिति में सुधार व पुनर्वास की सिफारिश की है। इन लोगों में भिक्षावृत्ति के खिलाफ जागरूकता पैदा की जाए ।

**– प्रकाश सिंह, रांची**

# नाथद्वारा का विश्वास स्वरूपम और पर्यटन की नई संभावना

## राजनीति

**मदन पालीवाल**

**राजस्थान** के नाथद्वारा में स्थित विश्वास स्वरूपम (स्टैच्यू ऑफ बिलीफ) पर्यटकों को लुभाने लगा है। दो साल पहले नवंबर में उद्घाटन के बाद से अब तक 15 लाख से अधिक पर्यटक यहां पहुंचकर भगवान शिव का आशीर्वाद ले चुके हैं। यहां भगवान शिव की यह 369 फीट ऊंची मूर्ति है। यह केंद्र तेजी से प्रमुख आध्यात्मिक और सांस्कृतिक स्थल के रूप में उभर रहा है। नाथद्वारा झीलों की नगरी उदयपुर से मात्र 45 किलोमीटर की दूरी पर है। राजसमंद के नाथद्वारा के आसपास का इलाका प्राकृतिक रूप से बेहद समृद्ध है। अरावली पर्वतमाला के पास बनास नदी के किनारे पर बसे इस नाथद्वारा को श्रीनाथजी नाथद्वारा के नाम से ही जाता जाता है। श्रीनाथजी के मंदिर की वजह से आज नाथद्वारा की पहचान केवल देश में ही नहीं, बल्कि विदेश में भी है।

यह जानना भी दिलचस्प होगा कि यह मूर्ति दुनिया में भगवान शिव की सबसे ऊंची मूर्तियों में से एक है। यह 32 एकड़ में फैली हुई है और कुल ऊंचाई 112 मीटर (34 मीटर आधार सहित) है। इसे 2.5 लाख क्यूबिक टन कंक्रीट से बनाया गया है। इस मूर्ति का जीवनकाल लगभग 250 वर्ष अनुमानित है। इसे 250 किलोमीटर प्रति घंटे तक की हवाओं को आसानी से झेलने और भूकंपीय क्षेत्र चतुर्थ में भी स्थिर रहने के हिसाब से डिजाइन किया गया है। प्रतिमा में 270 फीट और 280 फीट की ऊंचाई पर दीघाएं हैं।

यहां पर्यटक 351 फीट की ऊंचाई पर जाकर जलाभिषेक और भू-स्तर पर चरणवंदना कर सकते हैं। साथ ही स्नो पार्क, वैक्स म्यूजियम व गेम जोन में वे मनोरंजन भी कर सकते हैं।

यहां रोमांच बढ़ाने के लिए 20 फीट की ऊंचाई पर एक नया अनोखा 3डी अनुभव 'आत्ममंथन' शुरू किया गया है। इस आकर्षण में 17 अलग-अलग विशेष प्रकार की दीघाएं हैं। यह दीघाएं प्रकृति के विभिन्न तत्वों से प्रेरित है। कुछ में पांच तत्वों- वायु, जल, पृथ्वी, अग्नि, आकाश, और ब्रह्माण्ड दर्शन का अन्वेषण किया गया है। कुछ पौराणिक कथाओं जैसे समुद्र मंथन और कल्पतरु वृक्ष से प्रेरित हैं। 'क्रिस्टल टेरेन', 'द काइनेसिस ऑफ बिलीफ' और 'ओम बेल' जैसी दीघाएं गहन और परिवर्तनकारी अनुभव प्रदान करती हैं। 'कैलास मानसरोवर' और 'टनल टू इटरनिटी' जैसी दीघाएं आत्मावलोकन और आत्मज्ञान को प्रेरित करती हैं।

मिराज समूह इसे अब वैश्विक आध्यात्मिक स्थल के रूप में प्रतिष्ठित करने की दिशा में प्रयासरत है। खास बात यह है कि मेवाड़ इलाके के राजसमंद जिले के नाथद्वारा में स्थित जगप्रसिद्ध श्रीनाथजी देशभर में आराध्य देव के रूप में पूजे जाते हैं। श्रीनाथजी नाथद्वारा में हवेली में विराजते हैं। यह हवेली श्रीनाथजी की हवेली के रूप में जानी जाती है। इसे मेवाड़ के तत्कालीन महाराणा राज सिंह ने बनवाया गया था। मेवाड़ में श्रीनाथजी की पूजा बाल स्वरूप के रूप में की जाती है। यहां पर दिन में करीब आठ बार भगवान की अलग-अलग रूपों में पूजा अर्चना होती है।

श्रीनाथजी को लेकर कई किवदंतियां प्रचलन में हैं। श्रीनाथजी की इस हवेली के निर्माण से मुगल शासक औरंगजेब से सीधा संबंध रहा है। कुछ इतिहासकारों का मत है कि जब औरंगजेब देश के हिंदू मंदिरों को तुड़वा रहा था तब मथुरा में बनाई गई मूर्तियों को देश के विभिन्न हिस्सों में ले जाया गया। उन्हीं में से एक श्रीकृष्ण की बाल स्वरूप की मूर्ति मेवाड़ के श्रीनाथजी मंदिर में स्थित है। मेवाड़ के महाराणा राज सिंह ने औरंगजेब से मूर्ति की रक्षा का वचन दिया था। यहां कृष्ण जन्मोत्सव पर रात ठीक 12 बजे प्रभु श्रीनाथजी को 21 तोपों की सलामी दी जाती है।

भगवान के मंदिर मोती महल में बिगुल और बैंड बजाकर उनके जन्म की खुशियां मनाई जाती हैं। यहां प्रभु श्रीनाथजी का विग्रह दुर्लभ काले संगमरमर के पत्थर से बना हुआ है। विग्रह का बायां हाथ हवा में उठा हुआ है और दाहिने हाथ की मुट्ठी को कमर पर टिकाया हुआ है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी श्रीनाथजी के मंदिर के दर्शन कर चुके हैं। मेवाड़ की पावन धरा पर पहुंचने वाले लगभग सभी लोग श्रीनाथजी के दर्शन किए बगैर यहां से नहीं जाते हैं।

(लेखक, सामाजिक कार्यकर्ता हैं।)

## स्पीड न्यूज

### नये एसपी ने पदभार ग्रहण किया



रामगढ़। नये एसपी अजय कुमार ने मंगलवार को पदभार ग्रहण किया। एसपी कार्यालय में निवर्तमान एसपी डॉ बिमल कुमार ने अजय कुमार को पदभार सौंपा। उन्होंने एसपी का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इससे पूर्व एसपी अजय कुमार के आगमन पर सार्जेंट मंटू यादव के नेतृत्व में सलामी दी गई। वरीय पुलिस अधिकारियों ने बुके देकर स्वागत किया। पदभार ग्रहण करने के बाद एसपी अजय कुमार ने कहा कि पुलिस पर लोगों का विश्वास बढ़े और अपनी परेशानी के दौरान थाना आने के उपरांत मुस्कान के साथ वे लौटे यह कोशिश होगी। एसपी ने कहा कि जिला में आपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाकर लोगों को शांतिपूर्ण माहौल उपलब्ध कराया जाएगा। ताकि लोग निर्भिक होकर अपने कार्य संपन्न कर सकें।

### सरना-सनातन एक हैं : योगेश दांगी



भुरकुंडा (रामगढ़)। अपने आप को आदिवासी समाज का तथाकथित अगुवा कहने वाल झामुमो और कांग्रेस के नेताओं को आदिवासियों को दिग्भ्रमित करने का काम बंद करना चाहिए। कब तक आप झूठ की राजनीति के सहारे आदिवासियों को भड़काने एवं उनके वोट बैंक की राजनीति करते रहोगे। उक्त बातें झारखंड प्रदेश ओबीसी मोर्चा के दक्षिणी छोटा नागपुर प्रमंडलीय सह प्रभारी योगेश दांगी ने मंगलवार प्रेस बयान जारी कर कही। उन्होंने कहा कि झामुमो और कांग्रेस कभी आदिवासियों को संविधान बदल देने के नाम पर तो कभी आरक्षण खत्म करने के नाम पर तो कभी बाहरी-भीतरी के नाम पर डराते रहते हैं। झामुमो और कांग्रेस लोगों को आपस में लड़वाने का काम कराती है। दांगी ने कहा कि सरना-सनातन एक हैं इसे तोड़ने की कोशिश की गई तो बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

### कुजू : भारी मात्रा में गांजा बरामद




कुजू। कुजू पुलिस ने नयामोड़ फोरलेन सड़क से वाहन जांच के दौरान भारी मात्रा में गांजा बरामद किया है। जिसकी बाजार भाव लाखों में बताई जाती है। बताया जाता है कि कुजू ओपी प्रभारी दिगंबर पांडेय को गुप्त सूचना मिली कि रांची की ओर से आईसर कंपनी का मिनी ट्रक संख्या यूपी78बीटी 3960 पर भारी मात्रा में लोड गंजे को नयामोड़ कुजू फोरलेन के रास्ते कहीं अन्यत्र भेजा जा रहा है। इसके बाद उन्होंने त्ववरित कार्रवाई करते हुए बैरिकेड लगाकर वाहनों को जांच करना शुरू कर दिया। जांच के दौरान उक्त नंबर का पुलिस ने मिनी ट्रक को जब्त कर लिया। बाद पुलिस ने ट्रक के डाला की तलाशी ली तो भारी संख्या में फल के प्लास्टिक के कैरेट में छिपा कर रखे भारी मात्रा में गांजा को देखा। पुलिस ने चालक को गिरफ्तार कर लिया। ओपी प्रभारी दिगंबर पांडेय ने कहा कि गांजा बरामदगी को लेकर जांच चल रही है।

### मारवाड़ी युवा मंच ने लगाया रक्तदान शिविर



कुजू। कुजू दक्षिणी पंचायत सचिवालय में सोमवार को मारवाड़ी युवा मंच रामगढ कैंट शाखा ने सदर ब्लड बैंक टीम के सहयोग से मारवाड़ी युवा मंच झारखंड प्रांत के पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष नंदलाल अग्रवाल के सम्मान में रक्तदान शिविर लगाया। शिविर में 16 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया। शिविर में मुख्य रूप से पंचायत मुखिया राकेश कुमार और मुख्य संयोजक राहुल अग्रवाल शामिल हुए।

### नक्सलियों ने रतवे में चिपकाया पोस्टर





कुजू। ओपी क्षेत्र के रतवे नावाटांड हनुमान मंदिर के पास एक आवास में एक लाल रंग का लिखा पोस्टर चिपकाया गया है। जिसमें पोस्टर पर निवेदक के रूप में भाकपा माओवादी अंकित है। चिपकाये गये पोस्टर में जनता के लोकप्रिय व क्रांतिकारी महिला आंदोलनकारी नेत्री जया दीदी, शांति कुमारी, डॉ पांडेय तथा उनके रिश्तेदार को अविलंब कोर्ट में पेश करने की बात अंकित है। यही नही बल्कि इसी तरह का पोस्टर उपर मोड़ के चौक समेत कई अन्य स्थान में चिपकाए गए। पोस्टर चिपकाने के बाद लोगों के बीच दहशत है।

### डिज्नीलैंड को लेकर भूमि पूजन



कुजू। इस वर्ष भी सावन माह के अवसर पर पब्लिक हाई स्कूल कुजू के मैदान में डिज्नीलैंड मेला लगेगा। आयोजन समिति ने सोमवार को भूमि पूजन किया। पुरोहित अमित पांडेय ने यजमान बेजू साव को पूजा अर्चना कराया। मेला समिति के सदस्यों ने बताया कि 30 जुलाई को मेला का उद्घाटन किया जायेगा।

### विकसित भारत 2047 की आधारशिला को मजबूत करेगा बजटः राकेश प्रसाद



भुरकुंडा (रामगढ़)। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं राज्य 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के पूर्व उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद ने कहा कि ह बजट प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत 2047 की आधारशिला को मजबूत करेगा। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय बजट में ज्ञान पर विशेष ध्यान देकर केंद्र सरकार ने सभी वर्गों एवं क्षेत्रों के समग्र विकास पर बल दिया है। ज्ञान यानि गरीब, युवा, अन्नदाता एवं नारी शक्ति के विकास व स्वावलंबन पर केन्द्रित बजट देश की आर्थिक स्थिति को सुद्दढ़ करेगा। श्री प्रसाद ने कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी आत्मनिर्भर भारत निर्माण के लिए संकल्पित हैं। बजट में कृषि, शिक्षा स्वास्थ्य, उद्योग एवं आधारभूत संरचना की मजबूती के लिए कारगर योजना पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

# इचाक : भ्रष्टाचार के खिलाफ मुखिया संघ का धरना जारी

## कुंभकर्णी नींद में सो रहें हैं अंचल अधिकारी : सकेंद्र मेहता

खबर मन्त्र संवाददाता



इचाक। प्रखंड सह अंचल में व्याप्त भ्रष्टाचार, अफसरों की मनमानी एवं मनरेगा में बीडीओ की दखल अंदाजी से तंग होकर प्रखंड के 19 पंचायत के मुखिया का प्रखंड मुख्यालय के समक्ष अनिश्चित कालीन धरना दूसरे दिन भी जारी रहा, जिसमें प्रमुख, उपप्रमुख एवं पंचायत समिति सदस्य ने समर्थन देने का ऐलान किया। वहीं धरना का समर्थन देने बरकट्ठा के पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव मंगलवार को इचाक पहुंचे। उन्होंने कहा कि मुखिया संघ का मांग जायज है। पंचायती राज व्यवस्था में मुखिया का अधिकार का हनन अधिकारी कर रहे हैं जो अनुचित है। बीडीओ सीओ भ्रष्टाचार में डूबे हुए है। जिस कारण आम जन परेशान है। बीडीओ सीओ अपनी कार्यशैली में सुधार नहीं करते है तो आंदोलन बड़ा रूप लेगा जिसकी जबाबदेही उनकी होगी।

आंदोलन का नेतृत्व मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष सकेंद्र प्रसाद मेहता ने किया। संचालन मुखिया अशोक कपरदार ने किया। जिलाध्यक्ष रंजीत कुमार मेहता ने कहा कि इचाक बीडीओ संतोष कुमार एवं सीओ रामजी प्रसाद गुप्ता अपनी कार्यशैली में सुधार नहीं लाते हैं एवं कार्यालय कर्मियों पर लगाम नहीं कसते हैं इसका परिणाम बुरा होगा.मनमानी रवैया से सभी जनप्रतिनिधि आहत हो चुके हैं। संघ के संरक्षक अशोक कपरदार ने कहा कि बीडीओ एवं सीओ जनता के सेवक हैं उस उस बात का ख्याल रखना चाहिए.लेकिन वे जनता के मालिक बनकर जनता द्वारा चुनकर आए प्रतिनिधियों के अधिकार का हनन कर रहे हैं।20 सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम ने कहा मुखिया का मांग जायज है अधिकारियों को जल्द इसपर पहल करना .. प्रखंड अध्यक्ष सकेंद्र प्रसाद मेहता ने कहा की बीडीओ एवं सीओ रिश्वत के बगैर कोई काम नहीं करते. इसके अलावा,प्रमुख प्रतिनिधि सिकंदर दास,पूर्व मुखिया इंद्रदेव प्रसाद मेहता,ओमप्रकाश मेहता,सुजीत कुमार, चिरंजीवी कुमार ने भी मुखिया के आंदोलन को जायज ठहराते हुए आंदोलन में सहयोग करने की बात कही।

मौके पर मुखिया चोहन मेहता, मोदी मेहता ,उमेश प्रसाद ,निशु कुमारी, मीना देवी,संगीता देवी,काजल देवी ,अशोक राम, सिकंदर कुमार राम, मंजू देवी, सीता देवी, सिकंदर राम, किरण देवी,सुनीता देवी,नंदकिशोर मेहता, बीना मेहता,किरण मेहता , संगीता देवी,मुखिया प्रतिनिधि महेंद्र दास, कुशलचंद मेहता, चंदन मेहता, राकेश कुमार,ओमप्रकाश मेहता, दयानंद कुमार, पंचायत समिति महेंद्र पांडेय समेत अन्य पंचायत समिति सदस्य मौजूद थे।

# पंचायत समिति महासंघ ने मंत्री इरफान अंसारी को सौंपा ज्ञापन

खबर मन्त्र संवाददाता



टाटीझरिया। पंचायत समिति महासंघ झारखंड प्रदेश के बैनर तले राज्य भर के पंचायत समिति सदस्य, प्रमुख और उपप्रमुख सोमवार को भी राजभवन रांची के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना पर बैठ गए थे। इसमें टाटीझरिया प्रमुख एवं हजारीबाग जिला प्रमुख संघ अध्यक्ष सह झारखंड प्रदेश प्रमुख संघ महासचिव संतोष मंडल, उपप्रमुख रवि वर्णवाल, धरमपुर पंचायत समिति सदस्य राजेश कुमार यादव, खैरा पंचायत समिति सदस्य विनय कुमार दास, डहरभंगा पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि परमेश्वर प्रसाद यादव, डुमर पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि कृपा शंकर पांडेय, बेडम पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि नरेश कुमार शामिल हैं। वहीं धरने में पंचायत समिति महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष पिंकू पांडे, कोषाध्यक्ष कुमारी विनीता, उपाध्यक्ष गीता मेहता, प्रमुख परशुराम लोहरा, निरंजन नायक, दीपा देवी प्रेमशंकर दुबे, शोभा देवी, पंचम प्रसाद, दीपक चौधरी, सिद्धार्थ, प्रतिमा सिंह समेत झारखंड के विभिन्न प्रखंडों के प्रमुख, उपप्रमुख और पंचायत समिति सदस्य उपस्थित थे। टाटीझरिया प्रमुख संतोष मंडल ने कहा कि पंचायती राज अधिनियम 2001 में उल्लेखित सभी अधिकार नहीं मिलने के कारण वह सभी राजभवन समक्ष अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हुए हैं। दो वर्ष बीत जाने के बाद भी पंचायत समिति सदस्यों, प्रमुख, उपप्रमुख को संपूर्ण अधिकार नहीं मिल पाया है। इसके कारण वह सभी जनता के बीच खरे नहीं उतर पा रहे हैं। वह सभी ठगे हुए महसूस कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि बार-बार संघ के माध्यम से संबंधितों को आवेदन दिया गया है लेकिन एक बार भी नहीं सुना गया। सबको उनके अधिकारों से वंचित रखा जा रहा है। अधिकार के लिए एकमात्र आंदोलन ही विकल्प बच गया है। संघ के द्वारा मंत्री इरफान अंसारी को मांग पत्र सौंपा गया। उन्होंने आश्वासन दिया कि आप सबों की आवेदन पर संज्ञान लिया जाएगा।

### बजट में सभी वर्गों का ध्यान : मनोज यादव

बरही। लोकसभा में पेश बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा नेता सह पूर्व विधायक मनोज यादव ने कहा कि यह बजट प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत 2047 की आधारशिला को मजबूत करेगा। श्री यादव ने कहा कि केन्द्रीय बजट में जीवाईएएन पर विशेष ध्यान देकर केंद्र सरकार ने सभी वर्गों एवं क्षेत्रों के समग्र विकास पर बल दिया है। जीवाइएएन यानि गरीब, युवा, अन्नदाता एवं नारी शक्ति के विकास व स्वावलंबन पर केन्द्रित यह बजट देश की आर्थिक स्थिति को सुद्दढ़ करेगा। उन्होनें कहा कि प्रधानमंत्री मोदी आत्मनिर्भर भारत निर्माण के लिए संकल्पित हैं। बजट उनके इस संकल्प को पूर्ण करने मे सहायक सिद्ध होगा। बजट में कृषि, शिक्षा स्वास्थ्य, उद्योग एवं आधारभूत संरचना की मजबूती के लिए प्रभावी और कारगर योजना पर ध्यान केंद्रित किया गया है। मनोज यादव ने देश को समावेशी विकास व आर्थिक रूप से मजबूत करने एवं भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में आगे बढ़ाने के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### हर वर्ग को निराश करने वाला है बजट : वारसी

बरही। कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने आम बजट पर उन्होंने कहा कि मोदी सरकार द्वारा संतुलित बजट के बजाय आगामी कई राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए लोक लुभावन बजट के चयन को प्राथमिकता दिया गया। ऐसे में देश के हर वर्ग को निराशा होना लाजमी है। उन्होंने बजट की अच्छी बात यह रही कि 50 प्रतिशत से ज्यादा कांग्रेस के घोषणा पत्र से कॉपी की गई, जिन पर भाजपा के शीर्ष नेतृत्व चुनाव में प्रश्न खड़ा करते रहे थे। अब कांग्रेस के जनहित नीतियों को भाजपा अपना रही है। मुल्क में बेरोजगारी से लेकर महंगाई तक के मुद्दे हैं पर बजट में इनको लेकर कुछ नही है। भाजपा ने पहले प्रति वर्ष 2 करोड़ नौकरियां देने का वादा किया था, 10 वर्ष बीतने के बाद नींद से जागी। अब अगले 5 साल में 4.1 करोड़ नौकरियां देने का वादा किया है। ऐसे में प्रश्न उठना लाजमी है। क्या यह एक और जुमला नहीं है।

## शिलान्यास के बाद दो वर्ष बाद भी झरपो गाड़ी साडम पथ का नहीं शुरू हुआ काम

टाटीझरिया। झरपो से गाड़ी साडम पथ पर जगह जगह गढ्ढे हो गए बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव के पहल पर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत झरपो से गाड़ी साडम पथ का शिलान्यास 2 वर्ष पूर्व हुआ लेकिन आज तक सड़क मरम्मति का शुभारंभ अब तक नहीं हो पाया। इस मार्ग से एंबुलेंस,बच्चो से भरी स्कूल गाड़ी , सैकड़ों पैदल दो पहिया चार पहिया, बड़ी गाड़ियां का आवागमन होता है यह सड़क झरपो से झुमरा होते हुए हजारीबाग को जोड़ती है और झरपो से गाड़ी साडम इचाक तक जोड़ती है। सड़क की मरम्मती नहीं होने से झरपो से हजारीबाग और झरपो से इचाक आने जाने में ग्रामीणों को काफी परेशानियां होती है। सड़क मरम्मति नहीं होने से जनप्रतिनिधि और ग्रामीणों में आक्रोश है। शिबु प्रसाद सोनी ने कहा कि इस मार्ग की स्थिति काफी जर्जर है, जहां तहां गढ्ढा होने से भीषण दुर्घटनाएं हो रही है। बरसात में तो तालाब बन जाता है। जिस ठेकेदार को सड़क मरम्मति का ठेका मिला और वह काम नहीं किया है । उपप्रमुख रवि वर्नवाल ने कहा कि ठिकेदार काम ले लेते है और करते नहीं है ऐसे ठिकेदार का लाइसेंस रद्द कर देना चाहिए मैं विधायक अमित कुमार यादव से मिलकर बात करेंगे जल्द से जल्द समस्या का समाधान भी निकालने का प्रयास करेंगे। उपमुखिया राजेंद्र कुमार ने कहा कि सड़क की मरम्मति होने से लोगो की आवागमन की मुश्किलें कम हो जायेगी।

### वन प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बने बबलू पासवान

कटकमसांडी । वन विभाग कार्यालय में मंगलवार को वन विभाग के वरीय पदाधिकारियों की अध्यक्षता में कटकमसांडी वन विभाग में आने वाले गांव के ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक में चार गांव को लेकर ग्राम वन प्रबंधन तथा संरक्षण समिति का पुर्नगठन किया गया जिस में अध्यक्ष पद के लिए तीन प्रत्याशी अपना भाग आजमा रहे थे। पहला बबलू पासवान,दूसरा प्रभात सिंह,और तीसरा सराद केशरी तीनों प्रत्याशी को ग्रामीणों के द्वारा वोटिंग किया गया, जिसमें सर्वाधिक वोट बबलू पासवान को मिला और वह कटकमसांडी वन समिति का अध्यक्ष बन गए। वन विभाग के अधिकारी ने वन सुरक्षा समिति के दायित्व की जानकारी दी। बबलू पासवान ने कहा कि वन सुरक्षा करना सिर्फ कमिटी का ही दायित्व नहीं हैं बल्कि वन की रक्षा की जिम्मेवारी प्रत्येक ग्रामीण को लेनी होगी। उन्होंने कहा कि मैं जबतक अध्यक्ष पद पर रहूंगा अवैध लकड़ी काटने वालों का विरोध करूंगा।

# बजट को सत्ता पक्ष ने सराहा, विपक्ष ने कहा-युवा विरोधी

रामगढ़। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को देश का आम बजट पेश किया। बजट में उनके द्वारा देश के किसान, महिला, मजदूर सहित सभी वर्गों का ख्याल रखने की कोशिश की गई है। रामगढ़ में बजट को लेकर लोगों ने मिलीजुली प्रतिक्रया दी है। कुछ ने सराहा तो कुछ ने किया आलोचना।

### खुशहाल होगा देशः कुंटू बाबू



भाजपा के वरिष्ठ नेता रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू ने कहा कि वित्त मंत्री द्वारा पेश बजट देश को खुशहाल बनाने वाला सिद्ध होगा। उन्होंने कहा की बजट में देश के किसान, मजदूर, युवा, महिला सभी वर्गों का ख्याल रखा गया है।

### देश की अर्थव्यवस्था होगी मजबूत :अजीत जायसवाल



बजट पर प्रतिक्रया व्यक्त करते हुए सीए अजीत जायसवाल ने इसे देश को समृद्ध बनाने वाला बताया। उन्होंने कहा की वित्त मंत्री द्वारा पेश बजट में देश को विकसित बनाने का जो विजन रखा गया है। उसके लिए बेहतर योजना बनाई गई है। साथ ही बजट में देश के किसान, मजदूर, युवा, महिला सहित सभी वर्ग के हितों का ख्याल रखा गया है।

### आम लोगों के लिए कुछ भी नही है : महेंद्र पाठक


भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने वित्त मंत्री द्वारा पेश बजट की आलोचना करते हुए किसान, मजदूर विरोधी बताया है। उन्होंने कहा की इस बजट में एक ओर जहां देश के आम लोगों की उपेक्षा की गई है वहीं, देश के कॉरपोरेट घरानों का विशेष ख्याल रखा गया है।

### विकास की गति को बढ़ाने वाला है बजट : सूर्यवंश



भाजपा कैंट मंडल अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव ने बजट की सराहना करते हुए कहा की बजट देश में विकास की गति को बढ़ाने वाला सिद्ध होगा। उन्होने कहा कि बजट में केंद्र सरकार ने देश के सभी वर्ग के हितों का ख्याल रखा है।

### बजट से बढ़ेगी महंगाई : अरूण सिन्हा



वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरूण कुमार सिन्हा ने वित्त मंत्री द्वारा मंगलवार को पेश किये गए बजट की आलोचना करते हुए इसे विकास विरोधी और देश में महंगाई बढ़ाने वाला करार दिया है। श्री सिन्हा ने कहा की इस बजट में देश के किसान, मजदूर, युवा, महिला सभी को ठगने का कार्य किया गया है। बजट में केवल देश के कॉरपोरेट घरानों का ख्याल रखा गया है और आम लोगों पर बिल्कुल भी ध्यान नहीं दिया गया है। साथ ही बजट में देश को विकसित बनाने की बात कही गई है पर उसके लिए योजना का अभाव है।

## एक नजर में

### रैयतों को जमीन वापस करे सरकार : खातून



केरेडारी। पांडु की मुखिया सकीबा खातून ने ग्रामीण विकास मंत्री इरफान अंसारी से मिलकर पांडु क्षेत्र में डुमरी कोल ब्लॉक द्वारा अधिग्रहित जमीन भू रैयतों को वापस कराने की मांग की है। मुखिया ने मंत्री को दिए गए लिखित ज्ञापन में कहा है कि केरेडारी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पांडू पंचायत क्षेत्र में नीलांचल आयरन पावर लिमिटेड द्वारा नौकरी के नाम पर फर्जी तरीके से जमीन अधिग्रहित किया गया था। जमीन अधिग्रहण के एवज में नौकरी का झांसा दिया गया था। 2008 में नीलांचल आयरन पावर लिमिटेड द्वारा जमीन लिया गया था लेकिन आजतक उपरोक्त कंपनी द्वारा खनन कार्य नही किया जा सका। कंपनी द्वारा 3 लाख 85 हजार रुपए दर से प्रति एकड़ जमीन अधिग्रहण किया गया था। कंपनी द्वारा नाही खनन कार्य शुरू किया गया और ना ही नौकरी दिया गया। कंपनी द्वारा 20 प्रतिशत जमीन अधिग्रहित किया गया है जो खेती योग्य भूमि है और कुछ भाग पर काफी संख्या में मकान बना हुआ है।

### खरना के मजदूर की केरल में करंट से मौत

विष्णुगढ़। खरना निवासी रामेश्वर महतो के 25 वर्षीय पुत्र सुरेश कुमार महतो को केरल इलेक्ट्रीसिटी बोर्ड कोल्लम में कार्य करने के दैरान करंट से मौत हो गयी। सुरेश परिवार का इकलौता कमाऊ सदस्य था, मौत की सूचना मिलते ही परिजनों का रोरोकर बुरा हाल है। इसकी सूचना मिलते ही परिजनों के प्रति सांत्वना व्यक्त करते हुए झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के केंद्रीय संगठन मंत्री महेन्द्र प्रसाद महतो उर्फ माही पटेल कहा कि रोजी कमाने जाने वाले झारखंड के नौजवानों की मौत के मुंह में समा जाने की यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी कई लोगों की मौत हो चुकी हैं। उप प्रमुख सह जेबीकेएसएस जिलाध्यक्ष सरयू साव, पूर्व मुखिया सह जेबीकेएसएस प्रखण्ड सचिव प्रेमचंद महतो, जेबीकेएसएस प्रखण्ड उपाध्यक्ष शैलेंद्र पाठक, इंजीनियर मुकेश कुमार, माही बाबू, किशोर कुमार, दशरथ महतो, राजेंद्र महतो समेत अन्य ने परिजनों ने का ढाढस बढ़ाया।

### आजसू पार्टी प्रखंड कमेटी की बैठक

बड़कागांव ।आजसू पार्टी प्रखंड कमेटी की बैठक गुरुचट्टी स्थित पार्टी कार्यालय में प्रखंड सह सचिव घनश्याम कुमार मेहता के अध्यक्षता व संचालन प्रखंड प्रवक्ता तपेश्वर कुमार तापस ने किया। बैठक में सभी को जल्द से जल्द सभी गांव का चूल्हा प्रमुख बनाने का निर्देश दिया गया । बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी ने कहा कि पार्टी के सभी कार्यकर्ता तैयार हो जाए जल्द ही विधानसभा चुनाव का बिगुल बजाने वाला है। उन्होंने कहा कि वर्तमान विधायक और झारखंड सरकार के कार्यों से पूरा झारखंड त्रस्त है। झारखंड की जनता आजसू पार्टी को आशा भरी नजरों से देख रही है और इस विधानसभा चुनाव में झारखंड में सरकार बदलने के मूड में है। मौके पर मुख्य रूप से अनिकेत नायक,नागेश्वर तूरी, संदीप कुशवाहा,कामेश्वर महतो,लीलाधन साव, गीरेंद्र प्रसाद,रामचंद्र साव,शिबू महतो आदि लोग उपस्थित थे ।

### विद्यालय में अभिभावक- शिक्षक संगोष्ठी आयोजित

टाटीझरिया । उत्क्रमित प्लस टु उच्च विद्यालय झरपो में मंगलवार को अभिभावक- शिक्षक संगोष्ठी हुआ, इसकी अध्यक्षता प्रभारी प्रधानाध्यापक लखन प्रसाद एवं संचालन शिक्षक अरूण कुमार ने किया। सभी शिक्षकों ने बच्चों को बेहतर शिक्षा देने की कही। बच्चों को विद्यालय प्रतिदिन भेजने का आग्रह किया ताकि बेहतर शिक्षा मिल सके। सरकार से छात्र- छात्राओं को मिलने वाले योजनाओं का लाभ दिलाने पर विशेष प्रचार किया गया। इस विद्यालय का चयन पीएम श्री में होने पर अभिभावकों एवं शिक्षकों ने सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। मौके पर महेश अग्रवाल,बसंत राम, निर्मल प्रसाद, गणेश माली,रवि कुमार,दिलीप कुमार,रंजीत महेंद्र इंदिवर, मोहन साव, कौलेश्वर मिश्रा, अभिभावक भुनेश्वर कुमार, रोहित मालाकर, विनय मोदी, शिबु सोनी, रेखा देवी समेत अन्य उपस्थित थे ।

### कटकमसांडी में स्कूल रूआर कार्यशाला

कटकमसांडी। बीएआरसी भवन में आर कार्यशाला का कटकमसाडी प्रखंड अंचल अधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी सविता सिंह, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी डोमन मोची,गजाला प्रवीण के संयुक्त दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया गया है। प्रखंड के उच्च विधालय, मध्य विद्यालय, प्राथमिक विद्यालय के के सभी शिक्षकों के साथ कार्यशाला में भाग लिया, कार्यशाला में बच्चों को स्थाई रूप से रूआर कार्यक्रम में विशेष तौर पर बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, विधालय में बच्चों का ठहराव,बच्चों के नामांकन, प्रोजेक्ट इंपैक्ट कार्यक्रम का विस्तार, प्रयास,के लिए रूआर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गजाला प्रवीण, मनोज कुमार सिंह, संतोष कुमार,प्रकाश कुमार, शिशुपाल सिंह एयाज अहमद,रामजीवन मेहता, देव आनंद उरांव, शिक्षक संतोष कुमार सिंह , प्रमोद मेहता, रामाशीष राम,भोला राणा, काजल देवी,सोनी कुमारी, विनोद कुमार, मनोज कुमार, दर्जनों शिक्षक उपस्थित थे।

### झुमरा में 69 स्कूली छात्रों को मिला साइकिल

दारू। राजकीयकृत विद्यालय झुमरा में कल्याण विभाग के द्वारा मध्य विद्यालय महेशरा के 35 छात्राओं एवं 34 छात्रों के बीच साइकिल वितरण किया गया। वित्तीय वर्ष 2023- 24 के लिए कुल प्राप्त 587 साइकिल का वितरण पूरे प्रखंड के विद्यालयों मे किया जायेगा, जिसकी शुरूआत मंगलवार को किया गया। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य गीता देवी 20 सूत्री अध्यक्ष शशि मोहन सिंह,बीडीओ हारून रशीद मुख्य रूप से मौजूद थे। 20 सूत्री अध्यक्ष ने बताया कि दूर दराज से बच्चे विद्यालय पढ़ने आते हैं तो कभी स्कूल लेट हो जाता है पहुंचने में अब उन्हें देरी नही होगी विधार्थी सही समय पर अपने विद्यालय पहुंच सकेंगे । मौके पर कैलाशपति देव प्रखंड कल्याण पदाधिकारी आशीष कुमार, रविंद्र कुमार , आशीष कुमार मीनाक्षी अंबसटा , मध्य विद्यालय महेश्वरा के प्रधानाध्यापक सैयद मंजर हसन, मोहम्मद नईम, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष वीना देवी, मध्य प्रधानाध्यापक अमित कुमार राणा साइकिल एजेंसी सुपरवाइजर कमल किशोर पुरोहित एवं अन्य गणमान्य सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### गैस सिलेंडर में आग से महिला घायल

दारू। बड़का इरगा में सोमवार की शाम उस समय अफरा तफरी मच गई जब सहबखान के घर पर खाना पकाने के दौरान सिलेंडर में आग लग गई और एक महिला जल कर घायल हो गयी। सिलेंडर में आग लगने की खबर सुनकर आसपास के लोग भागे-भागे आए और सिलेंडर को दूर कर उसे बुझाने का प्रयास किया। घर के मालिक ने बताया कि सोमवार शाम को उसकी पत्नी कोयले के चूल्हा पर खाना बना रही थी, तभी वह जबरा चौक से गैस सिलेंडर लेकर आया और उसकी पत्नी सिलेंडर में रेगुलेटर लगाने लगी। रेगुलेटर ठीक से नहीं लगने के कारण आवाज करते हुए गैस लीक करने लगा और बगल में जल रहे कोयले के चूल्हा के कारण पूरी तेजी से सिलेंडर में आग पकड़ लिया ।

### मवि बरही के प्रधानाध्यापक बने विनय हेंब्रम,

बरही। मध्य विद्यालय बरही की प्रधानाध्यापिका इंदु कुमारी का स्थानांतरण अंतरजिला होने पर विनय हेम्ब्रम को प्रधानाध्यापक का प्रभार सौपा है। नए प्रधानाध्यापक बनाए जाने पर विनय हेम्ब्रम ने कहा कि छात्र छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना और एक बेहतर वातावरण बनाए रखना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होने कहा कि प्रधानाध्यापिका इंदु कुमारी का मार्गदर्शन हमेशा लेता रहूंगा और अभिभावकों के साथ ताल-मेल बैठाकर बेहतर काम करने का प्रयास करूंगा। मौके पर इंदु कुमारी, कुमारी पूनम सिन्हा, अर्पणा प्रसाद, उपेंद्र शर्मा, ब्रज भूषण कुमार, अशोक राम, सहीदुल अली, इरफान अंसारी, तुफैल आजाद, सनोवार, नीलू रजक, साईदा निखत, तब्बसुम, हंसना परवीन, रुपा कुमारी, गजाला साहिन सहित अन्य शिक्षक व शिक्षका शामिल थे।

# डॉक्टरों के सलाह पर ही दवा लें

मनमर्जी से एंटीबायोटिक दवाइयां खाना या डॉक्टरों अथवा झोलाछाप चिकित्सकों द्वारा रोगी को बार-बार हाई पावर की दवाएं देने से एक वक्त ऐसा भी आता है जब बीमारी में किसी भी तरह की दवा काम नहीं करती। यह स्थिति एंटीबायोटिक रेसिसटेंसी कहलाती है और हाल ही एक अमरीकी महिला की इस कारण से मौत हो गई। इस मरीज पर 13 तरह की एंटीबायोटिक दवाइयों का भी असर नहीं हुआ। चिंताजनक बात यह है कि मरीज के शरीर में यह खतरनाक सुपरबग भारत में इलाज के दौरान पनपा।

**यह था केस**

दो साल पहले भारत आई 70 वर्षीय महिला को पैर की हड्डी में फ्रेक्चर व इसमें हुए इंफेक्शन के चलते दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती किया गया था। डॉक्टर द्वारा की गई जरूरी जांचों के आधार पर सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन के अनुसार ड्रग रेसिसटेंस वर्ग के एक दुर्लभ बैक्टीरिया से उसके शरीर में ब्लड इंफेक्शन हुआ और सेप्टिक शॉक (इंफेक्शन का रक्त के जरिए अन्य अंगों को नुकसान) के कारण मौत हुई।

**दवाओं के बेअसर होने के कारण**

मुख्य कारण बैक्टीरिया की पहचान के आधार पर दवा न देना है। अच्छी क्वालिटी, सही तरीके से या दवा का पूरा कोर्स न लेना। एक्सपायरी या रोग की जानकारी के अभाव में कोई भी दवा लेना, बैक्टीरिया का स्वतः दवा के प्रति बेअसर होना, किसी अन्य माध्यम से शरीर में आए बैक्टीरिया का शारीरिक संरचना के अनुसार असर।

**क्या सिरदर्द, पेटदर्द या एसिडिटी जैसी परेशानियों में ली जाने वाली दवाएं ड्रग रेसिसटेंस का कारण बन सकती हैं?**

नहीं, ये दवा शरीर में हुए ऐसे अंदरुनी बदलाव के लिए काम करती हैं जो किसी बैक्टीरिया से नहीं हुए हैं। इसलिए इनसे ड्रग रेसिसटेंस नहीं होता। लेकिन इन दवाओं को बिना डॉक्टरी सलाह लेने से निर्धारित अंग से जुड़ी समस्या पर इनका असर धीरे-धीरे कम होने लगता है।

**रेसिसटेंस खत्म करने वाली दवाएं भी कई बार काम नहीं करती हैं, ऐसा क्यों?**

ज्यादातर मामलों में यदि शरीर में कोई दवा असर करना बंद कर दे तो इस समस्या को ठीक करना मुश्किल हो सकता है। क्योंकि जो बैक्टीरिया धीरे-धीरे एंटीबायोटिक दवाओं के प्रति असरहीन हो जाते हैं उनपर दूसरी दवाओं का असर नहीं होता। ऐसे में मरीज का इलाज शुरुआत से कर लंबे समय तक चलता है।

**ऐसे मरीजों को किस तरह दवा देते हैं**

ड्रग रेसिसटेंस वाले मरीजों को बीमारी की गंभीरता के अनुसार दवा देते हैं इसलिए कोई भी बैक्टीरियल, फंगल या वायरस जनित रोग में बिना कल्चर टैस्ट के दवा न लें। सही जीवाणु की पहचान के आधार पर ही दवा व उसकी डोज तय होती है। डॉक्टर द्वारा बताए गए तरीके, डोज, समय व निश्चित गैप में दवा लें।

**डॉक्टरी रायः**

कुछ बैक्टीरिया धीरे-धीरे एंटीबायोटिक दवा के प्रति बेअसर हो जाते हैं। ऐसे में इनके लिए प्रयोग होने वाली हाई डोज दवाएं भी काम नहीं कर पाती। महिला के शरीर में सुपरबग हेल्थ वर्कर के संपर्क में आने, यूटीआई, किसी इंस्ट्रूमेंट या कैथेटर आदि के प्रयोग से पहुंचा होगा। एर्टापेनम, डोरीपेरम व मॉक्सीफ्लेक्सेसिन रेसिसटेंस दवाओं को बिना डॉक्टरी सलाह के न लें।



# मोटापा बनी परेशानी



**आज** ज्यादातर लोग मोटापे की समस्या से परेशान है, इसके लिए लोग घंटो जिम जाकर एक्सरसाइज करते है और डाइटिंग शुरू कर देते है लेकिन इसके बावजूद भी लोग मोटापा कम करने में सफल नहीं हो पाते। कहते है कि मानव शरीर सिर से लेकर पैर तक आपस में जुड़ा होता है।

शरीर में मौजूद नसें, रक्त धमनियां,मांसपेशियां, स्नायु और हड्डियों आपस में मिलकर शरीर रूपी इस मशीन चलाने का काम करते है। अगर शरीर के किसी अंग पर दबाव पड़ता है तो उससे शरीर में पूरे हिस्से पर प्रबाव पड़ता है। ऐसे ही आप शरीर में कुछ अंग होते है, जिनकी मसाज करने से पेट की चर्बी कम होती है।

### कानों पर मसाज

अपने कान पर दबाव बिंदु का पता लगाएं, इस बिंदु को दबाकर भूख पर नियंत्रण करना आसान होगा और आप ओवरईटिंग से बचेंगे। इसी बिंदु के ऊपर मांसल फ्लैप होता है , जिसे 3 मिनट के लिए इस जगह पर लगातार दबाव डालें। धीरे-धीरे प्रेशर बढाएं।

### घुटनों पर मसाज

घुटनों के बाईं ओर ठीक नीचे ताोना बिंदु होते हैं जिन पर दबाव देने से शरीर का मेटाबॉलिज्म ठीक रहता है और मोटापा कम होता है।

### हथेली की मसाज

हथेलियों में अंगूठे के पास वाले उभरे भाग पर व्यक्ति की सहन क्षमता के अनुसार दबाव दें। इसके बाद अच्छी मात्रा में गुनगुना पानी का सेवन करें जिससे टॉक्सिन शरीर से निकल जाएं।

### कंधे की मसाज

दाहिने कंधे के मध्य भाग में हाथ की उंगुली और अंगूठे से दिन में 2 बार लगभग आधा मिनट तक दबाव देना चाहिए। लेकिन ध्यान रहे एक्यूप्रेशर के इस प्रयोग को खाली पेट ना करें।

### एड़ी पर मसाज

एड़ी की हड्डी यानी एंकल बोन पर पर हाथ की चारों उगुलियों को रखें और धीरे-धीरे दबाव दें। इस मसाज से पाचन तंत्र ठीक रहता है।

# गोरे रंग की दिवानगी



हर लड़की चाहती है कि उसका रंग गौरा हो और वह सबसे खूबसूरत दिखे। इसके लिए वह तरह-तरह की क्रीम का भी इस्तेमाल करती हैं। ऐसे में वे यह भूल जाती है कि घर में भी ऐसी बहुत सी चीजे मौजूद होती है जिन्हें अपनाकर वह बेदाग और गौरी त्वचा पा सकती हैं। इससे आप समय और पैसों दोनों की बचत कर सकती हैं।

1. चेहरा धोंए
चेहरे पर धूल मिट्टी और गंदगी न बैठने दें। हमेशा अपना चेहरा साफ रखे। इसके अलावा स्किन केयर टिशयू हमेशा अपने पास रखें।


2. नींबू
रोजाना एक नींबू को चेहरे पर रगड़े। ऐसा करने से आप कुछ ही दिनों गौरी त्वचा पाएंगी।

3. दही
दही में प्रोबायोटिक तत्व होते हैं जो त्वचा को साफ कर के उसे अंदर से गोरा करते हैं। हर रोज दही से अपने चेहरे की मसाज करें।इससे चेहरा दिनों-दिन निखरेगा।

4. हल्दी
हल्दी, चिरौंजी 50-50 ग्रा. लेकर पाऊडर बना लें। एक-एक चम्मच सब चीजों को मिलाकर इसमें 6 चम्मच शहद मिलाएं और नींबू का रस तथा गुलाब जल डालकर पेस्ट बना लें और चेहरे पर लगाएं।

5. संतरे के छिलके
नींबू और संतरे के छिलकों को सुखाकर चूर्ण बना लें। इस पाऊडर को हफ्ते में एक बार बिना मलाई के दूध में मिलाकर लगाएं, त्वचा में चमक आएगी।

# आंखों को जलन से बचाएं



**कम्प्यूटर** पर बैठकर घंटों काम करने से आंखों में जलन, ड्रायनेस, थकान और धुंधलापन होना आम बात है। अगर आपको अपनी आंखों को स्वस्थ रखना है तो बस रोजाना करें ये एक्सरसाइज। बड़े ही आराम से इसे ऑफिस में या फिर कहीं भी बैठकर किया जा सकता है।

### पलकें झपकाना

2 मिनट में हर 3-4 सेकंड के लिए अपनी पलकें झपकाएं। आपने काम के दौरान थोड़ा सा वक्त निकालकर यह एक्सरसाइज़ करने से आप तरोताजा महसूस करेंगे। पलकों को झपकाने से आंखें तरोताजा और हाइड्रेटेड बनी रहती हैं।

### गोल-गोल घुमाएं आंखें

आंखों को पहले दस बार क्लॉकवाइज और दस बार एंटी-क्लॉकवाइज घुमाएं। आंखों की रोशनी बेहतर करने के लिए यह एक बढ़िया एक्सरसाइज है।

### आंखों को दें आराम

आंखों को आराम देने के लिए एक कुर्सी पर आराम से बैठ जाएं। इसके बाद अपना सिर पीछे करके कुछ देर के लिए अपनी आंखें बंद कर लें। 3 मिनट तक इसी पोजीशन में बने रहें। दिन में कम से कम एक बार यह एक्सरसाइज जरूर करें।

### खानपान पर दें ध्यान

अपने खानपान में विटामिन ए, सी, ई और कॉपर व ज़िंक जैसे मिनरल्स को शामिल करें ये बेहतर दृष्टि के लिए बहुत जरूरी हैं। इसके अलावा आप विटामिन ए युक्त चीजें, जैसे- गाजर, पालक, टमाटर, तरबूज, एप्रीकोट, शकरकंद, अंगूर आदि भी डायट में शामिल कर सकते हैं।

# नेचुरल फूड सबसे अच्छा

**बच्चों** के शरीर में सही विकास होना बेहद आवशयक होता है। अगर आपके बच्चे की हड्डियां मजबूत नहीं हैं या उसे आएं दिन दर्द होता रहता है तो आपको उस पर ध्यान देने की आवशयकता है। जानिए कौन-कौन से प्राकृतिक उत्पाद आप अपने बच्चे को दे सकती हैं जिसकी मदद से वो स्ट्रांग बन सकता है।

**दूध से बने उत्पाद :** दूध से बने उत्पाद जैसे- दही, छाछ, पनीर या चीज़ आदि में कैल्शियम की मात्रा बहुत ज्यादा होती है। इससे बच्चे के शरीर की हड्डी और उसके दांत काफी मजबूत हो जाते हैं।

**शकरकंद :** शकरकंद में उच्च मात्रा में कैल्शियम होता है जो कि शरीर को स्ट्रांग बनाता है। बच्चे को शकरकंद कच्ची या भून कर दें। आप चाहें तो इसका हलवा भी बनाकर दे सकती हैं।



**सोया दूध :** बच्चे को सोया दूध दें, इसमें काफी पौष्टिक तत्व होते हें जो शरीर को मजबूत बनाते हैं और बच्चे के शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को बढा देते हैं।

**मटर :** बच्चे को आप मटर से बनी कई डिशेज को बनाकर खिलाएं। मटर में कई पोषक तत्व होते हैं जो बॉडी को मजबूत बना देते हैं।

**औरेंज :** संतरें में साइट्रस होता है जो बच्चे की हड्डियों को मजबूत बना देता है और कैल्शियम व विटामिन सी से भर देता है।

**रागी :** रागी से बच्चे को कैल्शियम की भरपूर मात्रा मिल जाएगी। यह शरीर के लिए बेहद अच्छा होगा। आप चाहें तो रागी पाउडर को आटे में मिलाकर रोटी भी बच्चे को दे सकती हैं।

नट्स : नट्स जैसे बादाम में भी कैल्शियम होता है जिसे बच्चे चाव से खा सकते हैं। यह शरीर को मजबूत बनाएं रखता है।

# लगातार छींक से बचने के घरेलू उपाए

आप सुबह सुबह उठते हैं और छींकना शुरू कर देते हैं और यह प्रक्रिया कुछ समय तक लगातार चलती रहती है। यह आपमें चिढ. पैदा करता है और आप चाहते हैं कि इससे आपको जल्द ही मुक्ति मिले। इसलिए अगर आप इसका उपाय ढूंढ रहे हैं तो इन घरेलु उपचारों की मदद लें। यहाँ पर 15 घरेलु उपचारों के बारे में बताया गया है जिससे आपको छींक से तुरंत राहत मिलेगी।



**अदरकः** छींक की परेशानी के लिए सबसे सही घरेलु उपचार है अदरक। इसे आप चाय में डालकर या पावडर बना कर गुड़ के साथ ले सकते हैं।

**लहसनः** दूसरा राहत देने वाला उपचार आप लहसन से कर सकते हैं। यह एंटी बैक्टीरियल होता है। कुछ लहसन को कूच कर पानी में डाल कर उबाल लें। अब पानी में से लहसुन छान लें और पानी ले लें। आप लहसुन को कूच कर उसकी सुगंध भी ले सकते हैं।

**दालचीनीः** दालचीनी में एंटी वायरल गुण होते हैं। एक चुटकी दालचीनी पाउडर को शहद में डालकर पीएं। यह छींक और जुकाम का काफी असरदार निवारण है।

**शहद और नीम्बूः** अगर आप छींक से तुरंत राहत चाहते हैं तो शहद और नीम्बू को मिलाकर लें। शहद एंटी बैक्टीरियल होता है और नीम्बू में विटामिन सी होता है। इन दोनों को गुनगुने पानी में मिलाकर पीएं। इससे आपकी छींक कम हो जायेगी।

**चामोमील चायः** अगर आप लगातार छींक रहे हैं तो चामोमील चाय दिन में दो बार पीएं। इससे छींक में तुरंत असर दिखेगा।

**यूकेलीप्टस का तेलः** यह तेल छींक में रामबाण इलाज कहलाता है। खौलते पानी में इस तेल की कुछ बूंदें डाल दें। इसके भाप को अंदर लें। इससे छींक और बंद नाक में काफी आराम मिलेगा।

**काली मिर्चः** अगर आप लगातार छींक से कॉफिन परेशान हैं तो आधा चम्मच काली मिर्च पाउडर लें और इसे गुनगुने पानी के साथ लें। इससे ज़ुकाम और छींक में आराम मिलेगा।

**सौंफ की चायः** सौंफ में एंटी वायरल और एंटीबायोटिक गुण होते हैं। खौलते पानी में एक चम्मच सौंफ पाउडर डाल कर इस चाय को बनाते हैं। इससे छींक में आराम मिलता है।

**गर्म पानी का भाप लेंः** गर्म पानी का भाप लेने से बलगम पिघलता है और नाक साफ होती है। यह छींक से काफी राहत दिलाता है।

**हल्दीः** हल्दी में करक्यूमिन होता है जो असरदार सर्दी खांसी की दवा होती है। इससे एलर्जी और छींक से छुटकारा मिल जाता है। इसे आप सब्ज़ी बनातेवक़्त करी में भी डाल सकते हैं या पाउडर की तरह भी ले सकते हैं।

**ओकराः** ओकरा से छींक और बहती नाक में तुरंत आराम मिलता है। ओकरा में चिपचिपा पदार्थ म्यूसिलेज होता है जो छींक में तुरंत आराम दिलाता है। बीज निकालकर ओकरा के बाहरी हिस्से को उबाल लें। इसे ठंडा कर पानी के साथ लें।


**हींगः** अगर आप लगातार छींक और बहते नाक से परेशान हैं तो थोड़ा हींग लेकर इसके गंध को अंदर लें। इससे छींक में आराम मिलेगा।

**पान का पत्ताः** यह छींक का सबसे सही घरेलु उपचार है। आपको एक चम्मच पान के पत्ते का जूस पीना है। इससे लगातार होती छींक रुक जायेगी।

**पुदीने का तेलः** छींक का एक और असरदार और घरेलु उपाय है पुदीने का तेल। खौलते पानी में पुदीने तेल की कुछ बूंदें डाल दें। इसके भाप को अंदर लें। इससे छींक में राहत मिलती है।

**अजवाइनः** पानी उबाल कर उसमें एक चम्मच आजवाइन डालें। अब इसे छान कर इसमें एक चम्मच शहद मिला लें और इसे पीएं। इससे छींक और बहती नाक पर असर दिखेगा।

# मुंह में छाले पड़ना आम समस्या करें देशी ईलाज



मुंह में छाले पड़ना, यह तो एक आम समस्या है। लेकिन अगर इस पर ठीक तरह से ध्यान ना दिया जाए तो यह समस्या आपके लिए खतरनाक भी साबित हो सकती है। इसलिए आज हम कुछ ऐसे 6 घरेलू नुस्खे लेकर आए है जिन्हें अपनाकर आप अपने मुंह और जीभ के छालों आसानी से ठीक कर सकते हैं।

1. शहद
मुंह के छालों को ठीक करने के लिए शहद एक दवाई की तरह काम करता है। रूई को शहद में डूबोकर छालों वाली जगह पर लगाएं।

2. एलोवेरा
एलोवेरा के जूस या जेल को छालों वाली जगह पर लगाने से काफी आराम मिलता है।

3. इलायची
दो-तीन इलायची को पीस कर एक चम्मच शहद में मिला लें। फिर इस मिश्रण को छालों वाली जगह पर लगाएं।

4. घी
घी के इस्तेमाल से भी छालों की समस्या को दूर किया जा सकता है। घी को सोने से पहले छालों वाली जगह लगा लें।

5. हरा धनिया
हरे धनिए की तीन-चार पत्तियों को पीस लें। फिर इसके रस को छालों वाली जगह पर लगाएं। ऐसा करने से छालों की समस्या दूर हो जाती है।

6. बर्फ
बर्फ से भी छालों को ठीक किया जा सकता है। एक बर्फ का टुकड़ा लेकर छालों वाली जगह पच्चीस सैकेंड के लिए रखें। ऐसा करने से काफी राहत महसूस होती है।

# सीने में जलन यानी एसिडिटी

आजकल गलत खान-पान और मसालेदार भोजन के कारण गैस,बदहजमी, एसिडिटी और खासतौर पर सीने में जलन हर 10 में से 6 व्यक्तियों को नजर आती है। यह जलन कभी-कभी गले में होती है तो कभी छाती में। यह इतनी भयानक होती है कि इससे पीड़ति रोगी बेचैनी का शिकार हो जाता है। कई बार तो समस्या इतनी बढ़ जाती है कि डॉक्टरी मदद लेनी पडती है। आज हम आपको कुछ ऐसे घरेलू उपाय बताने जा रहे है जिससे आप इस परेशानी का घर पर ही हल निकाल सकते हैं।



- एक गिलास पानी में दो चम्मच शहद और दो चम्मच सेब का सिरका डालकर खाना खाने से पहले रोजाना पीएं। यह एक असरदार उपाय है।
- खाना खाने से पहले एलोवीरा जूस पीने से राहत मिलती है।
- भोजन खाने के बाद सौंफ जरूर चबाएं, इससे खाना असानी से पच जाता है।
- ताजा पुदीने के पतों का रस रोज पीना लाभकारी है।
- अदरक की चाय पीने से भी लाभ मिलता है।
- रोज सुबह तुलसी के ताजा पत्ते चबाएं।
- सीने में जलन होने पर ठंड़ा दूध पीने से इस परेशानी से निजात पाई जा सकती है।
- खाने में नींबू का प्रयोग जरूर करना चाहिए। भोजन करने के 1 घंटे पहले नींबू के रस में काला नमक मिलाकर पीने से सीने की जलन में फायदा मिलता है।
- नारियल का पानी पीना भी सीने की जलन को खत्म करता है।

# प्याज कई रोगों के लिए रामवाण


**प्याज** महंगा है लेकिन पूरे दुनिया में इसका उपयोग किया जाता है।प्याज भी तीन तरह के होते है जैसे रक्त,श्वेत, और पीला प्याज। इतना ही नहीं प्याज पत्तों का इस्तेमाल भी खाने में किया जाता है। प्याज कई गुणो से भरपूर होती है, इसमें प्राकृतिक शक्कर ,विटामिन्स ए ,बी,सी ,और इ होता है। इसके अलावा इसमें मिनरल्स जैसे सोडियम ,पोटैशियम,आयरन,दिएट्री फाइबर होता हैं। प्याज फोलिक एसिड का सबसे अच्छा स्त्रोत है। इसके सेवन से हम लोग लंबे समय तक बीमारियों से बचे रहते है।

### इंफैक्शन

प्याज में एंटीबायोटिक, एंटीसेप्टिक जैसे कई तत्व होते है, जो शरीर में होने वाले इंफैक्शन को खत्म करते हैं और कई तरह की समस्याओं से बचाते है।

### प्रतिरोधक क्षमता

प्याज में फाइटोकेमिकल्स होता हैं, जो की हमारे शरीर में विटामिन 'सी ' को बढ़ता हैं और हमारे शरीर की



प्रतिरोधक क्षमता को बढाने में मदद करता हैं।

### सही रक्त प्रवाह

प्याज में क्रोमियम तत्व पाया जाता हैं जो की रक्त प्रवाह को सुचारू ढंग से चलाता हैं और शरीर के शक्कर को नियंत्रित रखता हैं। अगर कच्चे प्याज का सेवन किया जाएं तो कोलेस्ट्रॉल कंट्रोल और हृदय को स्वस्थ रखता हैं।

### कीड़ो के काटने पर

किसी भी प्रकार के कीड़े-मकोड़े के काटने पर प्याज का रस लगाने से जलन और दर्द में बहुत राहत मिलती हैं।

### नाक की नकसीर

अगर नाक के रक्त आता हो या नकसीर चलती हो तो नाक में प्याज के रस का 1-2 बूंदे डाले। इससे नाक से रक्त आना बंद हो जाता हैं।

### पथरी का इलाज

पथरी के लिए प्याज के रस में चीनी मिलाकर लेने से पथरी खत्म हो कर मूत्र के जरिए बाहर आ जाती है।

### अनिद्रा

अगर अनिद्रा की समस्या हो तो प्याज का सेवन करें। इससे यह शिकायत भी खत्म हो जाएगी।

## आम बजट पर लोगों की प्रतिक्रिया

### विकसित भारत की ओर कदम बढ़ाने वाला बजट : अमरप्रीत सिंह काले




भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले ने कहा है कि केंद्रीय बजट सर्व समावेशी, युवा केंद्रित और विकासोन्मुख बजट है। यह विकसित भारत के संकल्पों को साकार करने वाला बजट है। 140 करोड़ देशवासियों की आशा एवं आकांक्षाओं के अनुरूप समाज के सभी वर्गों के सर्वांगीण विकास को बजट गतिशीलता प्रदान करेगा। यह बजट युवाओं के लिए सुनहरा अवसर लेकर आया है।

### बजट में हर वर्ग के लोगों का रखा गया है ख्याल : काली शर्मा



भाजयुमो झारखंड प्रदेश मीडिया प्रभारी कृष्णा शर्मा काली ने आम बजट राष्ट्रहित के लिए सर्वोपरि बजट बताते हुए इसका स्वागत किया है। कहा कि बजट 2024-25 में हर वर्ग के लोगों का ख्याल रखा गया है। यह किसान, शिक्षा, व्यापार के अलावे मध्यम वर्ग के लोगों के स्वरोजगार के क्षेत्र में कारगर साबित होगा।

### आम जनता को ठगने वाला है यह आम बजट : राकेश तिवारी



झारखंड कांग्रेस के प्रदेश सचिव खरसावां के प्रभारी एवं इंटक के प्रदेश प्रवक्ता राकेश तिवारी ने आम बजट पर कहा कि यह देश की जनता को धोखा देने वाला और ठगने वाला बजट है। इसमें महंगाई की आग में जल रही देश की जनता को उबारने के लिए मुद्रा स्फूर्ति को लेकर कोई चर्चा नहीं की गयी है।

### विकसित भारत का मार्ग प्रशस्त करने वाला बजट : हरि सिंह राजपूत



सामाजिक संस्था वॉयस ऑफ ह्यूमैनिटी के संस्थापक हरि सिंह राजपूत ने आम बजट पर कहा कि ये बजट आत्मनिर्भर, सशक्त और विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के सकरात्मक प्रयासों का प्रतिबिंब है। निश्चित रूप से आम बजट 2024-25 'नये भारत' को 5 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी का मार्ग प्रशस्त करेगा। इसमें गांव, गरीब, किसान, महिला, युवा सबका भला समाहित है।

### आम जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने वाला है आम बजट : अमित



भाजयुमो जिलाध्यक्ष अमित अग्रवाल ने आम बजट पर कहा कि आज प्रस्तुत सर्वस्पर्शी, सर्वसमावेशी, विकासोन्मुखी आम बजट 2024-25, 140 करोड़ देशवासियों की आशाओं, आकांक्षाओं और अमृतकाल के सभी संकल्पों को सिद्ध करने वाला है।

### विकसित भारत के संकल्पना को समर्पित है यह बजट : गुंजन यादव



भाजपा जमशेदपुर महानगर के पूर्व जिलाध्यक्ष गुंजन यादव ने बजट को विकसित भारत के संकल्प के अनुरूप विकास को समर्पित बजट बताया। कहा कि यह बजट किसानों, श्रमिकों, शोषित- वंचित वर्गों, युवाओं, महिलाओं और मध्यम वर्गीय समाज को समर्पित है।

### मोदी पार्ट -3 का आम बजट राष्ट्र हित के लिए सर्वोपरि : रामचंद्र सहिस



आजसू के प्रधान महासचिव सह पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस ने आम बजट पर कहा कि मोदी सरकार की तीसरी पारी को यूं कहें कि मोदी पार्ट -3 का यह आम बजट राष्ट्रहित के लिए सर्वोपरि है। इस बजट से किसान, शिक्षा, व्यपार के अलावे मध्यम वर्गीय लोगो के स्वरोजगार के क्षेत्र मे कारगर साबित होगा देश के वित्त मंत्री निर्मला सितारमन जी के कार्य क्षमता देश के लिए गौरवपूर्ण है।

### विकास को समर्पित प्रगतिशील है आम बजट : प्रमोद मिश्रा



भाजपा वारीडीह मंडल के मीडिया प्रभारी प्रमोद मिश्रा ने आम बजट पर कहा कि यह बजट देश के विकास के लिए समर्पित एवं प्रगतिशील है। वित्त मंत्री के इस बजट से मिडिल क्लास को ताकत मिलेगी। मुद्रा लोन को 10 से बढ़ाकर 20 लाख किया गया है जिससे रोजगार सृजन में काफी सहूलियत होगी।

### आम बजट में मध्यम वर्ग, किसानों और एमएसएमई पर ध्यान : सोंथालिया



कैट के राष्ट्रीय सचिव सुरेश सोंथालिया ने कहा कि इस बजट में मिडिल क्लास परिवार, किसानों को लाभ, युवाओं के प्रशिक्षण और रोजगार और एमएसएमई को समर्थन देने पर भी ध्यान दिया गया है। इसमें दो लाख करोड़ की लागत से चार करोड़ लोगों के लिए रोजगार योजनाएं दी गयी हैं।

## यह नयी पीढ़ी के सुधारों वाला प्रगतिशील बजट : टीवी नरेंद्रन

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील के सीइओ एंड एमडी टीवी नरेंद्रन ने कहा है कि आम बजट-2024 में हम अगली पीढ़ी के सुधारों का स्वागत करते हैं, जो समग्र आर्थिक विकास की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतीक है। ये सुधार भारत में व्यापार करने में आसानी को बढ़ाने के लिए तैयार हैं। ग्रामीण, अर्ध-शहरी और शहरी क्षेत्रों के लिए सरकार की व्यापक विकास दृष्टि निस्संदेह विकास और रोजगार को बढ़ावा देगी। श्री नरेंद्रन के अनुसार पूंजीगत व्यय के लिए बढ़ा हुआ प्रावधान लगभग। 11 लाख करोड़ रुपये बुनियादी ढांचे के निर्माण और सुधार के लिए एक बड़ा प्रोत्साहन है और इसका अर्थव्यवस्था पर एक मजबूत गुणक प्रभाव पड़ेगा और व्यापार करने की लागत भी कम हो जाएगी। ऐसे सभी बुनियादी ढांचे के विकास के एक प्रमुख घटक के रूप में, स्टील की मांग में वृद्धि देखी जाएगी, विशेष रूप से आवास और जल आपूर्ति के लिए बढ़े हुए बजटीय आवंटन के साथ। विभिन्न रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजनाएं एक सकारात्मक कदम हैं जो रोजगार को बढ़ावा देंगी, विशेष रूप से विनिर्माण क्षेत्र में, और आर्थिक विकास का समर्थन करेंगी। शिक्षा और कौशल पर प्रोत्साहन युवाओं को गतिशील नौकरी बाजार की मांगों को पूरा करने के लिए सशक्त बनायेगा।



## प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल के पहले बजट में विकसित भारत की नींव रखी गयी : बिद्युतबरण



जमशेदपुर से लगातार तीसरी बार सांसद बिद्युतबरण महतो ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के तीसरे कार्यकाल की पहली बजट में विकसित भारत 2047 की नींव रखी गयी है। आज का यह बजट रोजगार सृजन, उन्नत खेती, महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने, ऊर्जा उत्पादन, घरेलू उद्योगों खासकर एम एस एम ई को बढ़ावा और युवाओं को उन्नत प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार सृजन के लिए ऐतिहासिक कदम है। सांसद ने कहा कि सबसे उल्लेखनीय आदिवासी गांवों में इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास कर पांच करोड़ आदिवासी युवाओं का विकास करना है। ग्रामीण क्षेत्र के लिये यह एक बहुत बड़ा क्रांतिकारी कदम होगा।


### युवा, गरीब, महिला और किसानों को सशक्त करने वाला बजट : अर्जुन मुंडा



**रांची/जमशेदपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने आम बजट प कहा कि यह बजट विकसित भारत के चार स्तंभ- युवा, गरीब, महिला, किसान सभी के सशक्तिकरण के लिए समर्पित है। यह बजट विकसित भारत के भविष्य निर्माण का बजट है। आदिवासियों की आर्थिक-सामाजिक स्थिति में सुधार लाने के लिए जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान की शुरुआत करने की घोषणा की है।


### देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने वाला है आम बजट -2024 : सरयू राय

विधायक एवं झारखंड के पूर्व मंत्री सरयू राय ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा आज लोकसभा में 2024-25 का वार्षिक बजट केंद्र सरकार की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने वाला तथा देश की अर्थव्यवस्था को वैश्विक प्रतिस्पर्धा टिकाऊ बनाने वाला है। बजट से भारत की अर्थव्यवस्था को 5 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनाने में मदद मिलेगी। आयकर स्लैब में सहूलियत देने का केंद्र सरकार का प्रयास सराहनीय है। इससे मध्यम वर्ग को लाभ पहुंचेगा। सरयू राय ने आगे कहा कि दूसरी ओर पेट्रोल और डीजल की कीमतें कम करने तथा जीएसटी में सुधार करने की आम जनता की उम्मीदें पूरी नहीं हो पायी है।



## आम बजट में पूर्व और उत्तर पूर्वी राज्यों पर विशेष ध्यान : एसके बेहरा

**जमशेदपुर।** सीआईआई इस्टर्न रिजन के चेयरमैन एवं आरएसबी ट्रांसमिशन लिमिटेड के वाइस चेयरमैन एंड एमडी श्री एसके बेहरा ने ग्रामीण विकास, एमएसएमई, सार्वजनिक अवसंरचना और आर्थिक विकास मं महिलाओं की बढ़ी हुई भूमिका को ध्यान में रखते हुए पेश किए गए केंद्रीय बजट 2024-25 का स्वागत किया है, जिसमें पूर्व और उत्तर पूर्व पर विशेष ध्यान दिया गया है। सीआईआई के एसके बेहरा ने केंद्रीय बजट 2024-25 को विकासोन्मुखी बजट बताया है । श्री एस के बेहरा, चेयरमैन, सीआईआई पूर्वी क्षेत्र तथा उपाध्यक्ष एवं एमडी, आरएसबी ट्रांसमिशन प्राइवेट लिमिटेड ने बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा तथा आंध्र प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए पूर्वोदय योजना तैयार करने की सरकार की पहल की सराहना की। उन्होंने पूर्वी क्षेत्र के विरासत स्थलों के पर्यटन विकास पर सरकार के फोकस की भी सराहना की। श्री बेहरा ने आगे बताया कि शिक्षा, रोजगार तथा कौशल विकास के लिए 1.48 लाख करोड़ रुपए का आवंटन युवाओं के लिए अवसरों में उल्लेखनीय वृद्धि करेगा, कार्यबल क्षमताओं में सुधार करेगा तथा पूर्वी तथा पूर्वोत्तर राज्यों को पूरे देश को कुशल कार्यबल प्रदान करने में सहायता करेगा।



# 12 को भव्य कलश यात्रा निकालेगी जंबू अखाड़ा

- 5001 महिला कलशयात्री करेंगी जंबू अखाड़ा स्थित बाबा लिंगेश्वरनाथ का जलाभिषेक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** आगामी 12 अगस्त को पवित्र श्रावण मास के चौथे सोमवारी के अवसर पर शहर के प्रसिद्ध जंबू अखाड़ा द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली जायेगी। इस कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जंबू अखाड़ा की महिला इकाई की रितिका श्रीवास्तव ने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। इस अवसर पर उनके साथ काकुली मुखर्जी, आरती मुखी, रंजीता राय और सुलोचना मुंडा भी उपस्थित थीं।



संवाददाता सम्मेलन में कलश यात्रा की विवरिणका को प्रदर्शित करती रीतिका श्रीवास्तव व सहयोगी महिलाएं।

जंबू अखाड़ा की महिला इकाई की रितिका श्रीवास्तव ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आगामी 12 अगस्त को पवित्र श्रावण मास के चौथे सोमवारी के अत्यंत पावन पुनीत अवसर पर अखाड़ा द्वारा भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया है। यह यात्रा जंबू अखाड़ा कमेटी के मुख्य संरक्षक अमरप्रीत सिंह काले, संरक्षक बंटी सिंह के नेतृत्व में निकाली जाएगी। इस कलश यात्रा में शहर के भुइंयाडीह, छायानगर, भालूबासा एवं विभिन्न विभिन्न जगहों से बस के माध्यम से महिलाएं मंदिर परिसर आयेंगी जहां उन्हें कलश, पुष्प और बेलपत्र का वितरण किया जायेगा।



## हीरो मोटोकॉर्प का प्रीमियम रिटेल अब जमशेदपुर में खुलेगा


**जमशेदपुर।** एनएच-33, सुद्धा कॉम्पलेक्स, डिना चौक स्थित हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड, दुनिया की सबसे बड़ी दो पहिया वाहन निर्माता की प्रीमियम वाहनों की प्रमुख शो-रूम हीरो प्रीमिया का उद्घाटन 25 जुलाई 2024 को होना निश्चित हुआ है। उक्त जानकारी एक संवाददाता सम्मेलन में देते हुए शो-रूम के संचालक गुलशन आहुजा ने कहा कि हीरो प्रीमिया हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड के प्रीमियम ब्रांड्स का केंद्र है, जिसमें हार्ले डेविडसन मोटरसाइकिल रेंजरू मैवरिक, एक्सपल्स 200, करिज्मा टफ और एक्सट्रीम 160 शामिल हैं।

## ओल्ड बाराद्वारा मैदान में शिव महिमा सुनाने आ रही शाहनाज अख्तर



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के संध्या की धुंधली छांव में 29 जुलाई को ओल्ड बाराद्वारी मैदान में संगीत के अनोखे पर्वतीय ध्वनियां गूंजेंगी। इस अद्वितीय संगीत संध्या के आयोजक नीलकंठ महादेव के बीच, संगीत समर्पित अन्य संगठन भी शामिल होंगे। इस साल का कार्यक्रम विशेष है, क्योंकि यह उत्कृष्ट संगीतिक योग्यताओं वाले कलाकारों को सम्मिलित कर रहा है। मशहूर गायिका भगवा धारी शहनाज अख्तर और बिहार के लोकप्रिय गायक लिटिल आर्यन बाबू, दर्शकों को अपनी शक्तिशाली आवाज से प्रेरित करेंगे। यह कार्यक्रम बिल्कुल निशुल्क हो रहा है, तो जितने भी महाकाल के भक्त है, वो जरूर एक बार संध्या 29 को इस कार्यक्रम का हिस्सा बनें।

## बंजारा रेस्तंरा और तमाशा पब में टर्फ एंड कैफे की शुरुआत 25 से



**जमशेदपुर।** मेरिन ड्राइव बिन्दल मॉल स्थित बंजारा रेस्तंरा एवं तमाशा पब द्वारा झारखंड में पहली बार टर्फ एंड कैफे (बॉक्स क्रिकेट एवं बॉक्स फुटबॉल) मेट्रो शहरों की तर्ज पर दिनांक 25 जुलाई से शुरू की जा रही है जो कि शहर वासियों के लिए एक वरदान स्वरूप है। उक्त टर्फ ग्राउंड (क्रिकेट एवं फुटबॉल आदि के लिए) का उद्घाटन पूर्व भारतीय एवं आईपीएल क्रिकेटर सौरभ तिवारी एवं विशिष्ट अतिथियों पूर्व विधायक एवं समाजसेवी कुणाल षाडंगी, पूर्व जेसीए सचिव राजेश वर्मा, चैम्बर ऑफ कॉमर्स के मानद महासचिव मानव केडिया के द्वारा संयुक्त रूप से की जायेगी।

# पुनर्वास स्थल की मांग को लेकर ग्रामीणों की बैठक



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**खलारी।** तुमांग पंचायत के ढूब गांव के ग्रामीणों की बैठक बहुरा मुंडा की अध्यक्षता में हुई। जिसका संचालन रामेश्वर भोक्ता ने किया। बैठक में रोहिणी विस्तरीकरण को लेकर ग्रामीणों के द्वारा विस्थापन और पुनर्वास मामले पर चर्चा की गई। ग्रामीणों ने कहा कि जब तक प्रबंधन हम लोगों को उचित जगह पर पुनर्वास स्थल चिन्हित नहीं करती तब तक हम लोग गांव को खाली नहीं करेंगे। वहीं सीसीएल के खनन कार्य को भी चलने नहीं देंगे। वही विस्थापित नेता बहुरा मुंडा ने कहा कि ग्रामीणों की मांग जायज है। खदान विस्तारीकरण को लेकर प्रबंधन के साथ लगभग सभी बातों पर सहमति बन चुकी है। केवल पुनर्वास मामले में अभी तक प्रबंधन की ओर से कुछ स्पष्ट जानकारी नहीं दी जा रही है। जिसके कारण ग्रामीणों में अभी से ही प्रबंधन के प्रति आक्रोश देखा जा रहा है। प्रबंधन को जल्द ही इस मुद्दे को लेकर ठोस कदम उठाने की जरूरत है। बैठक में मुख्य रूप से बहुरा मुंडा, रामेश्वर भोक्ता, सूरज लोहार, मंतोष गंझु, राजेंद्र भोक्ता, पूसना भोक्ता, राजू लोहार, संतोष, जतरी देवी, सुकरमनी देवी, सविता देवी, रूपा देवी, एतवारिया देवी, बाजो देवी, बसंती देवी, सोना देवी, अनीता देवी, शांति देवी, राजेंद्र भोक्ता समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी।
प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## शिक्षा तंत्र के अभिन्न हिस्सा हैं पारा शिक्षक

**रातू।** झारखंड में पारा शिक्षकों की ओर से विभिन्न मांगों को लेकर शुरू किए गये आंदोलन को राष्ट्रीय आदिवासी छात्र संघ का समर्थन मिल गया है। अध्यक्ष संगम उरांव ने पारा शिक्षकों के स्थायीकरण संघर्ष को जायज करार दिया है। उन्होंने कहा कि वह न केवल अपने अधिकारों के बल्कि, शिक्षा प्रणाली की गुणवत्ता के लिये भी स्थायी होना जरूरी है। पारा शिक्षक को शिक्षा तंत्र का अभिन्न हिस्सा बताते हुये श्री उरांव ने कहा कि वह अपनी जिम्मेदारियों को निभाते हुये विद्यार्थियों में शिक्षा का अलख जगाया है। इससे गुणवत्ता में भी निखार आयी है। उन्हें उचित मानदेय, स्थिरता और सम्मान मिलना आवश्यक है। श्री उरांव खबर मंत्र से खास बातचीत कर रहे थे। उन्होंने राज्य सरकार से पारा शिक्षकों की समस्याओं का तत्काल समाधान करने की मांग की।

# मजदूरों को लेकर जवाबदेह बनना होगा : ओमप्रकाश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**खलारी।** समय के साथ पदाधिकारीयों को अपना कार्यशैली बदलना होगा और मजदूरों के प्रति जवाबदेह बनना पड़ेगा तभी हम लोग मिलकर श्रमिक संगठन के अस्तित्व को बचा पाएंगे।उक्त बातें जनता मजदूर संघ के सीसीएल सचिव ओम प्रकाश सिंह टीनू ने कहीं। वे मंगलवार को डकरा वीआईपी क्लब में जनता मजदूर संघ द्वारा ₹उधोग के बदलते स्वरूप एवं श्रमजीवी वर्ग की आकांक्षा के बीच श्रमिक संघो की भूमिका₹ विषय पर आयोजित कार्यशाला को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि समय के साथ अगर अपने-आप को नहीं बदलेंगे तो समय वैसे लोगों को श्रमिक संगठन की राजनीति से किनारा लगा देगी। वही संघ के सीसीएल अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि आने वाला समय श्रमिक प्रतिनिधियों को राजनीतिक दल के नेताओं की तरह मजदूरों के प्रति अकाउंटेबल बनना पड़ेगा। संगठन को भी जवाबदेह पदाधिकारी की आवश्यकता है जो मजदूर के भरोसे को जीतकर संगठन को आगे बढ़ाने की क्षमता रखता हो। कार्यशाला को रवींद्रनाथ सिंह, सुखदेव प्रसाद,अशोक शर्मा,मंतोष सिंह, गुल्फी देवी, हरजीन्द्र कौर, प्रतीमा कुमारी आदि ने भी संबोधित किया। इसके पहले सभी ब्रांच के पदाधिकारी ने अपना अनुभव साझा किया। अध्यक्षता गोल्टेन प्रसाद यादव, संचालन कमलेश कुमार सिंह और धन्यवाद ज्ञापन डीपी सिंह ने किया। इस अवसर पर गुल्फी देवी, रविंद्र नाथ सिंह, अशोक शर्मा, टुपा महतो, आनंद कुमार, हरजिंदर कौर, कमलेश कुमार सिंह, ओमप्रकाश सिंह सहित एरिया और ब्रांच के सभी पदाधिकारी मौजूद थे।



### एनके एरिया की नंबर वन यूनियन है जमसं

जनता मजदूर संघ एनके एरिया में चेकअप सिस्टम से कटे सदस्यों की संख्या के अनुसार सबसे बड़ी यूनियन है। इस बादशाहत को बचाए रखने के लिए संगठन के पदाधिकारियों ने ट्रेड यूनियन के बदलते स्वरूप के साथ तालमेल बैठाने के लिए कमर कस लिया है।

### चुनावी अखाड़े में उतरने की तैयारी

जनता मजदूर संघ सीसीएल का पहला ऐसा ट्रेड यूनियन है जो कोयला क्षेत्र में मजदूरों के बीच जाकर चुनाव में उसका विश्वासमत हासिल कर श्रमिक संगठन की राजनीति को आगे बढ़ाने की तैयारी शुरू कर दिया है। डकरा में आयोजित कार्यशाला में हुई चर्चा और बनाए गए बैनर को देखकर इसका अंदाजा लगाया जा रहा है। संघ के बैनर पर संस्थापक सूर्यदेव सिंह के अलावा सिर्फ संघ के पदाधिकारी की तस्वीर दिखती थी जो अब पूरी तरह बदल गया है। बैनर पर झारखंड और देश के कई स्वतंत्रता सेनानियों की तस्वीर लगाई गई है जो समाज के सभी वर्गों को प्रेरित करता है।

# विधायक ने किया ट्रांसफार्मर रिपेयरिंग वर्कशाप का निरीक्षण, दिये कई निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**इटकी।** मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने मंगलवार को इटकी स्थित ट्रांसफार्मर रिपेयरिंग वर्कशॉप (टीआरडब्ल्यू) का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान विधायक ने वर्कशॉप के कर्मचारियों से ट्रांसफार्मर रिपेयरिंग की जानकारी ली। विधायक ने कर्मचारियों को ट्रांसफार्मर रिपेयरिंग कार्य मे तेजी लाने और समय पर कार्य पूरा करने की हिदायत दी, ताकि मांडर विधानसभा क्षेत्र में ट्रांसफार्मर व बिजली की जो समस्या है उसका जल्द निराकरण हो सके। मौके पर इटकी गुलामटोली में 200 केबीए का ट्रांसफार्मर शीघ्र लगाने को लेकर विधायक ने विधुत विभाग के आला अधिकारियों से दूरभाष पर बात की। इसके बाद जीएम ने बुधवार को इटकी गुलामटोली में 200 केबीए का ट्रांसफार्मर लगाने का आश्वासन दिया। मौके पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रमेश महली, अबुमाज, अबरार इमाम, प्रभात केरकेटा, अहमद अंसारी सहित अन्य मौजूद थे।



## छात्र-छात्राओं की समस्याओं को लेकर प्रबंध समिति की बैठक

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड स्थित एसएस+2 विद्यालय बेडो में मंगलवार को विधायक शिल्पी नेहा तिर्की की अध्यक्षता में प्रबन्धन समिति की एक बैठक हुई। बैठक में विधायक ने विद्यालय की शिक्षकों का परिचय के साथ विद्यार्थियों की समस्याओं का जायजा लिया। वहीं विधायक ने विद्यालय के प्रभारी से विद्यालय के छात्र छात्राओं की मुलभूत सुविधाओं में पानी, बिजली, शौचालय आदि के संदर्भ में जानकारी लिया और उस पर चर्चा की। साथ ही विधायक ने इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए विद्यालय के प्रभारी को सप्ताह के अंदर समस्याओं के समाधान की बात कही।

# रोजगार को लेकर प्रबंधन की सहमति के बाद बंदी वापस

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**खलारी।** बरवाटांड़ के ग्रामीणों की प्रबंधन से जायज मांग पर बीसीकेयू (सीटू) और जेबीकेएसएस के द्वारा रोजगार की माँग को लेकर चूरी परियोजना के काम को तीन घंटे तक बन्द कराया गया। जिसके बाद चूरी परियोजना पदाधिकारी अनुज कुमार के साथ वार्ता हुआ। ग्रामीण व यूनियन नेताओ के समक्ष मांग को रखा गया। जिसमें विस्थापित रैयत को ज्यादा से ज्यादा कांनटेक्टर काम में एम्पोलाइमेंट दिया जाए। चूरी राय रोड चौड़ीकरण,पानी का छिड़काव,बरवाटॉड की तरफ लाईट लगाया जाय। इन सभी मांगो पर सहमति बनने के बाद बन्दी को वापस लिया गया। बन्दी में मुख्य रूप से रतिया गंझू, इरफान खान, जंगबहादुर राम, दीपक महतो, किरण देवी, राजेंद्र महतो, नारायण महतो, राजू कुमार महतो, गणेश महतो, चिंता देवी, सुमन देवी, रेणु देवी, खुश्बू देवी, राधा देवी, आशा देवी, कुन्ती देवी, रिंकी देवी, मंजु देवी सहित अन्य मौजूद थे।



## एक नजर में

### एपीईजी स्कूल के निदेशक की मनी पुण्यतिथि



**रातू।** संडे मार्केट स्थित एपीईजी आवासीय विद्यालय के संस्थापक निदेशक अरविंद झा पहली पुण्यतिथि पर श्रद्धा के साथ याद किये गये। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गयी। वक्ताओं ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिये प्रार्थना करते हुये उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। उन्होंने स्व झा को महान शिक्षाविद बताया और उनके पदचिन्हों पर चलकर समाज को दिशा देने का संकल्प लिया। मौके पर उनके पुत्र और विद्यालय के प्राचार्य नंदकिशोर झा, पोता युवराज झा और परिवार के सदस्य समेत शिक्षक-शिक्षिका व छात्र-छात्राएं आदि मौजूद थे।

### आरएसएस ने किया गुरु पूजन कार्यक्रम

**ठाकुरगांव।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बुढ़मू खंड के तत्वावधान में मंगलवार को ठाकुरगांव बाजारटांड़ स्थित शिव मंदिर में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुरुपूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि रामगढ़ के महाविद्यालय विद्यार्थी प्रमुख राजीव जी मौजूद थे। मौके पर स्वयंसेवकों द्वारा भगवा ध्वज की पूजा की गई। साथ ही सामूहिक गीत व प्रार्थना भी किया गया। वहीं मुख्य अतिथि ने स्वयंसेवकों से प्रखंड क्षेत्र के सभी गांवों व घरों तक संघ के आदर्शों व गतिविधियों की जानकारी पहुंचाने की बात कही। मौके पर सिद्धनाथ महतो, रंजन कुमार, भुनेश्वर महतो, मुकेश कुशवाहा, प्रशांत गुप्ता समेत अन्य मौजूद थे।

### सुलभ और उचित कीमत पर बालू उपलब्ध कराने को लेकर किया प्रदर्शन



**अनगड़ा।** भाजपा नेता उमेश कुमार बड़ाईक के नेतृत्व में सुलभ बालू उपलब्ध कराने की मांग को लेकर मजदूरों ने टाटी सिलवे में मगंलवार को प्रदर्शन किया । मजदूरो ने मांग कि सभी बालू घाटो को ग्राम सभा के सुपूर्द कर दिया जाए ताकि जरूरत मन्दों को आसानी से और उचित मूल्य पर बालू मिल सके । नेतृत्व कर रहे उमेश बड़ाईक ने कहा कि एनजीटी के बाद भी स्थानीय पुलिस प्रशासन के संरक्षण में बालू की काला बाजारी का खेल धड़ल्ले से चल रहा है। बालू प्रयाप्त मात्रा में बाजार में बालू उपलब्ध नही रहने के कारण मजदूर बेरोजगार हो गए हैं। उन्होंने घाटों से निकालकर डम्प किए हुए बालू को जरूरतमन्दों को उचित कीमत पर उपलब्ध कराने की मांग की है नहीं तो मजदूर उग्र अन्दोलन करने को बाध्य हो जाएंगे।

### किसान जनाधिकार मंच के ग्राम कमेटी का गठन

**सोनाहातू।** प्रखंड के जिन्तुडीह लोहरा टोली में गुणोधर लोहरा की अध्यक्षता में किसान जनाधिकार मंच की बैठक संपन्न हुआ। बैठक में मंच के केंद्रीय अध्यक्ष मथुरा प्रसाद साहू के निर्देश पर ग्राम कमिटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष-गुणोधर लोहरा, कार्यकारी अध्यक्ष-राजेंद्र लोहरा, उपाध्यक्ष-हाड़ीराम लोहरा , महासचिव-राजेंद्र उरांव, सचिव शिवेश्वर लोहरा,संगठन सचिव बुद्धेश्वर लोहरा, कोषाध्यक्ष- हरेंद्र दोहरा सहित कार्यकारिणी सदस्य गुरुचरण लोहरा, धनेश्वर दोहरा, मनोज दोहरा संभू लोहरा को चुना गया। मौके पर पूर्वी प्रखंड अध्यक्ष लाल सिंह मुंडा, मुकुंद प्रमाणिक,धनंजय महतो,आदि मौजूद थे।

# भारत महिला एशिया कप के सेमीफाइनल में पहुंचा

एजेंसी

दांबुला। महिला एशिया कप 2024 में भारत का विजय अभियान जारी है। मंगलवार को खेले गए मुकाबले में टीम इंडिया ने नेपाल को 82 रनों से हराकर सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिया। अब उसका सामना ग्रुप बी की शीर्ष टीम से 26 जुलाई को होगा।



### भारत-पाकिस्तान ने किया क्वालिफाई

ग्रुप ए से भारत और पाकिस्तान ने सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई किया है। दोनों टीमें इस ग्रुप में क्रमशः पहले और दूसरे स्थान पर रहीं। भारत ने ग्रुप स्टेज पर लगातार तीन मैचों में जीत दर्ज की जबकि पाकिस्तान को सिर्फ दो मुकाबलों में जीत मिली। भारत के खाते में अब छह अंक हो गए हैं और उनका नेट रनरेट +3.615 है। वहीं, पाकिस्तान के खाते में चार अंक और नेट रनरेट +1.102 है।

### भारत की लगातार तीसरी जीत

दांबुला के रणगिरि दांबुला अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और 20 ओवर में तीन विकेट पर 178 रन बनाए। जवाब में नेपाल 20 ओवर में नौ विकेट पर 96 रन ही बना सकी। भारत ने यह मैच 82 रनों से जीत लिया। मौजूदा टूनार्मेंट में यह भारत की लगातार तीसरी जीत है।

### नेपाल की पारी

नेपाल के बल्लेबाजों को इस मैच में भारतीय गेंदबाजों के खिलाफ संघर्ष करते देखा गया। इस मैच में नेपाल के लिए सीता राणा मगर ने उच्चतम रन बनाए। उन्होंने कुल 18 रनों की पारी खेली। इसके अलावा समझना ने सात, कविता ने छह, कप्तान इंदू ने 14, रुबीना ने 15, पूजा ने दो, कविता जोशी ने शून्य, डॉली ने पांच और काजल ने तीन रन बनाए। वहीं, बिंदू और सबनम क्रमशः 17 और एक रन बनाकर नाबाद रहीं। भारत के लिए दीप्ति शर्मा ने सर्वाधिक तीन विकेट चटकाए जबकि अरुंधति और राधा को दो-दो विकेट मिले। इसके अलावा रेणुका सिंह को एक सफलता मिली।

### शेफाली-हेमलता के बीच हुई शतकीय साझेदारी

शेफाली वर्मा और दयालन हेमलता ने टीम को अच्छी शुरूआत दिलाई। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 122 रनों की साझेदारी हुई। हेमलता 42 गेंदों में 47 रन बनाकर आउट हुईं। वहीं, शेफाली ने 26 गेंदों में मौजूदा टूनामेंट का दूसरा अर्धशतक लगाया। वह 48 गेंदों में 81 रन बनाकर आउट हुईं। इस दौरान उन्होंने 12 चौके और एक छक्का लगाया। इस मुकाबले में भारत को तीसरा झटका सजीवन सजना के रूप में लगा। उन्हें कविता जोशी ने एलबीडब्ल्यू आउट किया। वह सिर्फ 10 रन बना सकीं। वहीं, जेमिमा और ऋचा क्रमशः 28 और छह रन बनाकर नाबाद रहीं। नेपाल के लिए सीता राणा ने दो और कविता जोशी ने एक विकेट चटकाया।

### शेफाली बनीं प्लेयर ऑफ द मैच

नेपाल के खिलाफ टीम इंडिया की इस धमाकेदार जीत की हीरो ओपनर बैटर शेफाली वर्मा रही। उन्होंने नेपाल के गेंदबाजों की जमकर क्लास लगाते हुए 48 गेंद में 12 चौके और 1 छक्के की मदद से 81 रनों की धुआंधार पारी खेली। इस तूफानी पारी के लिए शेफाली को प्लेयर ऑफ द मैच पुरस्कार से नवाजा गया।

## पाकिस्तान ने यूएई को 10 विकेट से रौंदा

एजेंसी

दांबुला। बाएं हाथ की स्पिनर सादिया इकबाल की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन के बाद सलामी बल्लेबाज गुल फिरोजा के नाबाद अर्धशतक से पाकिस्तान ने महिला एशिया कप टी20 क्रिकेट टूनार्मेंट के ग्रुप ए में यूएई को 10 विकेट से रौंदकर सेमीफाइनल में जगह बनाने की ओर मजबूत कदम बढ़ाए। यूएई के 104 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए गुल की 55 गेंद में आठ चौकों से नाबाद 62 रन की पारी और मुनीबा अली (नाबाद 37) के साथ उनकी पहले विकेट की अटूट शतकीय साझेदारी से पाकिस्तान ने 14.1 ओवर में बिना विकेट खोए 107 रन बनाकर बेहद आसान जीत दर्ज की।

यूएई की टीम इससे पहले सादिया (11 रन पर दो विकेट), तुबा हसन (17 रन पर दो विकेट) और नासरा संधू (22 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने आठ विकेट पर 103 रन ही बना सकी। यूएई की ओर से सलामी बल्लेबाज तीर्था सतीश ने 36 गेंद में पांच चौकों की मदद से सर्वाधिक 40 रन बनाए। उनके अलावा सलामी बल्लेबाज और कप्तान ईशा ओझा (16) और खुशी शर्मा (12) ही दोहरे अंक तक पहुंच पाए। इस जीत से पाकिस्तान के तीन मैच में दो जीत से चार अंक हो गए हैं और टीम का सेमीफाइनल में जगह बनाने का दावा मजबूत हो गया है। यूएई की टीम तीनों मैच हारकर बाहर हो चुकी है। शाम को दूसरा मैच गत चैंपियन भारत और नेपाल के बीच होगा। भारत दो मैच में दो जीत से चार अंक के साथ शीर्ष पर है जबकि नेपाल दो अंक के साथ तीसरे स्थान पर है।

## टी20 सीरीज से पहले टीम इंडिया ने शुरू की प्रैक्टिस



एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम श्रीलंका के खिलाफ 27 जुलाई से तीन टी20 मैचों की सीरीज खेलने वाली है। टीम इंडिया ने 22 जुलाई की दोपहर मुंबई से श्रीलंका के लिए उड़ान भरी थी और सूर्यकुमार यादव की कप्तानी वाली टीम शाम को मेजबान देश पहुंच गई थी। श्रीलंका पहुंचते ही टीम इंडिया ने अभ्यास शुरू कर दिया है। भारत के नये हेड कोच गौतम गंभीर की देख रेखरेख में भारतीय टीम ने अपना प्रैक्टिस सेशन शुरू कर दिया है। ये गौतम गंभीर का बतौर कोच टीम इंडिया में पहला अभ्यास सत्र हैं।

### गंभीर और सूर्या के नेत्रत्व में टीम इंडिया ने शुरू किया अभ्यास

इस अभ्यास सेशन के लिए टीम इंडिया होटल से श्रीलंका के पल्लेकेले इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम पहुंची, जिसका वीडियो सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क ने शेयर किया है, जिसमें टीम इंडिया के खिलाड़ियों समते कोच गौतम गंभीर अपने कोचिंग स्टाफ के साथ बस से उतरते हुए नजर आ रहे हैं। इसके बाद सामने आए वीडियो में टीम के खिलाड़ी मैदान पर पहुंचते हुए भी नजर आ रहे हैं। इस दौरान टीम के खिलाड़ियों को हल्का वर्क आउट करते हुए भी देखा जा सकता है।

### पहली बार भारत की प्रैक्टिस किट में दिखे कोच गौतम गंभीर

वीडियो में कौच गौतम गंभीर टीम इंडिया के सभी खिलाड़ियों के साथ प्रैक्टिस किट में नजर आ रहे हैं। हार्दिक पांड्या और रिंकू सिंह समेत अन्य खिलाड़ियों को ग्राउंड पर आते हुए देखा जा सकता है। इसके बाद सभी खिलाड़ी वॉर्म-अप में जुट जाते हैं। एक अन्य वीडियो में कप्तान सूर्यकुमार यादव तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज के साथ स्टेडियम की सीढ़ियों से उतरते हुए नजर आ रहे हैं।

# पीसीबी ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारत को पाकिस्तान आने के लिए आइसीसी पर छोड़ा

एजेंसी

कराची। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अगले साल की शुरूआत में होने वाली चैंपियन्स ट्रॉफी के लिए भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआइ) को अपनी टीम पाकिस्तान भेजने के लिए मनाने का काम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आइसीसी) पर छोड़ दिया है। पीसीबी के एक सूत्र के अनुसार कोलंबो में हाल ही में हुई आइसीसी की बैठक में चैंपियंस ट्रॉफी के बजट को मंजूरी दी गई थी लेकिन कार्यक्रम और प्रारूप पर चर्चा नहीं हुई। पीसीबी के एक सूत्र ने कहा, पीसीबी ने अब वह कर दिया है जो चैंपियंस ट्रॉफी के मेजबान के रूप में उससे अपेक्षित था। उसने प्रतियोगिता का मसौदा कार्यक्रम और प्रारूप सौंप दिया है तथा प्रतियोगिता के लिए बजट भी सौंप दिया है। उन्होंने कहा, अब यह आइसीसी पर निर्भर है कि वे चैंपियंस ट्रॉफी के कार्यक्रम को कितनी जल्दी प्रसारित, चर्चा और अंतिम रूप देते हैं। पीसीबी ने मसौदा कार्यक्रम में भारत के सभी मैचों की मेजबानी लाहौर में करने का सुझाव दिया है जिसमें सेमीफाइनल (अगर भारत क्वालीफाई करता है) और फाइनल भी शामिल है। एक अन्य सूत्र ने कहा कि पीसीबी ने चैंपियंस ट्रॉफी के मेजबान के रूप में आइसीसी के साथ अपनी रुचि के दस्तावेज में सभी विवरण पहले ही सौंप दिए हैं।

उन्होंने कहा, पीसीबी ने अपनी ओर से आइसीसी को कर से जुड़े नियमों, स्थल चयन और इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के लिए पाकिस्तान में भारतीय टीम की मेजबानी के लिए अपनी सरकार से मंजूरी के बारे में लिखित रूप से जानकारी दी है। सूत्र ने खुलासा किया कि पीसीबी प्रमुख मोहसिन नकवी ने आइसीसी बैठकों के इतर बीसीसीआइ सचिव जय शाह या किसी अन्य बीसीसीआइ अधिकारी के साथ कोई औपचारिक बैठक नहीं की लेकिन बैठकों के दौरान नकवी और शाह के बीच बातचीत सौहार्दपूर्ण रही।

# केंद्रीय बजट में खेलो इंडिया के लिए 900 करोड़ रुपये आवंटित

एजेंसी

नयी दिल्ली। जमीनी स्तर पर खेलों को बढ़ावा देने के लिए सरकार की प्रमुख परियोजना खेलो इंडिया को एक बार फिर खेल मंत्रालय के लिए केंद्रीय बजट में सबसे अधिक राशि आवंटित हुई है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन द्वारा मंगलवार को पेश केंद्रीय बजट में खेल मंत्रालय के लिए 3,442.32 करोड़ रुपए में से खेलो इंडिया के लिए 900 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। यह रकम पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान 880 करोड़ रुपए के संशोधित आवंटन से 20 करोड़ रुपए अधिक है। इस साल अगस्त में पेरिस ओलंपिक चक्र समाप्त होने वाला है और राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों अभी भी दो साल का समय है। ऐसे में खेल मंत्रालय के बजट में पिछले चक्र की तुलना में केवल 45.36 करोड़ रुपए की मामूली वृद्धि की गई है। खेल मंत्रालय के लिए पिछले वित्तीय वर्ष के लिए पिछले चक्र का बजट 3,396.96 करोड़ रुपए था। सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में खेलो इंडिया में भारी निवेश किया है क्योंकि यह कार्यक्रम देश के सभी हिस्सों से प्रतिभाओं को सामने लाने का काम करता है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में खेलो इंडिया का वास्तविक आवंटन 596.39 करोड़ रुपए था। अगले साल (2023-24) के बजट में लगभग 400 करोड़ रुपए से अधिक बढ़ाकर 1,000 करोड़ रुपए कर दिया गया था।

इसे हालांकि संशोधित कर 880 करोड़ रुपए किया गया था। खेलो इंडिया युवा खेलों 2018 (केआईवाईजी) की शुरूआत के बाद से सरकार ने इसमें और खेल आयोजनों को जोड़ना जारी रखा है।

# मरे ने किया संन्यास का ऐलान

एजेंसी

नयी दिल्ली। स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल के बाद ब्रिटेन के पूर्व विश्व नंबर 1 एंडी मरे ने पेरिस ओलंपिक के बाद संन्यास लेने का ऐलान किया है। मरे ने मंगलवार को सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए संन्यास का ऐलान किया है। वह पेरिस ओलंपिक 2024 के बाद टेनिस को अलविदा कह देंगे। 37 वर्षीय एंडी मरे ने 2008 में बीजिंग खेलों से अपना ओलंपिक डेब्यू किया था। वह अपने आखिरी पेरिस ओलंपिक में एकल और युगल स्पर्धा में भाग लेंगे, जो उनका 5वां ओलंपिक होगा। एंडी मरे ने सोशल मीडिया के जरिए अपने संन्यास की घोषणा की। उन्होंने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, अपने आखिरी टेनिस टूनार्मेंट के लिए पेरिस पहुंच गया हूं। टीम ब्रिटेन के लिए प्रतिस्पर्धा करना मेरे करियर का अब तक का सबसे यादगार सप्ताह रहा है और मुझे इसे अंतिम बार खेलने का मौका पाकर बेहद गर्व महसूस हो रहा है!



### दो बार जीता ओलंपिक स्वर्ण

ब्रिटिश खिलाड़ी मरे ने 2012 लंदन ओलंपिक में ग्रासकोर्ट पर अपना पहला गोल्ड मेडल जीता था। जहां फाइनल में उन्होंने स्विस दिग्गज रोजर फेडरर को तीन सेटों में हराया था। इसके बाद, रियो ओलंपिक 2016 फाइनल में, मरे ने अर्जेंटीना के जुआन मार्टिन डेल पोत्रो को हराया और दो ओलंपिक एकल गोल्ड मेडल जीतने वाले पहले पुरुष टेनिस खिलाड़ी बन गए।

### 3 ग्रैंडस्लैम पर कब्जा

इसके अलावा मरे ने 3 ग्रैंडस्लैम पर अपना कब्जा जमाया है। मरे ने 2013 और 2016 में दो बार विंबलडन का खिताब जीता। वहीं, 2012 में यूएस ओपन के विजेता बने। मरे 5 बार आस्ट्रेलिया ओपन के फाइनल में पहुंचे, लेकिन 1 भी बार खिताब पर अपना कब्जा नहीं कर पाए।

## आधे होटल हैं खाली स्थानीय यातायात महंगा, सीन की सुरक्षा पर सवाल

पेरिस। पेरिस ओलंपिक के लिये यहां पहुंचे करीब 45000 वालिंटियर का यहां आना सार्थक हो गया जब उन्हें हवाई अड्डे पर टेनिस स्टार कार्लोस अल्काराज से मिलने का मौका मिला। पेरिस में सौ साल बाद ओलंपिक हो रहे हैं और वालिंटियर्स के लिये यह जिंदगी में एक बार मिलने वाला अनुभव है। पेरिस हवाई अड्डे पर एक उत्साही वालिंटियर ने कहा, मैं 60 साल का हो चुका हूं और मेरे जीवन में तो पेरिस में फिर ओलंपिक नहीं होने वाला। इसका हिस्सा बनना मेरे लिये जीवन भर नहीं भूलने वाला अनुभव है। उन्होंने कहा, बीस मिनट पहले अल्काराज यहां पहुंचा और मैने उसे एक्रिडिटेशन (पहचान पत्र) दिलाने में मदद की। यह अनुभव यादगार हो गया है।

### स्थानीय यातायात हुआ दुगुना महंगा

पेरिस में रहने वाले सभी लोग ओलंपिक के आयोजन से खुश नहीं है क्योंकि इसका उनके दैनंदिनी जीवन पर असर पड़ रहा है। स्थानीय यातायात 2.15 यूरो से बढ़कर चार यूरो तक पहुंच गया है और आठ सितंबर को पैरालम्पिक के खत्म होने तक यही किराया रहेगा। ओलंपिक आयोजन स्थलों के आसपास आवागमन पर भी पाबंदियां हैं। शहर के सबसे व्यस्त ट्रेन स्टेशन पर खड़ी विक्टोरी डेलारू ने कहा, पेरिसवासियों के लिए ओलंपिक की मेजबानी गर्व का विषय है लेकिन इससे लोगों के रोजमर्रा के जीवन पर असर नहीं पड़ना चाहिए। स्थानीय यातायात की दरें दुगुनी हो गई है ।

# पेरिस में दिखेगा युवा भारत का जोश, 70 खिलाड़ी पहली बार खेलेंगे ओलंपिक

एजेंसी

नयी दिल्ली। पेरिस ओलंपिक में इस बार युवा भारत का जोश दिखेगा। 117 सदस्यीय भारतीय दल में 70 खिलाड़ी पहली बार ओलंपिक में शिरकत करने जा रहे हैं। इनमें 29 महिला खिलाड़ी शामिल हैं। मुक्केबाज निकहत जरीन, पहलवान अंतिम पंघाल, रीतिका, एथलीट ज्योति याराजी, शूटर सिफ्त कौर समरा, रमिता, रिद्म सांगवान ऐसी बेटियां हैं जो पहली बार खेलते हुए देश को ओलंपिक पदक दिलाने का दम रखती हैं। पहलवान अमन सहरावत, जेवलिन थ्रोअर किशोर जेना, तीरंदाज बी धीरज, मुक्केबाज निशांत देव, शूटर सरबजोत सिंह, संदीप सिंह, अर्जुन बबूटा, अर्जुन चीमा, अनीश में भी पहली बार ओलंपिक में खेलते कुछ कर गुजरने का दम है।

### 47 खिलाड़ियों को है ओलंपिक खेलने का अनुभव

117 सदस्यीय दल में 47 खिलाड़ी ऐसे हैं, जिन्हें एक या उससे अधिक ओलंपिक खेलने का अनुभव है। इनमें पुरुष हॉकी टीम समेत पांच पदक विजेता भी शामिल हैं। टोक्यो ओलंपिक में भारत ने एक स्वर्ण, दो रजत और चार कांस्य पदक जीते थे। इनमें स्वर्ण जीतने वाले जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा, रजत जीतने वाली वेटलिफ्टर मीराबाई चानू, कांस्य जीतने वाली मुक्केबाज लवलीना, शटलर पीवी सिंधू के अलावा पुरुष हॉकी टीम पदक के लिए एक बार फिर जोर-आजमाइश करेंगे।

## 44 के बोपन्ना सबसे उम्रदराज, 14 की दिनिधि सबसे कम उम्र की खिलाड़ी



भारतीय दल के सबसे उम्रदराज खिलाड़ी 44 वर्षीय रोहन बोपन्ना होंगे, जबकि सबसे कम उम्र की खिलाड़ी 14 वर्षीय तैराक दिनिधि देसिंघु होंगी। दिनिधि ओलंपिक में खेलने वाली दूसरी सबसे कम उम्र की खिलाड़ी हैं। इससे पहले 11 वर्ष की उम्र में तैराक आरती साहा ने 1952 के ओलंपिक में शिरकत की थी। दल में तीन खिलाड़ी बोपन्ना, शरत कमल (42) और तरुणदीप रॉय (40) ऐसे हैं, जिनकी उम्र 40 वर्ष से अधिक है। ट्रैप शूटर पृथ्वीराज टोंडाईमान (37), हॉकी गोलकीपर पीआर श्रीजेश (36), गोल्फर गगनजीत भुल्लर (36), एथलीट एमआर पूवम्मा (34), शटलर अश्वनी पोनप्पा (34), शटलर एचएस प्रणय (32) अन्य उम्रदराज खिलाड़ी हैं।

### 42 वर्ष के शरत का पांचवां ओलंपिक

भारतीय दल में अनुभव की भी कमी नहीं है। टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंता शरत कमल पांचवां ओलंपिक खेलने जा रहे हैं। वह उद्घाटन समारोह में भारतीय दल के ध्वजवाहक भी होंगे। वहीं तीरंदाज तरुणदीप रॉय, दीपिका कुमारी, हॉकी खिलाड़ी पीआर श्रीजेश और मनप्रीत सिंह का यह चौथा ओलंपिक होगा।

### हॉकी टीम में 12 ओलंपियन

पेरिस के लिए हॉकी की मुख्य टीम में 16 और तीन खिलाड़ी रिजर्व के तौर पर चुने गए हैं। इनमें 12 खिलाड़ी ऐसे हैं, जिन्होंने टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। भारत अपने अभियान की शुरूआत 27 जुलाई को न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच से करेगा। इसके बाद टीम 29 जुलाई को अर्जेंटीना से भिड़ेगी। इसके बाद अगले दिन आयरलैंड और एक अगस्त को गत विजेता बेल्जियम से भारत का सामना होगा। टोक्यो ओलंपिक की गोल्ड मेडलिस्ट ऑस्ट्रेलिया के साथ दो अगस्त को भारत को खेलना है।

### झेंग हैं ओलंपिक में हिस्सा लेने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी

ओलंपिक में हिस्सा लेने वाले सभी खिलाड़ियों की बात करे तो, 11 साल और 11 महीने की उम्र में स्केटबोर्डर झेंग पेरिस खेलों में सबसे कम उम्र की प्रतियोगी होंगी। वह सबसे कम उम्र के ओलंपियन ग्रीक जिमनास्ट दिमित्रियोस लौंड्रास से एक साल बड़ी हैं, जिन्होंने 1896 में 10 साल और 218 दिन की उम्र में ओलंपिक में भाग लिया था।



### इर्विंग हैं ओलंपिक इतिहास की सबसे उम्रदराज खिलाड़ी



पेरिस में सबसे उम्रदराज खिलाड़ी कनाडा की जिल इर्विंग होंगी जो घुड़सवारी टीम के सदस्य के रूप में 61 साल की उम्र में अपना ओलंपिक पदार्पण करेंगी। पेरिस ओलंपिक 2024 में सिर्फ 3 दिन बचे हैं और भारत के शीर्ष एथलीटों की अब अग्नि परीक्षा होगी। ओलंपिक के इतिहास में भारत के लिए पिछला यानी टोक्यो ओलंपिक सबसे यादगार रहा। भारतीय दल ने कुल सात मेडल जीते थे। मगर इस बार देश को कम से कम इस आंकड़े को दहाई अंक में बदलने की उम्मीद है। यदि ऐसा होता है, तो ओलंपिक इतिहास में पहली बार भारत दहाई के आंकड़े को छुएगा।

# योगेश्वर को कुश्ती में 3 मेडल्स की आस

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत के 2012 रियो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता पहलवान योगेश्वर दत्त को पूरा भरोसा है कि भारतीय कुश्ती में दो या दो से अधिक पदक जीतेंगे। भारत ने विभिन्न श्रेणियों में पेरिस ओलंपिक के लिए छह कोटा हासिल किए हैं। विनेश फोगट (महिला 50 किग्रा), अंशु मलिक (महिला 57 किग्रा), निशा दहिया (महिला 68 किग्रा), रीतिका हुड्डा (महिला 76 किग्रा), अंतिम पंघाल (महिला 53 किग्रा) और अमन सेहरावत (पुरुष 57 किग्रा) भारत के लिए कुश्ती में उतरने वाले हैं। योगेश्वर दत्त ने कहा, 'हम अकेले कुश्ती में दो या तीन पदक जीत सकते हैं। कुश्ती ने पिछले चार ओलंपिक इवेंट में भारत के लिए पदक जीते हैं, इसलिए इस बार भी भारतीय पहलवान ओलंपिक में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। अमन एकमात्र पुरुष पहलवान है और मुझे पूरी उम्मीद है कि वह इस वर्ग में पदक जीतेगा। हमारे पास पांच महिला पहलवान भी हैं, जिनमें से मुझे तीन पदक की उम्मीद है। अंतिम पंघाल और अमन सेहरावत को 26 जुलाई से पेरिस में शुरू होने वाले आगामी 2024 ओलंपिक खेलों में अपने-अपने भार वर्ग में चौथी और छठी वरीयता दी गई है। ओलंपिक में पहली बार वरीयता दी जाएगी, जिसमें प्रत्येक भार वर्ग में शीर्ष आठ पहलवानों को मौका मिलेगा। दो बार की ओलंपियन और देश की पदक की संभावना विनेश फोगट को पेरिस 2024 में महिलाओं की 50 किग्रा फ्रीस्टाइल श्रेणी में वरीयता नहीं दी जाएगी। 2023 विश्व चैंपियनशिप, 2024 कॉन्टिनेंटल चैंपियनशिप, 2024 जाग्रेब ओपन रैंकिंग सीरीज और 2024 हंगेरियन रैंकिंग सीरीज में पहलवानों के प्रदर्शन के आधार पर वरीयता दी गई।



# मोहर्रम में माहौल बिगाड़ने वालो के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज




रमना थाना

खबर मन्त्र संवाददाता

**रमना।** मोहर्रम जुलुस में विधि व्यवस्था भंग करने और हिंसा भड़काने वालो के विरुद्ध रमना थाना ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चार नामजद और 100-200 अज्ञात लोगो के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। ज्ञात हो की मोहर्रम जुलुस के दौरान सिलीदाग पंचायत के दूधवनिया में सिलीदाग और भागोडीह पंचायत के मुस्लिम द्वारा ताजिया-सिपड अखाडा का मिलनी वर्षो से किया जाता रहा है। उक्त स्थल पर गत वर्ष भी साफ-सफाई को लेकर विवाद इनके द्वारा किया गया था। जिसमें सिलीदाग पंचायत के मुखिया द्वारा हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ था। हद तो इस मोहर्रम में हो गया। जब जुलुस से पहले ही उक्त स्थल के हिन्दुओं नें प्रशासन के कहने पर मिलनी स्थल को साफ सुथरा कर दिये थे। इस जुलुस में शुरूआत से ही मुसलमानो से ज्यादा हिन्दू लोग शामिल होते हैं, पहले हिन्दू मुस्लिम दोनों समुदाय के लोग मिलकर लाठी गदका खेलते थे। लेकिन अब समय बदल गया। कुछ असमाजिक लोगो द्वारा आपसी भाइचारे को अपने स्वार्थ के लिए बिगाड़ कर हिंसक रूप देना चाहते है। जिसे पुलिस प्रशासन नें विफल कर दिया और इस प्रकार के हिंसा फैलाने वाले नामजद चार और अज्ञात 100-200 लोगो के विरुद्ध धारा 115(2)/ 126(2)/ 3(5) बीएनएस के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अनुसन्धान जारी है।

## केंद्र सरकार ने बिहार को जो दिया उसका डंका बजा : विजय

**पटना।** केंद्र सरकार ने बिहार के लिए खजाना खोल दिया है। बजट में बिहार के लिए स्पेशल व्यवस्था की गई है। इस मसले पर नीतीश सरकार ने विधानसभा में अपनी बात रखी। विधानसभा की कार्यवाही भोजनावकाश के बाद जैसे ही शुरू हुई सरकार की तरफ से संसदीय कार्य मंत्री विजय चौधरी खड़े हुए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने बिहार को जो दिया उसका डंका बज रहा है। आज तक इतनी मदद नहीं मिली थी। विजय चौधरी ने कहा कि बिहार की जनता खुशी से झूम रही है। विपक्षी सदस्यों पर तंज कसते हुए मंत्री विजय चौधरी ने कहा कि आपकी यह बेचैनी ही कुछ कह रही है। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि प्रश्नकाल के दौरान ही हमने कहा था कि विपक्ष को जो भी कहना है कहे, सरकार उस पर अपनी बात रखेगी। कांग्रेस नेता पर तंज कसते हुए विजय चौधरी ने कहा कि शकील साहब झुनझुना लेकर आए थे। झुनझुना अब पॉकेट में चला गया। यदि बिहार के हित में सदस्यों को सही मायने में रुचि है तो पूरा सदन केंद्र और प्रधानमंत्री के प्रति आभार प्रकट करे। क्योंकि, जितनी मदद बिहार को दिया गया, इतिहास में इतना कभी नहीं दिया गया था।

### केन्द्रीय बजट सकारात्मक और स्वागत योग्य

# बिहार की जरूरतों पर विशेष ध्यान : मुख्यमंत्री

एजेंसी

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को केंद्रीय बजट पर टिप्पणी करते हुए कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा प्रस्तुत किया गया बजट सकारात्मक एवं स्वागत योग्य है। इस बजट में बिहार की जरूरतों का विशेष ध्यान रखा गया है। इसके तहत बिहार के मानव संसाधन विकास एवं बुनियादी विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है। मुख्यमंत्री ने विधानसभा में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि इस बजट में बिहार की सड़क सम्पर्क परियोजनाओं, विद्युत परियोजनाओं, एयरपोर्ट, मेडिकल कॉलेजों और खेलकूद की संरचनाओं के लिये विशेष राशि का प्रावधान किया गया है। साथ ही बजट में बिहार के पर्यटन स्थलों को विकसित करने के लिये विशेष सहायता की घोषणा की गयी है। नीतीश कुमार ने कहा कि बिहार को बाढ़ से बचाव के लिये भी बजट में बड़ा ऐलान किया गया है। कोशी-मेची नदी जोड़ परियोजना, नदी प्रदूषण न्यूनीकरण और सिंचाई परियोजनाओं के लिये विशेष आर्थिक मदद देने की घोषणा की गयी है, जो स्वागत योग्य है। मुख्यमंत्री ने बिहार के लिये बजट में विशेष प्रावधान के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को विशेष धन्यवाद दिया।



### गरीब, युवा, महिला और विकास पर केंद्रित यह बजट विकासोन्मुखी-सरिता राय

**पूर्णिया।** भाजपा महिला मोर्चा पूर्णिया जिला अध्यक्ष सह पुर्व पार्षद सरिता रानी ने आज के बजट पर कहा कि देश के लोकप्रिय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी के द्वारा मोदी सरकार के 3.0 के पहले केंद्रीय बजट पेश की जो विकासोन्मुखी है। वित्त मंत्री जी के द्वारा सदन में प्रस्तावित किए गए वित्तीय वर्ष 2024- 25 का बजट का फोकस चार वर्गों पर है इसमें गरीब, महिला युवा और विकास प्रमुख है, जबकि बजट थीम रोजगार स्किलिंग,ट र ट ए एवं मध्य पर के लिए केंद्रित है।

**खबर | एक नजर में**

## केंद्रीय बजट को सत्ता पक्ष ने सराहा तो विपक्ष ने बताया चुनावी जुमला

एजेंसी

**सहरसा।** देश के वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा मंगलवार को लोकसभा में आम बजट पेश किया गया।इस बजट को सत्ता पक्ष ने सराहना कर वित्त मंत्री को बधाई व शुभकामना दी। वही विपक्षी पार्टियो खासकर कांग्रेस ने इस बजट की आलोचना कर चुनावी जुमला बताया। इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा के निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष लाजवंती झा ने कहा कि इस बार बजट में बिहार के लिए खास ध्यान रखा गया है, जिसके अंतर्गत बिहार को सड़क इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए 26 हजार करोड़ रुपये देकर, राज्य में पटना-पूर्णिया एक्सप्रेसवे, बक्सर-भागलपुर एक्सप्रेसवे के साथ-साथ बोधगया, राजगीर, वैशाली और दरभंगा में सड़कों के काम में तेजी लाई जाएगी। निश्चित रूप से प्रयत्न को जब बढ़ावा मिलेगी तो रोजगार एवं विकास को स्वतः अवसर मिलेगी। इसके अलावा बक्सर में गंगा नदी पर नया दो लेन वाला एक पुल भी बनाया जाएगा। वित्त मंत्री ने कहा कि बिहार में बाढ़ पर काम किया जाएगा और सिंचाई के लिए कार्यक्रम लाए जाएंगे।साथ ही कोसी से जुड़े हुए सिंचाई क्षेत्र को लेकर भी काम किया जाएगा। टैक्स पेयर का भी ध्यान रखा गया है। केन्द्रीय बजट आकांक्षाओं को उड़ान देगा। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार युवाओं व महिलाओं के सशक्तीकरण के साथ-साथ किसानों के लिए असीम अवसर देगा। जिला कांग्रेस कमिटी के वरीय उपाध्यक्ष कुमार हीरा प्रभाकर ने कहा कि यह बिहार टू आंध्र की बजट है और यह नाउम्मीदी का बजट और यह मोदी चालीसा बजट है, जिसमें पिछले बजट की तरह इसमें भी, देश की आर्थिक नीति समेत अग्निवीर सैनिकों, देश में बेरोजगारी, मंहगाई, किसानों और गरीबों के लिए कोई ठोस योजना की बात नहीं किया गया है और न हीं किसानों के खाद, बीज या एमएसपी की घोषणा किया गया है। मोदी जी के पहले हीं दो करोड़ नौकरी, स्मार्ट सिटी,प्रत्येक साल एक गांव को गोद लेने की घोषणा डपोरशंखी साबित हुआ है।अपने सहयोगी दल राज्य बिहार और आंध्रप्रदेश को झुनझुना देकर मोदी जी ने अपनी सरकार बचाने की कवायद किया है।

## जहर खाकर तड़प रही महिला को परिजनों ने लाया रेफरल अस्पताल

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** पति-पत्नी के आपसी विवाद में गुस्से में आकर पत्नी ने जहर खाकर घर से निकलकर कोयल नदी में बालू पर तड़पते हुए मिली। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों ने महिला को इलाज के लिए रेफरल लाया, जहां उपस्थित चिकित्सक वीर प्रताप सिंह ने प्राथमिक उपचार कर महिला को बेहतर इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। महिला कि पहचान पलामू जिला के ऊंटारी थाना क्षेत्र के लहरबंजारी गांव निवासी मनोज चौधरी के 45 वर्षीय पत्नी सरिता देवी के रूप में की गई। इस संबंध में परिजनों ने बताया कि लगभग 15 दिन पूर्व मनोज चौधरी दिहाड़ी मजदूरी करने के दौरान प्लांट से गिरकर बुरी तरह घायल हो गया था। इलाजोप्रांत वह लगभग चार दिन पूर्व लहरबंजारी स्थित अपने घर आया है। माथा में अंदरूनी चोट के कारण वह अनाप-शनाप बोलता है, जिससे नाराज होकर पत्नी सरिता देवी ने गेहूं में डालने वाली कीटनाशक दवा खाकर कोयल नदी के बालू पर तड़प रही थी। दूरभाष के माध्यम से जानकारी होने के बाद हम लोग इलाज के लिए मझिआंव के रेफरल अस्पताल लाए हैं।

## थाना प्रभारी से हाथापाई करने व कॉलर पकड़ने के आरोप में आरोपी को जेल



गिरफ्तार संजय यादव

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** बरडीहा थाना परिसर में थाना प्रभारी अवधेश कुमार यादव के साथ हाथापाई करने एवं कॉलर पकाने के मामले में ललगाड़ा गांव निवासी संजय यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। इस सम्बंध में बरडीहा थाना प्रभारी ने बताया कि सोमवार को घरेलू विवाद में संजय यादव के भाई धनंजय यादव ने उसकी पत्नी रीना देवी 35 वर्ष को मारकर जख्मी कर दिया। जिसके बाद थाना में प्राथमिकी दर्ज किया गया। इसके बाद अनुसंधान करने वाले ऑफिसर ने पुलिस बल के साथ जाकर घटनास्थल पर छानबीन भी किया। इस दौरान धनंजय यादव पुलिस को देखते ही फरार हो गया। इसके पश्चात संजय यादव थाना में आया और कहा कि अभी तुरन्त चलिये और धनंजय यादव को गिरफ्तार कीजिये। इसपर मैं बोला कि वह पुलिस वाहन देखते ही फरार हो जा रहा है। इसलिये उसे रात में पकड़ेंगे। इतना सुनते ही वह आग बबूला हो गया और तत्काल पुलिस को गांव में भेजने के लिए दबाव बनाने लगा। और अप्रत्याशित रूप से मुझसे उलझ कर हाथापाई करने लगा तथा मेरे वर्दी पर भी हांथ डाला। इस घटना को देखकर सभी भौचक रह गए। जिसके बाद आसपास उपस्थित पुलिस बल द्वारा उसे पकड़ा गया। और प्राथमिकी दर्ज कर आज दिन मंगलवार को जेल भेज दिया गया। प्राप्त सूत्रों से जानकारी के अनुसार आरोपी धनंजय यादव को पुलिस बचाव पक्ष में लगी हुई थी जिससे नाराज होकर पीड़ित संजय यादव ने थाना प्रभारी को कॉलर पकड़ के झापड़ मार दिया।

## गढ़वा के विकास की चर्चा सिर्फ झारखंड ही नहीं, पड़ोसी राज्यों में भी होती है : मंत्री मिथिलेश

### मंत्री ने किया अन्नराज डैम पर जलक्रीड़ा व साहसिक क्रीड़ा अधिष्ठापन का उद्घाटन



फीता काटकर उद्घाटन करते मंत्री मिथिलेश ठाकुर



बोटिंग करते मंत्री, जिप अध्यक्ष, डीसी, एसपी, डीडीसी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा सदर प्रखंड स्थित अन्नराज डैम पर जल क्रीड़ा एवं साहिसक क्रीड़ा अधिष्ठापन कार्य का मंगलवार को गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने दीप जलाकर एवं फीता काटकर उद्घाटन किया। तत्पश्चात मंत्री श्री ठाकुर, डीसी शेखर जमुआर, जिप अध्यक्ष शांति देवी, एसपी दीपक पांडेय, डीडीसी पशुपति नाथ मिश्रा ने बोटिंग कर नौका विहार की शुरूआत की। पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड सरकार की ओर से विभिन्न प्रकार की जल क्रीड़ा सामग्री स्पीड मोटर बोट, पैडल बोट, कया किंग और जेट्टी आदि की व्यवस्था की गई है। गढ़वा में अब लोगों को नौका विहार का आनंद मिलेगा। इस दौरान मंत्री ने नौका विहार के लिए प्रशिक्षित युवाओं को प्रमाण पत्र प्रदान किया।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि आज हर क्षेत्र में गढ़वा पूरी तरह से बदल रहा है। एक समय ऐसा था कि अन्नराज डैम आना मुश्किल लगता था। अब यह पर्यटन स्थल के रूप में विकसित हो रहा है। उन्होंने कहा कि डेढ़ करोड़ रुपए से अधिक की लागत से इसका सुंदरीकरण एवं आधारभूत संरचना का विकास किया गया है। यहां दो करोड़ रुपए से अधिक की लागत से गेस्ट हाउस बनाया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि इसके संचालन की व्यवस्था स्थानीय कमिटी को दी गई है। प्रशिक्षित युवा इसे संचालित करेंगे। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि आने वाले समय में यहां इको पार्क का निर्माण किया जाएगा। जो पूरे झारखंड के लिए उदाहरण बनेगा। आज से साढ़े चार वर्ष पूर्व का गढ़वा तथा आज के गढ़वा में कोई तुलना नहीं है। मंत्री ने कहा कि गढ़वा की विकास की चर्चा सिर्फ झारखंड ही नहीं बल्कि पड़ोसी राज्यों में भी होती है। गढ़वा आगे भी विकास के पथ पर काफी तेजी से दौड़ेगा इसका भी खाका तैयार है। उन्होंने कहा कि गढ़वा अब पीछे मुड़कर नहीं देखेगा। निरंतर विकास के पथ पर आगे बढ़ता रहेगा। डीसी शेखर जमुआर ने कहा कि यहां 20 एकड़ में इको पार्क का निर्माण किया जाएगा। साथ ही वॉच टावर भी बनाया जाएगा। इसकी प्रक्रिया जारी है। डीसी ने कहा कि वे पिछले डेढ़ वर्षां से गढ़वा में हैं। उन्हें विश्वास नहीं होता कि कोई जनप्रतिनिधि विकास कार्यां में इस कदर लीन हो सकता है।

## सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने केंद्रीय बजट को सराहा, आभार जताया

खबर मन्त्र संवाददाता

**फारबिसगंज/ अररिया।** अररिया सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट सर्वसमावेशी, विकासोन्मुख, सर्वस्पर्शी, भारतवासियों की आशा, आकांक्षा और अमृत काल के संकल्पों को पूरा करने वाला सिद्ध होगा। आम बजट आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत के निर्माण का आर्थिक दस्तावेज है। इसमें अंत्योदय की पावन भावना व विकास की असीम संभावना है। उन्होंने कहा कि समाज के हर तबके के लिए बजट में प्रविधान किया गया है। बजट में अन्नदाता किसानों की समृद्धि, कृषि व सहायक सेक्टरों के लिए 1.52 लाख करोड़ रुपये और महिला सशक्तिकरण के लिए तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक का प्रविधान किया गया है।

इससे सर्वाधिक लाभांवित देश के दूसरे सबसे बड़े राज्य बिहार की आधी आबादी होने वाली है सांसद ने इस बजट के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताते हुए केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का अभिनंदन किया।

## सोशल वर्कर संस्था ने किया भंडारा का आयोजन




वितरण करते संस्था के सदस्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** सोशल वर्कर संस्था के तत्वावधान में मंगलवार को शहर के रंका मोड़ स्थित संकट मोचन मंदिर के समीप भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारा में प्रसाद स्वरूप पूड़ी-सब्जी, बुन्दिया व रसगुल्ला का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित रौनक कमलापुरी ने पूरे परिवार के साथ तथा विनय कांस्यकार ने अपने विशेष दिन पर संस्था के सप्ताहिक भंडारा में सहयोग किया। मौके पर विनय कांस्यकार ने कहा कि इससे पहले भी मैं फूड फॉर हंगर का सप्ताहिक भंडारा में भाग ले चुका हूं। जरूरतमन्दों के बीच भोजन वितरण कर काफी मन प्रफुलित हुआ। इस प्रकार का कार्य करने के लिए किसी अवसर की आवश्कता नहीं है। रौनक कमलापुरी ने कहा कि मेरी भगिनी के जन्मउत्सव के खुशी में संस्था के द्वारा भंडारा का आयोजन करवाकर भाग लिया। संस्था के संचालक आकाश केशरी ने कहा कि शहर के लोग फूड फॉर हंगर का प्रोजेक्ट को अनवरत जारी रखने में सहयोग दे रहे हैं। मौके पर शुभम केशरी, अनमोल कश्यप, शुभम चौबे, शुभम केशरवानी, उमंग सोनी, लक्की मधेसिया, सत्यम कश्यप, अंशु कांस्यकार आदि उपस्थित थे।


**AFFIDAVITI**

MANNAT RAJ SINGH S/o Sachindra Singh, resident of Devi Mandap Road, PO-Jhumri Tilaiya, Belatane, P.O.-Gajhandi, Dist.- Koderma- 825409, Jharkhand, do hereby solemnly affirm and declare as follows :

1. That I am an Indian citizen by birth.
2. That I am residing at my above noted address.
3. That my correct name is MANNAT RAJ SINGH in myall documents & Educational certificate.
4. That by mistake my name wrongly mentioned in my Aadhar card No.9662 0646 1101 as Matntraj Singh.
5. That Mannat Raj Singh & Matntraj Singh both name are one and same Person i.e myself.

6 That necessary amendment of my name is Mannat Raj Singh in Place of Matntraj Singh.

7.That my above statements is true and correct.

8.That hence this affidavit for the purpose of my name correction in my Aadhar card from concerned authority.DeponentMannat Raj Singh.Sworn and signed this affidavit on 13.07.2024 at Ranchi.


## सेमिनार का आयोजन

**गढ़वा।** शहर के ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट प्लस टू स्कूल में राज्य के स्वास्थ्य विभाग के निर्देश एवं मार्गदर्शन के आलोक में एक सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को डेंगू, चिकनगुनिया बीमारी के फैलने, रोकथाम एवं उपचार जैसे विषयों पर जानकारी दी गई। मौके पर निदेशक मदन प्रसाद केशरी ने कहा कि वर्षा ऋतु के दौरान डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया के फैलने की संभावना के दृष्टिगत सावधानी बरतने की जरूरत है। हमें अपने घर एवं आस-पास मच्छरों के प्रजनन को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने चाहिए। डेंगू, चिकनगुनिया फैलाने वाले मच्छर साफ पानी में पनपते है इसलिए पानी के बर्तनों एवं घर के पानी टंकी को ढक कर रखना चाहिए। घर के आसपास साफ-सफाई रखें।
मच्छरदानी के अंदर ही सोए। एंडिस मच्छर दिन में ही काटते हैं इसलिए पूरे शरीर को ढकने वाले वस्त्र धारण करें। डेंगू, चिकनगुनिया बुखार के उपचार के लिए कोई विशेष दवा नहीं है। यदि इसके लक्षण दिखाई दे तो अतिशीघ्र चिकित्सक से संपर्क करें। इस अवसर पर सीनियर वर्ग के छात्र-छात्राओं ने भी अपना सुझाव दिए।

## सिर्फ नौकरी पा लेना ही बड़ी बात नहीं, कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वाह करना सबसे बड़ी बात है : मंत्री मिथिलेश

### मंत्री ने किया नियुक्ति पत्र व लोन स्वीकृत पत्र का वितरण





नियुक्ति पत्र वितरण करते मंत्री मिथिलेश ठाकुर, परिसंपति वितरित करते मंत्री

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने मंगलवार को नया समाहरणालय के सभागार में मनरेगा के तहत नव नियुक्त 13 प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरण किया। साथ ही कल्याण विभाग की ओर से 20 लाभुकों के बीच 2.72 करोड़ रुपए का ऋण सस्ते अनुदानित दर पर वितरण किया। इनमें झारखंड राज्य अनुसूचित जाति सहकारिता विकास निगम लिमिटेड द्वारा चयनित लाभुकों को मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत वाहन एवं स्वव्यवसाय के लिए 2.48 करोड़ रुपए से अधिक का ऋण का बैंक चेक प्रदान किया गया। नियुक्ति पत्र वितरण किए गए 13 उम्मीदवारों में छह सामान्य वर्ग, एक अनुसूचित जाति, तीन अनुसूचित जन जाति, एक अत्यंत पिछड़ा वर्ग तथा दो आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के उम्मीदवार शामिल हैं। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि आज गढ़वा के लिए खुशियों भरा दिन है। नव युवकों को नियुक्ति पत्र व स्वरोजगार के लिए ऋण दिया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि सिर्फ नौकरी पा लेना ही बड़ी बात नहीं है, बल्कि निष्ठापूर्वक अपनी जिम्मेवारी का निर्वहन करना सबसे बड़ी बात है। जिन्हें नियुक्ति पत्र मिला है, उनकी सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने की अहम भूमिका है। समाज के अंतिम पंक्ति के लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना सभी का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि सिर्फ धन ही सब कुछ नहीं है। आपके निष्ठापूर्वक किये गये कार्यां से समाज में अलग पहचान बनेगी। जिन लोगों ने लोन लिया है वे राशि का सदुपयोग करते हुए अपना बेहतर भविष्य बनायें। साथ ही समय पर लोन चुकता भी करें। डीसी शेखर जमुआर ने कहा कि यह नियुक्ति बिल्कुल पारदर्शी तरीके से की गई है। नव नियुक्त कर्मियों को इमानदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना होगा। ताकि उनकी एवं जिले की छवि अच्छी बन सके। डीडीसी पशुपति नाथ मिश्रा ने कहा कि जिस उद्देश्य के लिए युवाओं को नियुक्ति पत्र एवं लोन मिला है वे उस उद्देश्य की पूर्ति इमानदारी से करें। इस दौरान मनरेगा के तहत संविदा पर बीपीओ के पद पर नियुक्त रंजन कुमार, आदम अली, शशि भूषण कुमार, रंजीत कुमार, कुमार अभय, आनंद रजक, रौशन कुमार, सरिता कुमारी, शुभम कुमार सिंह, प्रभु टोप्पो, नीरज कुमार पाल, अंकित कुमार सिंह एवं अजीत सिंह को नियुक्ति पत्र दिया गया। मौके पर मुख्य रूप से जिप अध्यक्ष शांति देवी, एसपी दीपक पांडेय, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी संजीव सिंह, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, गढ़वा बीडीओ, सीओ आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।

## भाजपाइयों ने राज्यपाल के नाम बीडीओ को सौंपा मांग पत्र



मांग पत्र सौंपते भाजपाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष रामलला दुबे के नेतृत्व में भाजपाइयों ने मंगलवार को महामहिम राज्यपाल के नाम छः सूत्री मांग पत्र बीडीओ राकेश सहाय को सौंपा। मांग पत्र में उल्लेखित करते हुए कहा कि पिछले तीन वर्षों से कांडी प्रखंड सहित जिले के किसान सुखाड़ का दंश झेल रहे हैं। झरखण्ड सरकार के उदासीन रवैया के कारण अभी तक यहां के किसानों को कोई राहत कार्य नहीं मिला है। गरीब किसान लगातार तीन वर्षों से कर्ज महाजन लेकर कृषि कार्य कर भी रहे हैं वह भी सुखाड़ की भेंट चढ़ जा रहा है साथ ही नीलगाय व जंगली सुअर से कृषि उपज बर्बाद हो जा रहा है। अतः अभियान चलाकर सुखाड़ राहत कार्य से किसानों को राहत पहुंचाई जाए। किसानों के बीच मुफ्त में खाद व बीज उपलब्ध कराई जाए। सिंचाई के लिए किसानों को मुफ्त में बिजली दिया जाए।

स्पीड न्यूज

### कनाडा : स्वामीनारायण मंदिर में तोड़फोड़

**एडमोंटन।** कनाडा में एक और हिंदू मंदिर को निशाना बनाया गया है। अब एडमोंटन के बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर में तोड़फोड़ की गई है। हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन ने बताया कि बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर पर सुबह भारत विरोधी नारे लिखे देखे गए। साथ ही भारतीय मूल के कनाडाई सांसद चंद्र आर्य पर हमला किया गया। नेपियन संसद सदस्य चंद्र आर्य ने हिंदू-कनाडाई समुदायों के खिलाफ हिंसा की बढ़ती घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त की।

### भंडारी बने भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता

**नयी दिल्ली।** भाजपा ने प्रदीप भंडारी को राष्ट्रीय प्रवक्ता नियुक्त किया है। उनकी यह नियुक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने की है। राष्ट्रीय प्रवक्ता बनाए जाने के बाद भंडारी अब पार्टी का पक्ष रखते नजर आएंगे। भंडारी पीएम मोदी पर एक किताब भी लिख चुके हैं। भंडारी कई मीडिया चैनलों के लिए पत्रकार के रूप में भी काम कर चुके हैं।

# बजट में बिहार और आंध्र की बल्ले-बल्ले

## वित्त मंत्री ने बिहार के हवाई अड्डों सहित कई परियोजनाओं के लिए 60 हजार करोड़ से अधिक दिया

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को केंद्रीय बजट में बिहार के लिए 60 हजार करोड़ रुपये से अधिक का प्रस्ताव रखा है। वहीं, आंध्र प्रदेश को 15 हजार करोड़ रुपये की मदद का ऐलान किया है। सीतारमण ने वित्त वर्ष 2024-25 के केंद्रीय बजट में बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओड़िशा और आंध्र प्रदेश के लिए बुनियादी ढांचे के विकास के लिए स्पेशल योजना लाने का वादा भी किया।

वित्त मंत्री ने बिहार के लिए पिटारा खोलते हुए हवाई अड्डों सहित अन्य कई परियोजनाओं के लिए 60 हजार करोड़ रुपये से अधिक का प्रस्ताव रखा। इनमें तीन एक्सप्रेस-वे, एक बिजली संयंत्र, विरासत गलियारों, नए हवाई अड्डे एवं खेल से संबंधित बुनियादी ढांचे वाले योजनाओं की रूपरेखा पेश की। वित्त मंत्री ने बिहार के लिए 21,400 करोड़ रुपये की लागत से बिहार के पीरपैंती में 2400 मेगावाट का नया बिजली संयंत्र स्थापित करने सहित बिजली

- **आंध्र प्रदेश को मिलेगा 15 हजार करोड़ रुपये**
- **21,400 करोड़ की लागत से बिहार के पीरपैंती में 2400 मेगावाट का नया थर्मल पावर स्थापित होगा**
- **अमृतसर-कोलकाता औद्योगिक कॉरिडोर का गया में बनेगा हेडक्वार्टर**
- **पटना-पूर्णिया, बक्सर-भागलपुर, बोधगया-राजगीर-वैशाली-दरभंगा के बीच बनेगा एक्सप्रेसवे**
- **बक्सर में गंगा नदी पर एक और दो लेन का पुल बनेगा**
- **बाढ़ नियंत्रण के लिए 11,500 करोड़ रुपये आवंटित**

परियोजनाएं शुरू करने का ऐलान किया। इसके साथ ही चालू वित्त वर्ष 2024-25 में भविष्य के वर्षों में अतिरिक्त राशि के साथ 15 हजार करोड़ रुपये की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा कि अमृतसर-कोलकाता औद्योगिक कॉरिडोर पर हम बिहार के गया में औद्योगिक

- **झारखंड, बंगाल व ओड़िशा के लिए बुनियादी विकास के लिए स्पेशल योजना लाने का वादा भी सीतारमण ने किया**

विकास को समर्थन देंगे, जो पूर्वी क्षेत्र के विकास को गति देगा। उन्होंने अपने बजट भाषण में कहा कि हम सड़क संपर्क परियोजनाओं पटना-पूर्णिया एक्सप्रेस-वे, बक्सर-भागलपुर राजमार्ग, बोधगया-राजगीर-वैशाली-दरभंगा के विकास में सहयोग करने और बक्सर में गंगा नदी पर 26,000 करोड़ रुपये की लागत से एक अतिरिक्त दो लेन का पुल बनाने की घोषणा की।

सीतारमण ने कहा कि बिहार में अक्सर बाढ़ आती रहती है। नेपाल में बाढ़ नियंत्रण संरचनाओं के निर्माण की योजना अभी तक आगे नहीं बढ़ पाई है। हमारी सरकार 11,500 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से वित्तीय सहायता प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि असम जो हर



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को बजट की प्रति सौंपती वित्त मंत्री सीतारमण।

साल बाढ़ से जूझता रहता है। बाढ़ प्रबंधन और संबंधित परियोजनाओं के लिए सहायता मिलेगी।

### काशी विश्वनाथ मंदिर कॉरिडोर की तर्ज पर विष्णुपद और महाबोधि मंदिर का होगा विकास

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों के मंत्री निर्मला सीतारमण ने केंद्रीय बजट 2024-25 पेश करते हुए कहा कि लोगों ने देश को मजबूत और सर्वांगीण समृद्धि के पथ पर ले जाने के लिए सरकार को एक अनूठा अवसर दिया है। बजट भाषण में पर्यटन के विकास पर केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि पर्यटन हमेशा से हमारी सभ्यता का हिस्सा रहा है।

भारत को एक वैश्विक पर्यटन स्थल के रूप में स्थापित करने के हमारे प्रयासों से रोजगार पैदा होंगे। निवेश को भी बढ़ावा मिलेगा और अन्य क्षेत्रों के लिए आर्थिक अवसर खुलेंगे। निर्मला सीतारमण ने कहा कि बिहार के गया में विष्णुपद मंदिर और बोधगया में महाबोधि मंदिर का अत्यधिक आध्यात्मिक महत्व है। उन्होंने घोषणा कि विष्णुपद मंदिर कॉरिडोर और महाबोधि मंदिर कॉरिडोर के व्यापक विकास को सफल काशी विश्वनाथ मंदिर कॉरिडोर की तर्ज पर समर्थन दिया जाएगा, ताकि उन्हें विश्व स्तरीय तीर्थ और पर्यटन स्थलों में बदला जा सके। वित्त मंत्री ने कहा कि राजगीर हिंदुओं, बौद्ध धर्म और जैन धर्म के लोगों के लिए अत्यधिक धार्मिक महत्व रखता है और जैन मंदिर परिसर में 20वें तीर्थंकर मुनिसुव्रत मंदिर प्राचीन है। उन्होंने यह भी कहा कि सप्तर्षि या 7 गर्म झरने गर्म पानी वाला ब्रह्मकुंड बनाते हैं जो पवित्र हैं। उन्होंने कहा कि राजगीर के लिए व्यापक विकास की पहल की जायेगी।


उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार नालंदा विश्वविद्यालय को उसके गौरवशाली कद में पुर्नजीवित करने के अलावा एक पर्यटन केंद्र के रूप में नालंदा के विकास का समर्थन करेगी।

# डिफेंस को मिला 6.22 लाख करोड़

**नयी दिल्ली।** केन्द्रीय बजट में सरकार के अन्य मंत्रालयों के मुकाबले सबसे ज्यादा रक्षा मंत्रालय को 6.22 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। वित्त वर्ष 2023-24 की तुलना में यह 4.79 फीसदी अधिक है। यह आवंटन कुल बजटीय अनुमान का लगभग 12.90 फीसदी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि यह बजट समृद्ध और आत्मनिर्भर विकसित भारत की ओर बढ़ने में मदद करेगा। साथ ही सशस्त्र बलों की ह्यआत्मनिर्भरताह्न को बढ़ावा देगा। वित्तीय वर्ष 2024-25 के नियमित केंद्रीय बजट में रक्षा मंत्रालय को 6,21,940.85 करोड़ रुपये (लगभग 75 बिलियन अमेरिकी डॉलर) आवंटित किए गए हैं, जो सभी मंत्रालयों में सबसे अधिक है। रक्षा मंत्रालय ने इस वित्त वर्ष के दौरान घरेलू उद्योगों के माध्यम से खरीद के लिए आधुनिकीकरण बजट का 75 फीसदी हिस्सा यानी 1,05,518.43 करोड़ रुपये निर्धारित किया है। इसका सकल घरेलू उत्पाद, रोजगार सृजन और पूंजी निर्माण पर कई गुना प्रभाव पड़ेगा, जिससे अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहन मिलेगा। वित्त वर्ष 2024-25 के नियमित बजट में ईसीएचएस को 6,968 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जो पिछले वर्ष के आवंटन से 28 फीसदी अधिक है। वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान ईसीएचएस का बजट अनुमान से 70 फीसदी अधिक बढ़ा था।

**पेंशन बजट बढ़ा :** रक्षा पेंशन के लिए कुल बजटीय आवंटन 1,41,205 करोड़ रुपये है, जो 2023-24 के दौरान किए गए आवंटन से 2.17 फीसदी अधिक है। यह बजट लगभग 32 लाख पेंशनभोगियों की मासिक पेंशन पर खर्च किया जाएगा। वित्त वर्ष 2024-25 के लिए रक्षा मंत्रालय

- **आत्मनिर्भर विकसित भारत की ओर बढ़ने में मदद करेगा बजट : राजनाथ सिंह**



को आवंटित राशि वित्त वर्ष 2022-23 के आवंटन से लगभग एक लाख करोड़ रुपये (18.43 फीसदी) अधिक है और वित्त वर्ष 2023-24 के आवंटन से 4.79 फीसदी अधिक है। इसमें से 27.66 फीसदी हिस्सा पूंजी में, 14.82 फीसदी हिस्सा जीविका और परिचालन तैयारियों पर राजस्व व्यय के लिए, 30.66 फीसदी वेतन और भत्तों के लिए, 22.70 फीसदी रक्षा पेंशन के लिए और 4.17 फीसदी रक्षा मंत्रालय के तहत नागरिक संगठनों के लिए है।

**सेनाओं का आधुनिकीकरण :** वित्त वर्ष 2024-25 के लिए रक्षा बलों को पूंजीगत मद में बजटीय आवंटन 1.72 लाख करोड़ रुपये है, जो वित्त वर्ष 2022-23 के वास्तविक व्यय से 20.33 फीसदी अधिक है और वित्त वर्ष 2023-24 के संशोधित आवंटन से 9.40 फीसदी अधिक है। बढ़ा हुआ बजट सशस्त्र बलों को अत्याधुनिक तकनीक, घातक हथियार, लड़ाकू विमान, जहाज, पनडुब्बियां, प्लेटफॉर्म, मानव रहित हवाई वाहन, ड्रोन, विशेषज्ञ वाहन आदि से लैस करने के उद्देश्य से नियोजित पूंजीगत अधिग्रहणों पर वार्षिक नकद व्यय की आवश्यकता को पूरा करेगा।

# दो लाख करोड़ रुपए से रोजगार के लिए तीन योजनायें शुरू होंगी

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** सरकार ने महिलाओं और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित करने पर मंगलवार को पेश आम बजट में भारतीय अर्थव्यवस्था की गुलाबी तस्वीर दर्शायी है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने केन्द्र में लगातार तीसरी बार बनी कहा कि अंतरिम बजट में, हमने विकसित भारत के हमारे लक्ष्य के लिए एक विस्तृत रोडमैप प्रस्तुत करने का वादा किया था। अंतरिम बजट में निर्धारित कार्यनीति के अनुरूप, इस बजट में सभी के लिए भरपूर अवसर का सृजन करने के लिए नौ प्राथमिकताओं के संबंध में सतत प्रयासों की परिकल्पना की गई है सीतारमण ने कहा कि अगले पांच वर्ष के लिए प्रधानमंत्री पैकेज में दो लाख करोड़ रुपए के आवंटन से रोजगार के लिए तीन योजनायें शुरू होंगी। इनसे तीन करोड़ युवाओं को लाभ मिलेगा। इनमें तीन योजनाओं को कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के माध्यम से लागू किया जाएगा। ईपीएफओ में पहली बार पंजीकृत कर्मचारियों को एक माह के वेतन का 15 हजार रुपए तक की तीन किस्तों में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण दिया जाएगा। विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार पाने के पहले चार वर्षों में उनके ईपीएफओ योगदान के अनुसार कर्मचारी और नियोक्ता दोनों को प्रत्यक्ष प्रोत्साहन उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अलावा नियोक्ताओं को प्रत्येक अतिरिक्त कर्मचारी के लिए दो वर्ष तक उनके प्रतिमाह तीन हजार रुपए तक के ईपीएफओ योगदान की प्रतिपूर्ति की जाएगी।

वित्त मंत्री ने कहा कि योजना में सभी औपचारिक क्षेत्रों में नये कामगार के रूप में शामिल होने

- **ईपीएफओ में पहली बार पंजीकृत कर्मचारियों को एक माह के वेतन का 15 हजार रुपए दिया जायेगा**
- **उच्च शिक्षा के लिए 10 लाख रुपये तक मिलेगा लोन**
- **कामकाजी महिलाओं के छोटे बच्चों के लिए बनेगा क्रेच**
- **कृषि एवं संबंधित क्षेत्रों के 1.52 लाख करोड़ रुपए**

वाले सभी नवनियुक्त व्यक्तियों को एक महीने का वेतन दिया जाएगा। ईपीएफओ में पंजीकृत पहली बार रोजगार पाने वाले कर्मचारियों को एक महीने के वेतन का प्रत्यक्ष लाभ अंतरण तीन किस्तों में किया जाएगा, जो अधिकतम 15,000 रुपये होगा। इस योजना के अंतर्गत पात्रता सीमा एक लाख रुपये का मासिक वेतन होगा। उन्होंने कहा कि इस योजना से 2.10 लाख युवाओं के लाभान्वित होने की आशा है। उन्होंने कहा कि योजना में विनिर्माण क्षेत्र में अतिरिक्त रोजगार को प्रोत्साहन दिया जाएगा, जो पहली बार रोजगार पाने वालों के रोजगार से जुड़ा है। सीधे कर्मचारी और नियोक्ता, दोनों को रोजगार के पहले चार वर्षों में ईपीएफओ में उनके अंशदान के संबंध में एक प्रोत्साहन दिया जाएगा। शिक्षा ऋण पर उन्होंने कहा कि सरकार घरेलू संस्थानों में उच्च शिक्षा के लिए 10 लाख रुपये तक के ऋण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करेगी। वित्त मंत्री ने कहा कि आगामी बजटों को इनके आधार पर तैयार किया जाएगा और नई प्राथमिकताओं एवं कार्यों को शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बजट में कृषि एवं संबंधित क्षेत्रों के 1.52 लाख करोड़ रुपए के आवंटन का प्रस्ताव किया गया है। बजट में रोजगार सृजन, कौशल



### शीर्ष कंपनियों में इंटर्नशिप के अवसर

सरकार शीर्ष कंपनियों में इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करने के लिए एक व्यापक योजना शुरू करेगी। सीतारमण ने घोषणा की कि यह योजना 500 शीर्ष कंपनियों में 5 वर्षों में 1 करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि इससे रियल-लाइफ व्यवसाय वातावरण, विभिन्न व्यवसायों और रोजगार के अवसरों के लिए 12 महीनों का अनुभव मिलेगा। वित्त मंत्री ने कहा कि इस योजना में युवाओं को 5,000 प्रतिमाह का इंटर्नशिप भत्ता और 6,000 की एकबारगी सहायता दी जाएगी। कम्पनियों से अपेक्षा है कि वे अपनी सीएसआर निधियों से प्रशिक्षण लागत और इंटर्नशिप लागत का 10 प्रतिशत वहन करेंगी।

विकास और अन्य अवसरों के लिए दो लाख करोड़ रुपए के आवंटन का प्रस्ताव किया गया है। वित्त मंत्री ने देश की आधी आबादी (महिलाओं) के लिए खास सौगात देते हुये बजट में महिलाओं पर विशेष फोकस किया है और महिलाओं के विकास के लिए केंद्र सरकार ने बजट में तीन लाख करोड़ का आवंटन किया है। केंद्र सरकार ने 20 लाख युवतियों को कौशलयुक्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

सरकार ने पहली बार नौकरी करने वाले युवाओं और महिलाओं को पीएफ में एक महीने का वेतन देने का एलान किया है। कामकाजी महिलाओं को नौकरी के दौरान किसी भी प्रकार की बाधा ना हो, इसके लिए केंद्र सरकार ने कार्यस्थल पर छोटे बच्चों की देखभाल के लिए क्रेच बनाने की योजना पर विशेष जोर देने का ऐलान किया है। वित्त मंत्री ने कहा कि नियोक्ताओं पर केंद्रित इस योजना में सभी क्षेत्रों में अतिरिक्त रोजगार को शामिल किया जाएगा। एक लाख रुपए प्रतिमाह के वेतन के भीतर सभी अतिरिक्त रोजगारों की गणना की जाएगी। सरकार, प्रत्येक अतिरिक्त कर्मचारी के संबंध में नियोक्ताओं के ईपीएफओ अंशदान के लिए उन्हें दो वर्षों तक 3,000 रुपये प्रतिमाह की प्रतिपूर्ति करेगी। उन्होंने कहा कि इस योजना से 50 लाख व्यक्तियों को अतिरिक्त रोजगार प्रोत्साहन मिलने की आशा है।

# रेलवे को 2.62 लाख करोड़

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** सरकार ने रेलवे के लिए अब तक का सबसे बड़ा बजट दिया है। रेलवे को मजबूत बनाने और नई सुविधाएं लाने के लिए सरकार ने 2,62,200 करोड़ रुपये कैपेक्स के तौर पर दिए हैं। ग्रॉस बजटरी सपोर्ट 2,52,200 करोड़ रुपये है। यह रकम 2023-24 के बजट में 2.40 लाख करोड़ रुपये थी। सरकार का लक्ष्य है कि अमृत भारत एक्सप्रेस जैसी ज्यादा से ज्यादा पैसेंजर ट्रेनें चलाई जाएं। बजट का बड़ा हिस्सा सेफ्टी के लिए जाएगा। 1,08,000 करोड़ से पुराने ट्रैक्स, सिग्नलिंग, कवच, रेल के पुल बनाने में लगेंगे।

इसके साथ ही वंदे मेट्रो और वंदे भारत स्लीपर ट्रेनें भी जल्द ही पटरियों पर दौड़ती नजर आएंगी। वंदे मेट्रो कम दूरी के सफर के लिए होगी, जबकि वंदे भारत स्लीपर लंबी दूरी और रात की यात्रा के लिए होगी। इस बजट में स्वदेशी तकनीक से बने कवच सिस्टम पर भी जोर दिया गया है, जो ट्रेनों की सुरक्षा को और मजबूत करेगा। आर्थिक सर्वे 2023-24 के मुताबिक, पिछले पांच सालों में रेलवे पर पूंजीगत व्यय में 77 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। वित्तीय वर्ष 2019-20 में जहां यह खर्च 1.48 लाख करोड़ रुपये था, वहीं 2023-24 में बढ़कर 2.62 लाख करोड़ रुपये हो गया है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि साल 2023-24 में करीब 673 करोड़ यात्रियों ने ट्रेन में सफर किया, जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में लगभग 5.2 फीसदी अधिक है। देश के 6,108 रेलवे स्टेशनों पर वाई-फाई की सुविधा शुरू की गई है। इससे यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच के डिजिटल अंतर को कम करने में मदद मिलेगी।

पिछले 10 वर्षों में रेलवे ने



- **बजट का बड़ा हिस्सा सेफ्टी पर होगा खर्च**
- **2500 जनरल कोच का होगा निर्माण : वैष्णव**

31,180 ट्रैक किलोमीटर चालू किए। ट्रैक बिछाने की गति 2014-15 में 4 किमी प्रति दिन से बढ़कर 2023-24 में 14.54 किमी प्रति दिन हो गई। 2014-2024 के दौरान रेलवे ने 41,000 रूट किलोमीटर (आरकेएम) का विद्युतीकरण किया है। जबकि 2014 तक केवल 21,413 रूट किलोमीटर का विद्युतीकरण किया गया था। क्षमता वृद्धि, उच्च घनत्व नेटवर्क की भीड़ कम करना, देश में लॉजिस्टिक लागत में कमी लाना, यात्री अनुभव और उनकी सुरक्षा को बढ़ाना सरकार के लिए प्राथमिकता वाले क्षेत्र हैं। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि बजट से रेलवे को बूस्ट मिला है। रेलवे लो इनकम मिडिल क्लास की सवारी है। अभी जनरल ट्रेवल की डिमांड बढ़ी है। 700 करोड़ लोगो ने रेल से ट्रेवल किया है। चालू वित्त वर्ष में 2500 जनरल कोच के निर्माण का फैसला लिया गया। बाद में 10000 कोच का निर्णय लिया गया बजट में इसका सैंक्शन हुआ। कवच 4. 0 का भी अप्रूवल हुआ है। यूपीए सरकार के दौरान 4,11,000 रेलवे नौकरियां दी गईं। मोदी सरकार ने 20% ज?यादा 5,00,000 नौकरियां रेल में दी। रेलवे में जॉब का एनुअल कैलेंडर बना है। इस वर्ष करीब 39,000 रेलवे जॉब दी जाएंगी।

# आम बजट की मुख्य बातें

- कैंसर की तीन दवाओं - ट्रैस्टुजुमैबडेरक्सटेकन, ओसिमर्टिनिब और डुवार्लुमाब - को सीमा शुल्क से पूरी तरह छूट दी गई।
- मोबाइल फोन, मोबाइल सर्किट बोर्ड असेंबली और मोबाइल चार्जर पर सीमा शुल्क घटाकर 15 प्रतिशत किया गया।
- सोने और चांदी पर सीमा शुल्क घटाकर छह और प्लैटिनम पर 6.4 प्रतिशत किया गया।
- प्रतिभूतियों के वायदा एवं विकल्प सौदों पर लगने वाले प्रतिभूति लेनदेन कर को बढ़ाकर क्रमशः 0.02 प्रतिशत और 0.1 प्रतिशत किया गया।
- शेयरों की पुर्नखरीद पर होने वाली आय पर लगेगा टैक्स।
- स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए सभी वर्ग के निवेशकों के लिए एंजल कर समाप्त कर दिया गया।
- विदेशी कंपनियों पर कॉरपोरेट कर की दर 40 से घटाकर 35 प्रतिशत करने का प्रस्ताव।
- अपील में लंबित आयकर विवादों के समाधान के लिए 'विवाद से विश्वास' योजना, 2024 लाई जाएगी।
- कर न्यायाधिकरणों, उच्च न्यायालयों और सर्वोच्च न्यायालय में प्रत्यक्ष कर, उत्पाद शुल्क और सेवा कर से संबंधित अपील दायर करने की मौद्रिक सीमा बढ़ाकर क्रमशः 60 लाख रुपये, दो करोड़ रुपये और पांच करोड़ रुपये करने का प्रस्ताव।
- सभी वित्तीय और गैर-वित्तीय परिसंपत्तियों पर दीर्घकालिक लाभ पर 12.5 प्रतिशत कर।
- सूचीबद्ध शेयरों से हुए 1.25 लाख रुपये तक के दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ को कर छूट दी गई है।
- ई-कॉमर्स कंपनियों पर टीडीएस की दर एक से घटाकर 0.1 प्रतिशत की गई।
- विवरण दाखिल करने की नियत तिथि तक टीडीएस के भुगतान में देरी को अपराध की श्रेणी से मुक्त किया गया।
- आयकर आकलन को तीन साल से पांच साल तक दोबारा खोला जा सकता है। हालांकि यह उसी समय होगा जब बची हुई आय 50 लाख रुपये या उससे अधिक हो।
- जीएसटी को सरल और युक्तिसंगत बनाया जाएगा ताकि बाकी क्षेत्रों तक इसका विस्तार किया जा सके।
- राजकोषीय घाटा वित्त वर्ष 2024-25 में जीडीपी का 4.9 प्रतिशत रहने का अनुमान, अगले साल 4.5 प्रतिशत से कम रहने का अनुमान।



- बजट में विनिर्माण एवं सेवाओं सहित नौ प्राथमिकता वाले क्षेत्रों और विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए अगली पीढ़ी के सुधारों की रूपरेखा दी गई।
- बजट में रोजगार, कौशल विकास, एमएसएमई, मध्यम वर्ग पर ध्यान केंद्रित किया गया।
- कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के लिए 1.52 लाख करोड़ रुपये आवंटित।
- वित्त वर्ष 2024-25 का पूंजीगत व्यय 11.11 लाख करोड़ रुपये निर्धारित।
- बिहार में कुछ सिंचाई और बाढ़ रोकथाम परियोजनाओं के लिए 11,500 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता।
- बहुपक्षीय विकास एजेंसियों के माध्यम से आंध्र प्रदेश को 15,000 करोड़ रुपये की विशेष वित्तीय सहायता।

### भारी गिरावट के बाद संभला शेयर बाजार

**मुंबई।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के संसद में मंगलवार को बजट में कैपिटल गेन टैक्स के तहत लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन को 2.50 प्रतिशत से बढ़ाकर 12 प्रतिशत करने के प्रस्ताव के बाद सेंसेक्स करीब 1200 अंक टूट गया लेकिन कृषि और उपभोक्ता क्षेत्र को समर्थन की घोषणा से बाजार में धीरे-धीरे रिकवरी होने लगी। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक 117.89 अंक गिरकर 80,384.19 अंक पर कारोबार कर रह है जबकि दोपहर में करीब 1200 अंक लुढ़ककर 79,224.32 अंक के निचले स्तर तक आ गया था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी कारोबार के दौरान 24,074 अंक तक फिसल गया था लेकिन बाद में रिकवरी करता हुआ अभी 25.95 अंक की मामूली गिरावट के साथ 24,483.30 अंक पर कारोबार कर रहा है।

VERMA PRESS ®

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi - B | ₹ 140 | Hindi - B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran-II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran-II | ₹ 120 |
| English Grammar - II | ₹ 120 | English Grammar - II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!